छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
जुलाई, 2024 सत्र

गुरुवार, दिनांक 25 जुलाई, 2024

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

जिला-सरगुजा में उपलब्ध मशीनरी से किसानों को प्रदत्त सुविधा

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

1. (*क्र. 899) श्री प्रबोध मिंज : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** संभागीय कार्यालय, कृषि, जिला-सरगुजा में शासन द्वारा वर्ष 2021-22 से 2023-24 एवं 2024-25 में जून, 2024 तक कितनी एवं कौन-कौन सी मशीनरी कार्य हेतु उपलब्ध कराई गई है? जानकारी उपलब्ध कराएं? **(ख)** वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक शासन द्वारा उपल्ब्ध कराई गई मशीनरी की कितने किसानों को सुविधा प्रदान की गई? जानकारी उपलब्ध कराएं? **(ग)** उक्त विभाग के अधिकारियों को किस-किस मद में, कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान करने का अधिकार है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) संभागीय कृषि यंत्री कार्यालय, बिलासपुर (सरगुजा संभाग समाहित) के अंतर्गत कार्यालय सहायक कृषि यंत्री, अंबिकापुर जिला सरगुजा को वर्ष 2021-22 से 2024-25 में जून, 2024 तक राज्य शासन द्वारा कृषि कार्य हेतु दो मशीनरी (1 डायरेक्ट राईस सीडर एवं 1 मल्टीक्राप प्लांटर) उपलब्ध कराई गई है। **(ख)** उपलब्ध मशीनो से वर्ष 2021-22 से जून 2024 तक 83 कृषकों को कस्टम हायरिंग की सुविधा प्रदान की गई है। **(ग)** छ.ग. वित्तीय अधिकार पुस्तिका भाग-2 1995 के तहत् कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रदत्त वित्तीय अधिकारों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]**

कोण्डागांव जिलांतर्गत सोलर लाईट का क्रय

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

2. (*क्र. 496) सुश्री लता उसेंडी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोण्डागांव जिले में प्रधानमंत्री आर्दश ग्राम योजना व अन्य योजनांतर्गत जनपद एवं ग्राम पंचायतों में वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक कुल कितने सोलर लाईट हेतु क्रय आदेश किसके द्वारा, किसको, कितनी राशि के, किस दर पर एवं कब दिये गए हैं तथा इन्हें कब तक लगाया जाना था, कब लगाया गया तथा गुणवत्ता की जांच कब व किसके द्वारा की गई? इस हेतु कितना भुगतान, किसको कब एवं किसके द्वारा किया गया व कितना भुगतान शेष है? **(ख)** प्रश्नांश (क) अनुसार कार्यो हेतु कब, किसके द्वारा व क्या शिकायत की गई ? उसकी जांच कब व किसके द्वारा की गई तथा जांच के प्रमुख निष्कर्ष क्या थें तथा दोषी कौन पाया गया एवं दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** क्या यह सही है कि इस संबंध में विभागीय जांच भी की गई और इसमें तत्कालीन अधिकारी दोषी पाए गए? यदि हॉ तो उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई? क्या यह सही है कि उक्त अवधि में जैम पोर्टल से क्रय प्रतिबंधित होने के बाद भी जैम पोर्टल से खरीदी की गई? यदि हॉ तो कब व कितनी राशि की खरीदी जैम पोर्टल से किसके द्वारा की गई व दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) कोण्डागांव जिले में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत सोलर लाईट का क्रय नहीं किया गया है। अन्य योजनाओं के अंतर्गत जनपद व ग्राम पंचायतों में वर्ष 2021-22 से जून 2024 तक क्रय की गई सोलर लाईट के क्रय आदेश, राशि, दर, स्थापित किये जाने का दिनांक, गुणवत्ता की जांच, राशि का भुगतान, भुगतान प्राप्तकर्ता तथा भुगतान हेतु शेष राशि आदि का विवरण **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार कार्यों के संबंध में की गई शिकायत, उसकी जांच, जांचकर्ता अधिकारी,जांच के प्रमुख निष्कर्ष तथा दोषी पाये जाने की स्थिति में की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** अनुसार है।**(ग)** यह सही नहीं है कि इस संबध में विभागीय जांच भी की गई और इसमें तत्कालीन अधिकारी दोषी पाए गए बल्कि सही यह है कि प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत स्वीकृत स्ट्रीट लाईट की स्थापना संबंधी कार्यों के क्रियान्वयन की प्रारम्भिक जांच में तत्कालीन प्रभारी परियोजना प्रशासक श्री संकल्प साहू शासन निर्देशों का पालन किया जाना न पाए जाने के कारण निलंबित किया जाकर आरोप पत्र जारी किया गया है। विभागीय जांच संस्थित नहीं की गई है। यह कहना भी सही नहीं है कि उक्त अवधि में जेम पोर्टल से क्रय प्रतिबंधित होने के बाद भी जेम पोर्टल से खरीदी की गई। बल्कि सही यह है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जेम पोर्टल से सामग्री की खरीदी प्रतिबंधित नहीं है। इस स्तर से राज्य स्तरीय समिति गठित की जाकर जांच की कार्यवाही की जा रही है।

न्यू जनरेशन वाटरशेड डेव्हलपमेंट प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

3. (*क्र. 704) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** न्यू जनरेशन वाटरशेड डेव्हलपमेंट प्रोजेक्ट अंतर्गत राज्य कार्यालय स्टेट लेवल नोडल एजेंसी द्वारा जिलों में कितनी राशि डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने हेतु आबंटन की गयी हैं? क्या जिलों में डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट की राशि प्रावधानिक राशि से कम दी गई हैं? हां तो राज्य कार्यालय द्वारा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट मद की राशि किस-किस तरह व्यय की जा रही है? राज्य कार्यालय द्वारा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट की राशि का किन-किन एजेंसीयों को विगत तीन वर्ष से जून, 2024 तक में कब-कब भुगतान किया गया हैं, मदवार, एजेंसीवार, विकासखंडवार, जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या स्टेट लेवल नोडल एजेंसी द्वारा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट मद की राशि को राज्य कार्यालय द्वारा व्यय किया जा सकता हैं? यदि हां तो किये गये व्यय की जिलेवार, वर्षवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) न्यू जनरेशन वाटरशेड डेव्हलपमेंट प्रोजेक्ट अंतर्गत राज्य कार्यालय स्टेट लेवल नोडल एजेंसी द्वारा जिलों को डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने हेतु प्रति परियोजना 04.00 लाख की दर से कुल 45 परियोजना हेतु राशि रू. 180.00 लाख आबंटन किया गया। हॉ, डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट हेतु प्रावधानित राशि से कम दी गई है। राज्य कार्यालय द्वारा डिटेल प्रोजेक्ट मद की राशि का व्यय ई-डीपीआर साफ्टवेयर के माध्यम से परियोजना के डीपीआर तैयार करने एवं परियोजना के मानचित्र तैयार करने के लिए किया गया है। राज्य कार्यालय द्वारा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट हेतु दिनांक 02.08.2022 को राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एन.आई.आर.डी.पी.आर.), भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, हैदराबाद को रू. 8.85 लाख एवं दिनांक 27.04.2022 तथा 13.06.2023 को छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सी.जी. कास्ट) रायपुर को रू. 26.30 लाख का भुगतान किया गया है। मदवार, एजेंसीवार, विकासखंडवार, जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** जी हॉ, स्टेट लेवल नोडल एजेंसी द्वारा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट मद की राशि को राज्य कार्यालय द्वारा व्यय किया जा सकता है। भारत सरकार, भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी गाईड लाईन 2021 (बिंदु क्रमांक 7.1.6 एवं 9.3.3.-सी) अंतर्गत परियोजनाओं के डीपीआर निर्माण हेतु राज्य स्तर से तकनीकी सहयोग एवं जीआईएस आधारित प्लानिंग किये जाने का प्रावधान है। जिलेवार, वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

बेलतरा वि.स. क्षेत्र में रजिस्ट्री (पंजीयन) हेतु प्राप्त आवेदनों का निराकरण

[वाणिज्यिक कर]

4. (*क्र. 779) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंजीयन कार्यालय (पंजीयन एवं मुद्रांक) में वित्तीय वर्ष 2021-22 से 30.6.2024 तक रजिस्ट्री हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए? कितने आवेदनों का निराकरण किया गया? कितने लम्बित हैं? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में गलत रजिस्ट्री, रजिस्ट्री में अनियमितता, रजिस्ट्री रोकने हेतु कितनी शिकायतें/आवेदन प्राप्त हुए? प्राप्त शिकायतों/आवेदनों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) बेलतरा विधानसभा अंतर्गत पंजीयन कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2021-22 से 30.06.2024 तक कुल 23,623 दस्तावेजों का पंजीयन किया गया है। समस्त आवेदनों का निराकरण किया गया है, कोई भी अवेदन लंबित नहीं है।वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है –

वर्ष	प्राप्त आवेदन	निराकृत आवेदन	लंबित आवेदन
2021-22	7389	7389	0
2022-23	6863	6863	0
2023-24	7424	7424	0
2024-25 (30.06.2024)	1947	1947	0
योग -	23623	23623	0

(ख) निरंक

जिला सक्ती में डोलोमाईट उत्खनन तथा शर्तों का पालन

[आवास एवं पर्यावरण]

5. (*क्र. 700) डॉ. चरण दास महंत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सक्ती में विगत 05 वर्ष में डोलोमाईट उत्खनन के लिए पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कब-कब/कहां-कहां पर, किसको-किसको, सम्मतियां/अनुमतियां दी गई? उत्पादन क्षमता खसरा नंबर, रकबा एवं भू-स्वामित्व सहित सम्पूर्ण जानकारी देवें? यदि नवीनीकरण किया गया हो तो उसका विवरण भी बताएं? क्या कोई वैधानिक स्वीकृति/अनुमोदन शेष भी है? यदि हां तो क्या-क्या और क्यों? **(ख)** क्या उक्त क्षेत्र में संचालित समस्त खदानों में नियमों, निबंधनों तथा शर्तो का पालन किया जा रहा है? यदि हां तो वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 में किस-किस अधिकारी द्वारा कब-कब निरीक्षण किया गया? निरीक्षण तिथि एवं अधिकारी का नाम, पदनाम सहित जानकारी देवें? निरीक्षण में क्या-क्या कमियां/त्रुटियां पाई गई तथा क्या-क्या कार्यवाहियां की गई?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र–अ अनुसार है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(ख)** जी हां। सभी संचालित खदानों द्वारा जल एवं वायु सम्मति में निहित शर्तों का पालन किया जा रहा है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र–ब अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

कमल विहार बोरिया खुर्द गजराज तालाब के आस पास की भूमि का प्लान

[आवास एवं पर्यावरण]

6. (*क्र. 672) श्री राजेश मूणत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर विकास प्राधिकरण की कमल विहार योजना के तहत बोरिया खुर्द स्थित गजराज तालाब के आस पास की भूमि का मास्टर प्लान में क्या उपयोग दर्शाया गया था तथा प्राधिकरण ने इसके आस पास की भूमि में क्या प्रोजेक्ट विकसित करने का प्लान रखा था? **(ख)** क्या इस भूमि को विक्रय/लीज पर देने हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी? यदि हां, तो कब और इसमें अद्यतन स्थिति क्या है? पूर्ण विवरण देवें। **(ग)** क्या इस भूमि के

उपयोग को लेकर रायपुर विकास प्राधिकरण तथा न्यूनतम निविदाकार के बीच मतभेद उत्पन्न हो गये हैं तथा प्रकरण आरबिट्रेशन में है? यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थित क्या है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) रायपुर विकास प्राधिकरण की कमल विहार योजना के तहत बोरिया खुर्द स्थित गजराज तालाब के आस-पास की भूमि का रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2021 में भू-उपयोग आमोद-प्रमोद प्रयोजन अंतर्गत क्षेत्रीय उद्यान हेतु दर्शाया गया था/प्रस्तावित था तथा प्राधिकरण द्वारा उक्त भूमि में नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 अंतर्गत एवं कमल विहार योजना के स्वीकृत लेआउट के अनुसार स्वीकार्य योग्य प्रोजेक्ट विकसित करने का प्लान रखा गया हैं।**(ख)** जी, हां। भूमि के विक्रय हेतु ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 03.02.2023 को आमंत्रित की गई थी। न्यूनतम निविदाकार को आवंटन आदेश दिनांक 12.04.2023 को जारी किया गया था। निविदा की शर्तों के अनुसार निविदाकार को 05 माह के भीतर प्रथम किश्त की जारी जमा करते हुए अनुबंध निष्पादित किया जाना था, किन्तु निविदाकार द्वारा समयसीमा पर अनुबंध निष्पादित नहीं किया गया। निविदाकार द्वारा कमर्शियल कोर्ट में याचिका दायर की गई। कोर्ट द्वारा प्रकरण का निपटारा आरबिट्रेशन के माध्यम से किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। वर्तमान में आरबिट्रेशन की प्रक्रिया जारी हैं।**(ग)** जी, हां। प्रकरण आरबिट्रेशन में हैं। वर्तमान में आरबिट्रेशन की प्रक्रिया जारी हैं। डेवलपर द्वारा क्लेम जमा किया जा चुका हैं, जिसके संबंध में प्राधिकरण का जवाब प्रस्तुत किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

आदिवासियों को रोजगार दिए जाने संबंधी योजनाओं मे कार्यो के चयन एवं राशि आबंटन की प्रक्रिया

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

7. (*क्र. 729) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आदिवासी बाहुल्य बस्तियों के अधोसंरचना विकास एवं आदिवासियों के रोजगार से संबंधित कौन-कौन से मद की कौन-कौन सी योजना वर्तमान में लागू है? उस योजना के तहत कार्यों के चयन एवं राशि आबंटन की क्या प्रक्रिया है? **(ख)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी बाहुल्य कौन-कौन से ग्राम हैं? उन ग्रामों में गत तीन वर्षों में किस-किस कार्य पर कितनी-कितनी राशि खर्च की गई ? कितनी राशि का कौन-कौन सा कार्य लंबित है? **(ग)** किस-किस आदिवासी बाहुल्य ग्राम में आवागमन के लिए सड़क, पेयजल एवं बिजली की समस्या है? **(घ)** मार्ग निर्माण, पेयजल की व्यवस्था एवं बिजली की व्यवस्था हेतु शासन क्या कदम उठा रहा है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नाश ''ख'' के उत्तर के उत्तर में उल्लेखित आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में सड़क, पेयजल एवं बिजली की समस्या नहीं है। **(घ)** चूंकि प्रश्नांकित आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में सड़क, पेयजल एवं बिजली की समस्या नहीं है, अतः उक्त व्यवस्था हेतु कदम उठाए जाने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कृषकों हेतु स्वीकृत ट्रैक्टर

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

8. (*क्र. 831) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत तीन वित्तीय वर्षों एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 30 जून, 2024 तक किस योजना के तहत, कितने हितग्राही कृषकों को अनुदान पर ट्रैक्टर स्वीकृत किये गये? क्या कृषकों की अंशराशि (अनुदान) एवं कृषकों की संख्या निर्धारित की गई है? यदि हां, तो कितनी राशि एवं संख्या निर्धारित है? वर्षवार, विकासखण्डवार, जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अंतर्गत कितने किसानों द्वारा ट्रैक्टर हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया? कितने स्वीकृत एवं कितने अस्वीकृत किये गये?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंडरिया,

सहसपुर लोहारा एवं कवर्धा विकासखण्डों में विगत तीन वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 30.06.2024 तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 624 हितग्राहियों/कृषक समूहों को अनुदान पर ट्रैक्टर स्वीकृत किये गये, वर्षवार, विकासखण्डवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना के कंपोनेंट क्रमांक-3, 4 एवं 6 में कृषक वर्गवार निर्धारित अनुदान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्षवार स्वीकृत कार्ययोजना के अंतर्गत कृषक/कृषक समूहों हेतु कंपोनेंट 4 एवं 6 में जिलेवार भौतिक/वित्तीय लक्ष्यों का निर्धारण किया जाता है, तथा कंपोनेंट 3 में जिलेवार केवल भौतिक लक्ष्यों का निर्धारण किया जाता है न की विकासखण्डवार। निर्धारित लक्ष्यों के अधीन पहले आओ पहले पाओ के सिद्वांत पर कृषकों को लाभांवित किया जाता है। वर्षवार, जिलेवार निर्धारित लक्ष्य की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-स अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत ट्रैक्टर हेतु कृषकों/कृषक समूहों द्वारा प्रस्तुत आवेदन स्वीकृत आवेदन एवं अस्वीकृत/निरस्त आवेदनों की वर्षवार, विकासखण्डवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-द अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

कृषि विभाग द्वारा कृषकों को ट्रेक्टर प्रदाय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

9. (*क्र. 840) श्री किरण देव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में विगत तीन वित्तीय वर्षो एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 30 जून, 2024 तक किस योजना के तहत कितने हितग्राहियों द्वारा योजना के तहत् ट्रेक्टर हेतु ऑनलाईन/ऑफलाईन आवेदन किये गये हैं? कितने कृषकों को अनुदान पर ट्रेक्टर स्वीकृत किये गये? वर्षवार, जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या कृषकों की अंशराशि (अनुदान) राशि एवं कृषकों की संख्या प्रतिवर्ष निर्धारित रहती है? यदि हां, तो कितनी राशि एवं संख्या निर्धारित है? वर्षवार, जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में विगत तीन वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 30 जून, 2024 तक संचालनालय कृषि अंतर्गत कुल 33,727 हितग्राहियों /कृषक समूहों द्वारा कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना अंतर्गत ट्रेक्टर क्रय हेतु ऑनलाईन/आफलाईन आवेदन दिए गए है। कृषकों/कृषक समूहों द्वारा ट्रेक्टर क्रय हेतु प्रस्तुत आवेदन, स्वीकृत प्रकरण एवं लाभांवित हितग्राहियों/ कृषक समूहों की वर्षवार, जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि में राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत 5 हितग्राहियों द्वारा ट्रेक्टर क्रय हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। सभी 5 आवेदनो पर अनुदान की स्वीकृति दी गई। वर्षवार**,** जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ख)** भारत सरकार द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना अनुसार कृषकवार/कृषक समूहों हेतु लक्ष्य निर्धारित किये जाते है, जो प्रत्येक वित्तीय वर्ष हेतु पृथक-पृथक होते है। अनुदान एवं कृषक अंश राशि योजना के प्रावधान अनुसार तय रहती है। प्रश्नांश 'क' अनुसार संचालनालय कृषि अंतर्गत संचालित कृषि यांत्रिकीकरण सबमिशन योजना के कंपोनेंट क्रमांक-3, 4 एवं 6 में कृषकवार/वर्गवार निर्धारित अनुदान का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार** है। कंपोनेंट 4 एवं 6 में भौतिक/वित्तीय लक्ष्यों का निर्धारण किया जाता है, तथा कंपोनेंट 3 में जिलेवार केवल भौतिक लक्ष्यों का निर्धारण किया जाता है। निर्धारित लक्ष्यों का जिलेवार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-**द **अनुसार** है। संचालनालय उद्यानिकी द्वारा संचालित राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत ट्रेक्टर (20 पीटीओ हॉर्स पॉवर से कम क्षमता वाले ट्रेक्टर पर इकाई लागत 3.00 लाख पर सामान्य वर्ग के कृषको को रू. 0.75 लाख एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला वर्ग के कृषकों को रू 1.00 लाख अनुदान का प्रावधान है।

बालको संयंत्र में नियमों के उल्लघंन की जांच

[आवास एवं पर्यावरण]

10. (*क्र. 573) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह सही है कि दिनांक 28.02.2024 को बालको संयंत्र में नियमों का उल्लघंन संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना में माननीय आवास एवं पर्यावरण मंत्री जी द्वारा घोषणा की गई थी कि ''मै विभागीय रूप से इस प्रकरण में जांच भी कराऊंगा''? यदि हॉ तो किसके द्वारा जांच की जा रही है? समिति में कौन-कौन सदस्य हैं? जांच के क्या-क्या बिन्दु हैं? समिति की बैठकें कब-कब हुई हैं एवं समिति द्वारा कब-कब निरीक्षण किया गया है? समिति/जांच अधिकारी के द्वारा क्या निष्कर्ष प्रस्तुत किये गए हैं? जांच में क्या अनियमिताएं पाई गई हैं एवं इसके लिये दोषी कौन हैं तथा क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो जांच कब तक पूर्ण हो जावेगी?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : जी हां। माननीय आवास एवं पर्यावरण मंत्री जी द्वारा की गयी घोषणा के पालन में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के पत्र दिनांक 12.04.2024 के माध्यम से मेसर्स बालको कोरबा के ताप विद्युत संयंत्रों से उत्पन्न राख के भण्डारण, परिवहन एवं अपवहन की जांच हेतु 03 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। गठित समिति के सदस्य (1) अनूप कुमार बेहरे अधीक्षण अभियंता, मुख्यालय, छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर, (2) आर.के.शर्मा, अधीक्षण अभियंता, मुख्यालय, छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर एवं प्रमेन्द्र शेखर पाण्डेय, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल कोरबा है। समिति द्वारा बालको के ताप विद्युत संयंत्र से उत्पन्न राख के भण्डारण, परिवहन एवं अपवहन के बिन्दुओं पर जांच की गयी है। उक्त समिति के द्वारा पृथक से बैठक नहीं की गयी है, अपितु मेसर्स बालको के विद्युत संयंत्रों, राखड़बांध एवं फ्लाई ऐश भराव स्थलों का निरीक्षण दिनांक 01.05.2024 एवं 02.05.2024 को किया गया। निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित कमियॉ पायी गयी:- (1) ऐश संग्रहण सायलो एरिया के आस-पास अत्यधिक मात्रा में ऐश का जमाव होना पाया गया। (2) ऐश डाइक मार्ग पर लगभग 20-30 टन राखड़ के 02 ढेर पाये गये, जिस पर मिट्टी की परत नहीं बिछायी गयी थी। (3) ऐश डाइक के पॉण्ड 02 एवं 06 में पर्याप्त जल छिड़काव व्यवस्था नहीं पायी गयी। (4) निरीक्षण के दौरान 02 वाहनों द्वारा उचित ढंग से तारपोलिन बांधे बिना परिवहन किया जाना पाया गया। (5) ग्राम-बरबसपुर स्थित स्थल पर ऐश के माध्यम से भू-भराव के उपरांत मिट्टी की परत बिछाने का कार्य प्रगति पर होना पाया गया, परन्तु पर्याप्त् जल छिड़काव व्यवस्था नहीं पायी गयी, जिसके कारण राख उड़ती हुई पायी गयी। उपरोक्तानुसार पायी गयी कमियों के संबंध में समिति द्वारा उद्योग प्रबंधन के विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित करने / विधिसम्मत कार्यवाही की अनुशंसा की गई। तत्पश्चात उद्योग के ताप विद्युत संयंत्र को वायु (प्रदुषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 31 'क' के तहत नोटिस जारी किया गया एवं पाये गये उल्लंघन हेतु पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि जमा किया जाने बाबत निर्देशित किया गया। उद्योग प्रबंधन के द्वारा समाधान कारक कार्यवाही किये जाने की जानकारी दी गयी एवं कुल 1429500/- रूपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि मंडल मुख्यालय में जमा किया गया है। उपरोक्त की पुष्टि हेतु दिनांक 10.06.2024 को उद्योग के निरीक्षण के दौरान उद्योग प्रबंधन द्वारा समाधान कारक कार्यवाही किया जाना पाया गया। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र में स्थापित कोल वाशरी, उद्योग एवं कोल यूनिट

[आवास एवं पर्यावरण]

11. (*क्र. 581) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने उद्योग, कोल वाशरी एवं कोल युनिट स्थापित हैं, जिन्हें पर्यावरण संरक्षण मण्डल की अनुमति की आवश्यकता होती है? पर्यावरण संरक्षण मण्डल के द्वारा 01/01/2022 से जून, 2024 तक किन-किन उद्योगों/कोल वाशरियों/कोल यूनिट के निरीक्षण में पर्यावरण संरक्षण मण्डल के नियमों/बिन्दुओं का उल्लंघन पाया गया एवं उस पर क्या कार्यवाही की गई? वर्षवार, उद्योगवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश (क) में पूछे गए अवधि में ग्राम पाराघाट, तहसील-मस्तुरी, जिला बिलासपुर में स्थापित राशि स्टील एण्ड पॉवर व कोल वाशरी के विरूद्ध उद्योग से निकलने वाले दूषित जल को लीलागर नदी में छोड़ने, निर्धारित ग्रीन बेल्ट की स्थापना नहीं करने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? उद्योग का विगत दो वर्षों

में कितनी बार निरीक्षण किया गया? निरीक्षण मे कौन-कौन से बिन्दु पर्यावरण संरक्षण के नियमों के विपरीत पाये गये? उस पर क्या कार्यवाही की गई? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) :(क) मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 05 कोल वाशरी, 06 कोल यूनिट एवं 93 अन्य उद्योग स्थापित हैं। उक्त सभी उद्योगों/कोल वाशरी/कोल यूनिट को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत् सम्मति प्रदान की गई है। दिनांक 01/01/2022 से जून 2024 तक की अवधि में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षणों में पाये गये उल्लंघन कारी उद्योगों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है।**(ख)**जी हाँ। प्रश्नाधीन अवधि में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में ग्राम-पाराघाट, तहसील-मस्तुरी, जिला-बिलासपुर में स्थापित राशि स्टील एण्ड पॉवर व कोल वाशरी के विरूद्ध उद्योग से निकलने वाले दूषित जल को लीलागर नदी में छोड़ने की शिकायतें प्राप्त हुई है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। उद्योग का विगत दो वर्षों (अप्रैल 2022 से मार्च 2024 तक) में 06 बार निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षणों में उल्लंघन की स्थिति नहीं पाई गई एवं उद्योग के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई।
[संलग्न "परिशिष्ट - छः"]

प्रदेश में ओ.पी.एस. एवं एन.पी.एस. पेंशन योजना की जानकारी

[वित्त]

12. (*क्र. 731) श्री उमेश पटेल : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए एन.पी.एस. के स्थान पर ओ.पी.एस. पेंशन योजना कब से प्रारंभ की गई है? ओ.पी.एस. पेंशन हेतु क्या प्रावधान किया गया है? कितनी राशि केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को प्राप्त होनी है? **(ख)** प्रश्नांकित दिनांक तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी की पेंशन की गणना किस योजना के तहत की जा रही है? यदि ओ.पी.एस. योजना के तहत गणना की जा रही है तो कौन से तिथि से गणना की जा रही है? **(ग)** वर्तमान में 2005 से पूर्व नियुक्त एवं ओ.पी.एस. लागू होने के पश्चात् ऐसे कर्मचारी, जिनको 2018 में शासकीय सेवक माना गया है, ऐसे कर्मचारियों को ओ.पी.एस. लागू होने के बाद सेवानिवृत्ति पर पेंशन की गणना कब से की जा रही है? **(घ)** कुछ शासकीय कर्मचारी ऐसे हैं, जो विकल्प फार्म में भरते समय किसी कारण से एन.पी.एस. भर दिये हैं, परंतु ओ.पी.एस. योजना का लाभ लेना चाहते हैं, ऐसे कर्मचारियों के लिए क्या कार्ययोजना है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 11 मई 2022 द्वारा शासकीय अधिकारी/कर्मचारी के लिए एन.पी.एस. के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना दिनांक 01.11.2004 से बहाल किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 11 मई 2022 एवं अधिसूचना दिनांक 20 जनवरी 2023 द्वारा ओपीएस पेंशन हेतु प्रावधान किये गये है। जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है। पी.एफ.आर.डी.ए. से कुल राशि रूपये 20160 करोड़ राज्य सरकार को प्राप्त होना है। **(ख)** पुरानी पेंशन योजना के विकल्प का चयन करने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों की पेंशन की गणना छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976/छत्तीसगढ़ (कार्यभारित तथा आकस्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारी) पेंशन नियम, 1979 अनुसार तथा एन.पी.एस. चयन करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों का एन.पी.एस. योजना के प्रावधान अनुसार होता है। पेंशन योग्य नियमित शासकीय स्थापना में पदग्रहण तिथि से गणना की जा रही है। **(ग)** ऐसे कर्मचारी जिनको वर्ष 2018 में शासकीय सेवक माना गया है, उसके पेंशन निर्धारण हेतु सेवा की गणना शासन के पेंशन योग्य स्थापना में नियुक्ति दिनांक से होगी। **(घ)** छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग के अधिसूचना क्रमांक एफ 2016-04-03289/वि/नि/चार, दिनांक 20 जनवरी 2023 के बिन्दु क्रमांक 5(अ) अनुसार शासकीय सेवक के द्वारा एक बार दिया गया विकल्प अंतिम एवं अपरिवर्तनीय होगा।

जिला-बालोद में गन्ना उत्पादन एवं समर्थन मूल्य पर गन्ना खरीदी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

13. (*क्र. 762) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत 03 वर्षों में गन्ना का प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं प्रोत्साहन राशि कितनी-कितनी निर्धारित थी? **(ख)** वितगत 03 वर्षों में जिला-बालोद के किसानों द्वारा कुल कितने क्षेत्रफल पर गन्ने की खेती की गई? कितनी मात्रा में गन्ने का उत्पादन हुआ एवं शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर कितनी-कितनी मात्रा में गन्ने की खरीदी की गई है? वर्षवार, बतावें। **(ग)** विगत 05 वर्षों में समर्थन मूल्य पर गन्ना खरीदी के बदले जिला-बालोद के गन्ना उत्पादक किसानों को भुगतान की गई राशि की जानकारी देवें. समर्थन मूल्य पर गन्ना खरीदी एवं प्रोत्साहन राशि का वर्षवार पृथक-पृथक बतावें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विगत 3 वर्षों (वर्ष 2021-22, वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24) में गन्ना का प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः राशि 275.50 रूपये, 282.125 रूपये तथा 291.975 रूपये एवं प्रोत्साहन राशि रूपये 79.50, 72.875 प्रति क्विंटल निर्धारित थी, वर्ष 2023-24 की प्रोत्साहन राशि निर्धारित नहीं हुई है। **(ख)** विगत 03 वर्षों (वर्ष 2021-22, वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24) में जिला बालोद के किसानों द्वारा की गई गन्ने की खेती का कुल क्षेत्रफल, उत्पादन एवं समर्थन मूल्य पर कारखाना द्वारा खरीदे गये गन्ने की मात्रा की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। **(ग)** विगत 05 वर्षों (वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24) में समर्थन मूल्य पर गन्ना खरीदी के बदले जिला-बालोद के गन्ना उत्पादक कृषकों को राशि रूपये 7214.46 लाख भुगतान की गई है। समर्थन मूल्य पर गन्ना खरीदी एवं प्रोत्साहन राशि का वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ब अनुसार** है। **[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]**

मंडी बोर्ड के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

14. (*क्र. 498) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- बसना विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021 से जून, 2024 तक मंडी बोर्ड में कुल कितनी राशि के निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये हैं? उनमे से कितने पूर्ण तथा कितने अपूर्ण हैं तथा कितनों की स्वीकृति दिया जाना प्रस्तावित/लंबित है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : बसना विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021 से जून, 2024 तक मंडी बोर्ड में राज्य विपणन विकास निधि तथा मंडी समिति निधि से स्वीकृत किये गये निर्माण कार्यों, उनके पूर्णता एवं अपूर्णता की जानकारी क्रमशः **संलग्न प्रपत्र-अ** एवं **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]**

प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में कृषि महाविद्यालय का संचालन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

15. (*क्र. 335) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह सत्य है कि कृषि महाविद्यालय, प्रतापपुर का संचालन अम्बिकापुर में किया जा रहा है, जबकि प्रतापपुर में भवन उपलब्ध करा दिया गया है? क्या उक्त भवन निर्माण के लिए भूमि का भी चयन कर लिया गया है? यदि हां, तो प्रतापपुर में कृषि महाविद्यालय का संचालन कब से प्रारम्भ होगा एवं कृषि महाविद्यालय का भवन कब तक निर्मित हो जायेगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : हां, यह सत्य है कि कृषि महाविद्यालय, प्रतापपुर का संचालन अम्बिकापुर में किया जा रहा है। प्रतापपुर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पुराने शासकीय भवन को हस्तांतरित नहीं किया गया है एवं पुराने शासकीय भवन के मरम्मत में अधिक समय लगने, प्रयोगशाला एवं प्रायोगिकी कार्य के लिए भूमि आबंटित नहीं होने के कारण नवीन कृषि महाविद्यालय,

प्रतापपुर का संचालन कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र अम्बिकापुर में अस्थाई तौर पर किया जा रहा है। प्रतापपुर में उपयुक्त भूमि आबंटन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। भूमि आबंटित होने के उपरांत भवन निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा। भवन निर्माण की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

वि.स. क्षेत्र धरसींवा के उद्योगों को विस्तारीकरण हेतु प्रदत्त अनुमति

[आवास एवं पर्यावरण]

16. (*क्र. 211) श्री अनुज शर्मा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र धरसींवा के सिलतरा में स्थापित किन-किन उद्योगों को वर्ष 2021 से जून, 2024 के मध्य विस्तारीकरण हेतु अनुमति प्रदान की गई है तथा किन-किन उद्योगों के विस्तारीकरण के आवदेन लंबित हैं? **(ख)** क्या मेसर्स जायसवाल निको इण्ड.लिमि. सिलतरा द्वारा विस्तारीकरण हेतु आवेदन किया गया है? यदि हां, तो आवेदन की अद्यतन स्थिति क्या है? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' द्वारा उक्त उद्योग के विस्तारीकरण आवेदन पर अनुमति पूर्व जन-सुनवाई कर प्राप्त आपत्तियों के निराकरण करने की क्या प्रक्रिया है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)विधानसभा क्षेत्र धरसींवा के सिलतरा में स्थापित उद्योगों को वर्ष 2021 से जून, 2024 के मध्य क्षमता विस्तार के लिये छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी स्थापना सम्मति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार** है तथा क्षमता विस्तार के लंबित आवेदनों की सूची की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार** है।**(ख)** जी हाँ। मेसर्स जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सिलतरा के विस्तारीकरण हेतु आवेदन किया गया है, जिनकीं अद्यतन स्थिति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'स' अनुसार** है। **(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र 'द' अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

राज्य के सीमावर्ती जिला बलरामपुर एवं रामानुजगंज में अवैध रूप से पेट्रोल, डीजल तस्करी

[वाणिज्यिक कर]

17. (*क्र. 774) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि जून-जुलाई, 2023 के दौरान जिला बलरामपुर, रामानुजगंज क्षेत्र के सीमावर्ती राज्य उत्तर प्रदेश, झारखंड से डीजल-पेट्रोल की अवैध रूप से तस्करी कर क्षेत्र में विक्रय करने के मामले दर्ज किए गए हैं या इसकी शिकायतें मिली हैं? यदि हां, तो कब और इस पर किस स्तर पर, क्या कार्यवाही की गई हैं? विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** क्या कंडिका "क" के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य को वैट टैक्स का बड़ी मात्रा में नुकसान हुआ है? यदि हां, तो कितना और क्या? क्या दोषियों से वसूली की कार्रवाई की गई हैं? यदि नहीं तो क्यों? विवरण देवें? **(ग)** क्या यह सत्य है कि कंडिका "क" के मामले की शिकायत का ब्यौरा कलेक्टर के माध्यम से विभाग को प्राप्त हुआ हैं? यदि हां, तो कब और क्या? क्या विभाग द्वारा तत्संबंध में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की गई हैं? यदि हां, तो कब और क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जून-जुलाई-2023 के दौरान जिला बलरामपुर, रामानुजगंज क्षेत्र के सीमावर्ती राज्य उत्तर प्रदेश, झारखंड मे डीजल-पेट्रोल की अवैध रुप से तस्करी कर क्षेत्र में विक्रय करने के मामले इस विभाग द्वारा दर्ज नहीं किये गये है। कलेक्टर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज से जानकारी मिलने पर पुलिस विभाग के द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही की गई है। 1. पुलिस थाना बसंतपुर द्वारा दिनांक 01.07.2023 को प्रदीप सिंह पिता महेन्द्र सिंह से वाहन क्रमांक सीजी 15 डीआर 2514 मे लोड 644 लीटर डीजल जप्त कर प्रथम सूचना रिपोर्ट क्रमांक 90/2023 में भा.दं.स. 1860 की धारा 258 दर्ज किया गया। 2. दिनांक 15.07.2023 को पुलिस थाना सनावल द्वारा हसियत अंसारी एवं मो. सफिक से वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी में लोड 2000 लीटर डीजल जप्त कर प्रथम सूचना रिपोर्ट क्रमांक 28/2023 में भा.दं.सं. 1860 की धारा 285 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियिम की धारा 7(2) दर्ज किया गया। **(ख)** प्रश्न ''क'' से संबंधित शिकायत विभाग को प्राप्त नहीं हुई। **(ग)** कार्यालय कलेक्टर से पत्र क्रमांक 768/स्टेनो/2023 बलरामपुर दिनांक 31.08.2023 के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई थी कि ''डीजल-पेट्रोल एवं अन्य सामग्रीयां दूसरे राज्य से क्रय कर विक्रय किया जाता है जिससे राजस्व की क्षति होती है। अतएव बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में राज्य कर के

अधिकारी/कर्मचारियों की पदस्थापना अथवा सप्ताह में तीन दिवस उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करेंगें।'' पत्र के अनुक्रम में बलरामपुर-रामानजगुंज जिले के लिये सहायक आयुक्त संभाग क्रमांक-एक के श्री एम.आर.बड़ा को नोडल अधिकारी, नामित किया गया है तथा सरगुजा क्षेत्र में वाहनों के जांच के लिए ई-वे बिल दल का गठन किया गया है ।

राज्य शासन द्वारा लिया गया ब्याज का भुगतान

[वित्त]

18. (*क्र. 883) श्री ललित चंद्राकर : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021 सें 01 जुलाई, 2024 तक राज्य शासन ने कहां-कहां से कितनी-कितनी राशि का ऋण लिया है, इस पर ब्याज का प्रतिशत क्या है? **(ख)** कंडिका 'क' के ऋण में से क्या किसान न्याय योजना के तहत भी धनराशि आहरित हुई है? यदि हां, तो प्रश्नावधि में कितनी राशि किसान न्याय योजना के लिए आहरित की गई?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जनवरी 2021 से 30 जून 2024 तक संस्थावार लिये गये ऋण की जानकारी **"संलग्न प्रपत्र अनुसार"** है। **(ख)** राज्य शासन द्वारा लिया गया ऋण व्यय के लिये उपलब्ध कुल संसाधनों का भाग होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

धमतरी जिले में नेट हाउस एवं पैक हाउस के निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

19. (*क्र. 815) श्री ओंकार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** उद्यानिकी विभाग, धमतरी द्वारा जिले में वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक कितने नेट हाउस एवं पैक हाउस का निर्माण कराया गया है? हितग्राही का नाम, स्थान का नाम, लागत की पूर्ण जानकारी देंगे? **(ख)** नेट हाउस एवं पैक हाउस निर्माण कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन क्या कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय द्वारा कराया गया है? **(ग)** उद्यानिकी विभाग द्वारा कराए गए नेट हाउस एवं पैक हाउस निर्माण से संबंधित कितनी शिकायतें प्राप्त हैं एवं उक्त प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है? कृपया जानकारी दें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) उद्यानिकी विभाग धमतरी द्वारा जिले में वर्ष 2021-22 से जून 2024 तक 12 कृषकों/ स्व सहायता समूह को उनके द्वारा निर्मित कराये गये शेडनेट हाउस तथा 38 कृषकों को पैक हाउस पर पात्रता अनुसार अनुदान प्रदान किया गया है। निर्मित किये गये नेट हाउस एवं पैक हाउस पर अनुदान से लाभान्वित हितग्राहियों के नाम स्थान एवं लागत की जानकारी **क्रमशः संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार है। (ख)** कृषकों द्वारा निर्मित कराये गये नेट हाउस का भौतिक सत्यापन कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय से एवं पैक हाउस का भौतिक सत्यापन तथा मूल्यांकन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के उप अभियंता से कराया गया है। **(ग)** प्रश्नांश **'क'** अनुसार कृषकों द्वारा निर्मित कराये गये शेडनेट हाउस एवं पैक हाउस से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है अतः शेष जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग छात्र / छात्राओं हेतु छात्रावास की क्षमता वृध्दि

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

20. (*क्र. 754) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**खल्लारी-विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग के छात्र / छात्राओं के प्रवेश हेतु छात्रावासों की क्षमता वर्गवार, स्तरवार , विकासखण्डवार बतायें? **(ख)** क्या प्रश्नांश **(क)** के छात्रावासों में दर्ज संख्या क्षमता वृद्धि हेतु शासन कोई कार्यवाही कर रही है? यदि हाँ तो कितने की वृद्धि की जा रही है । यदि नहीं तो क्या छात्रावासों में दर्ज संख्या क्षमता वृद्धि हेतु अधोसंरचना की व्यवस्था की

जायगी? **(ग)** दिनांक 30.06.24 की स्थिति में कितने नवीन छात्रावास हेतु आवेदन लंबित हैं विकासखण्डवार, वर्ग एवं स्तरवार बतायें है? कब तक नवीन छात्रावास प्रारंभ कर दिया जावेगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। अतः प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** दिनांक 30.06.2024 की स्थिति में नवीन छात्रावास खोलने हेतु कोई भी आवेदन लंबित नहीं है। अतः प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

धमतरी जिले के आश्रमों एवं छात्रावासों हेतु सामग्री का क्रय एवं वितरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

21. (*क्र. 682) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिला अन्तर्गत संचालित आश्रम एवं छात्रावासों हेतु वर्ष 2022 से जून, 2024 तक कौन-कौन सी सामग्री, कितनी-कितनी राशि की क्रय की गयी है? क्या सामग्रियों के क्रय हेतु भंडार क्रय नियमों का पालन किया गया था? विकासखण्डवार/वर्षवार जानकारी देवे? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के तहत् क्रय सामग्री की अपूर्ति कितने आश्रम एवं छात्रावासों को की गयी? **(ग)** क्या उपरोक्त सामग्री क्रय में अनियमितता/भष्टाचार होने संबंधित शिकायत/जानकारी विभाग के संज्ञान में आयी है, यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। जी हॉ। जिले के विकासखंडों में संचालित छात्रावास/ आश्रमों हेतु सामग्री का क्रय जिले से एक साथ किया गया है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के तहत् क्रय की गयी सामग्री की आपूर्ति 13 आश्रमों एवं 44 छात्रावासों को की गई है। **(ग)** जी नहीं। अतः प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संचालित योजनायें

[आवास एवं पर्यावरण]

22. (*क्र. 719) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शासन द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं? विवरण देवें। **(ख)** कंडिका 'क' की योजना हेतु विभाग द्वारा सीतापुर विधानसभा क्षेत्र हेतु पिछले 03 वर्षों में कितनी राशि आबंटित हुई थी एवं कौन-कौन से मद में कितना-कितना खर्च किया गया है? विवरण देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शासन द्वारा बिगड़े वनों का सुधार पर्यावरण वानिकी, भू-जल संरक्षण योजना एवं कैम्पा योजना संचालित की जा रही है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/केन्द्र शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा संचालित कार्यक्रम निम्नानुसार है:- (1) राष्ट्रीय वायु मापन कार्यक्रम, (2) राष्ट्रीय जल मापन कार्यक्रम, (3) प्रदूषण न्यूनिकरण के लिये सहायता कार्यक्रम, (4) राष्ट्रीय हरित कोर कार्यक्रम, (5) पर्यावरण सूचना केन्द्र (इनविस), (6) नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, (रायपुर, भिलाई एवं कोरबा शहर हेतु)**(ख)**कंडिका 'क' की योजना हेतु वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा सीतापुर विधानसभा क्षेत्र हेतु पिछले 03 वर्षो में मदवार आबंटित राशि एवं खर्च की गई राशि का विवरण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

पुरैना, रायपुर में निर्मित सोशल एण्ड हेल्थ क्लब के अनुबंधों के उल्लंघन पर कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

23. (*क्र. 422) श्री अजय चंद्राकर : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल रायपुर अंतर्गत पुरैना, रायपुर में निर्मित सोशल एण्ड हेल्थ क्लब व किनके-किनके मध्य, कब, क्या-क्या अनुबंध हुये हैं? उसकी मुख्य शर्तें क्या-क्या थीं? क्या इन शर्तो/अनुबंध का उल्लंघन हुआ है? यदि हां, तो किनके द्वारा किन-किन शर्तो का उल्लंघन किया गया और उसके ऊपर क्या कार्यवाही अब तक की गयी? **(ख)** उक्त क्लब में जनप्रतिनिधियों/व्हीआईपी के लिये क्या-क्या लाभ या सुविधायें देने हेतु, कितनी अवधि के लिये देने का प्रावधान था तथा किन-किन सत्रों के, कितने विधायकों को उसकी मेंबरशिप प्रदाय की गयी थी? यदि किसी भी जनप्रतिनिधियों/ व्हीआईपी को यह लाभ या सुविधा नही दी गयी है तो उसके कारण क्या हैं? **(ग)** क्या उक्त क्लब में गोलीकांड हुआ था? यदि हां, तो कब हुआ, और उसके दोषी कौन-कौन थे? उनके ऊपर अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गयी? **(घ)** उक्त क्लब वर्तमान में चालू है या बंद? यदि बंद है तो उसका कारण क्या है तथा पुनः कब तक चालू कर दिया जायेगा?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अंतर्गत पुरैना, रायपुर में निर्मित सोशल एण्ड हेल्थ क्लब का निर्माण, संचालन तथा वापसी का अनुबंध हुआ है। यह अनुबंध छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एवं एमीनेंट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. द्वारा संचालक श्री हरबक्श सिंह बत्रा के मध्य दिनांक 10.02.2008 को अनुबंध क्रमांक 57/2008-09 निष्पादित हुआ है। निष्पादित अनुबंध की प्रति **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है, जिसमें अनुबंध की मुख्य शर्तो का उल्लेख है। जी,हां, अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन हुआ है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। अनुबंध के शर्तो के उल्लंघन फलस्वरुप दिनांक 15.03.2024 को अनुबंध निरस्त कर मण्डल द्वारा दिनांक 17.03.2024 को क्लब का भौतिक आधिपत्य ले लिया गया है। क्लब वर्तमान में मण्डल के आधिपत्य में है एवं इसका संचालन दिनांक 29.05.2024 से विभागीय रुप से प्रारंभ किया गया है।**(ख)** माननीय जनप्रतिनिधियों के लिए निर्मित विशेष आवासीय योजना के तहत् पुरैना में आबंटित 108 भवन के मूल आबंटी क्लब के विशेष सदस्य होगें। उन्हें एवं उनके परिवार के सदस्यों (पत्नि एवं नाबालिक बच्चों) के लिए दी जाने वाली सुविधाएं निम्नानुसार है:-

S.No.	Particulars	Annual Charges
1	Admission Fee	Free
2	Annual Subscription (Compulsory)	3,000.00
3	Billiards	1,000.00
4	Badminiton	1,000.00
5	Tennis	1,000.00
6	Table Tennis	1,000.00
7	Squash	1,000.00
8	Health Culb	General Card Rate LESS 30% Special Discount
	(a) Gymnasium, (b) Massage	
	(c) Steam, (d) Sauna, (e) Jacuzzi	
9	Bridge Room	
10	Swimming Pool	
11	Any new facility	Rate will fixed ny mutual agreement

माननीय विशेष सदस्यों को दी जाने वाली सुविधाएं संपूर्ण अनुबंध काल के लिए जारी रहेगी। केवल द्वितीय विधान सभा सत्र के समस्त माननीय विधायकों/माननीय सांसदों जिनकी कुल संख्या 108 है, को यह सुविधा दी जा रही है। उपरोक्त सुविधाओं के लिए माननीय सदस्य क्लब से संपर्क कर सुविधाएं प्राप्त कर सकते है। **(ग)** जी, हां। थाना तेलीबांधा में श्री आफताब कुरैशी द्वारा दिनांक 27.09.2020, समय 22:00 बजे श्री हितेश पटेल नामक व्यक्ति द्वारा गोली चलाये जाने के संबंध में एफ.आई.आर. क्रमांक 341 दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी तेलीबांधा द्वारा एफ.आई.आर. क्रमांक 341/2020 दिनांक 27.09.2020 की विवेचना पूर्ण कर भा.द.वि. धारा 307 एवं आर्म्स एक्ट 30 के तहत् माननीय न्यायालय सी.जे.एम. महोदय रायपुर के समक्ष चालान (चार्ट सीट) क्रमांक 399/2020 दिनांक 29.12.2020 प्रस्तुत किया गया है।**(घ)** क्लब वर्तमान में चालू

है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा क्लब में उपलब्ध स्पोर्टस सुविधा बैडमिंटन, बिलियर्ड, स्क्वैश, जिम्नेजियम, स्वीमिंग पूल को दुरूस्त कर संचालन प्रारंभ किया गया है। क्लब में रेस्टोरेंट एवं कमरों की सुविधाओं में आवश्यक मरम्मत के पश्चात् शीघ्र ही चालू किया जावेगा।

मंडी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन सुविधा

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

24. (*क्र. 879) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या राज्य के कृषि उपज मण्डियों में कार्यरत कर्मचारियों को पेंशन की पात्रता होती है? **(ख)** कृषि उपज मंडी, अभनपुर में जनवरी 2022 से दिसंबर 2023 के मध्य कितने कर्मचारी सेवानिवृत्ति हुए? कृपया सेवानिवृत कर्मचारियों के नाम तथा उनके पदनाम तथा उनके सेवानिवृत्ति की तिथि बतावें। **(ग)** क्या कंडिका "ख" अनुसार सेवानिवृत कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति हित लाभ तथा पेंशन का भुगतान किया जा रहा है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) राज्य मंडी बोर्ड सेवा विनियम 1998 के विनियम 49 के अनुसार राज्य मंडी बोर्ड सेवा तथा मंडी समितियों हेतु प्रभावशील आदर्श उपविधि सन 2009 की उपविधि क्रमांक 72 के अनुसार राज्य शासन के कर्मचारियों की भांति मंडी समिति के कर्मचारियों को पेंशन की पात्रता है। **(ख)** कृषि उपज मंडी अभनपुर में जनवरी 2022 से दिसंबर 2023 के मध्य 01 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुआ है। सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री चंद्रशेखर तिवारी, उपनिरीक्षक दिनांक 30.06.2022 को सेवानिवृत्त हुए है।**(ग)** कंड़िका ''ख'' अनुसार सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री चंद्रशेखर तिवारी उपनिरीक्षक को सेवानिवृत्त हित लाभ का भुगतान किया जा चुका है तथा नियमानुसार प्रतिमाह पेंशन का भुगतान किया जा रहा है।

नया रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा वृक्षारोपण कार्य की एजेंसी

[आवास एवं पर्यावरण]

25. (*क्र. 897) श्री मोतीलाल साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नया रायपुर में नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में वृक्षारोपण किन-किन एजेंसी के माध्यम से किया गया और कितना भुगतान किया गया? वर्षवार एवं एजेंसीवार जानकारी प्रदान करें। **(ख)** वर्तमान में कितने प्रतिशत वृक्ष संरक्षित/सुरक्षित है? **(ग)** नया रायपुर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक कितने निर्माण एवं रख-रखाव कार्य को किन-किन एजेंसी के द्वारा किया गया? तथा कितना भुगतान किया जा चुका है और कितने कार्य पूर्ण हुए?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2019-20 से लेकर वर्ष 2023-24 तक राशि रू. 601.39 लाख की लागत से वृक्षारोपण के कार्य मेसर्स नेचर टच रायपुर, मेसर्स रेम्बो ग्रीन्स नागपुर, मेसर्स एन.सी. नाहर दुर्ग तथा मेसर्स आर.के. इन्फ्रास्ट्रक्चर रायपुर के द्वारा कराया गया है। वर्षवार एवं एजेंसीवार भुगतान की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ के कॉलम (1), (2), (3), (4) अनुसार** है।**(ख)** नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2019-20 से लेकर वर्ष 2023-24 तक संपादित किये गये वृक्षारोपण के कार्यों में से वर्तमान में औसत 92.5 प्रतिशत वृक्ष सुरक्षित है। वर्षवार एवं एजेंसीवार सुरक्षित वृक्षों के प्रतिशत की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ के कॉलम (5) अनुसार** है।**(ग)**नया रायपुर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक 67 निर्माण कार्य एवं 64 रखरखाव कार्य संपादित किये गये है/जा रहे है। इन कार्यो के एजेंसी एवं भुगतान की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार** है। उक्त कार्यों में से वर्तमान में निर्माण के 37 कार्य एवं रख-रखाव के 35 कार्य पूर्ण हो चुके है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

जिला रायगढ़ में छात्रावासों हेतु क्रय सामग्री

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

1. (क्र. 100) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिले में वर्ष 2022 -23 से 28 जून, 2024 तक की स्थिति में छात्रावासों के लिए क्या-क्या सामग्री, किस-किस दर पर किस फर्म से खरीदी गई हैं? विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या उपरोक्त सामग्री क्रय में छत्तीसगढ़ शासन के भंडार क्रय नियमों का पालन किया गया है? यदि नहीं तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) रायगढ़ जिले में वर्ष 2022-23 से 28 जून 2024 तक की अवधि में छात्रावासों हेतु क्रय की गयी सामग्री, दर एवं फर्म की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। जिले के विकास खंडों में संचालित छात्रावास/आश्रमों हेतु सामग्री का क्रय जिले से एक साथ किया जाता है। **(ख)** जी हाँ, परन्तु दिनांक 28.02.2023 में किये गये सामग्री क्रय में भण्डार क्रय नियमों का पालन नहीं किया गया है। फलस्वरूप तत्कालीन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही के अनुक्रम में कारण बताओं नोटिस जारी किया गया हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभागीय छात्रावास/आश्रमों हेतु किए गए सामग्री क्रय में भण्डार क्रय नियमों का पालन किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार में वन अधिकार पट्टा वितरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

2. (क्र. 275) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार में वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक कितने वन अधिकार पट्टे (पत्र) वितरित किये जा चुके हैं? व्यक्तिगत (वर्गवार) तथा सामुदायिक का पृथक-पृथक वर्षवार बताएं एवं रकबा भी बताएं? **(ख)** कितने पात्र व्यक्ति तथा समुदायों को वन अधिकार पट्टा (पत्र) दिया जाना प्रकियाधीन है? कितने प्रकरण अपात्रता के कारण अस्वीकृत किये गये हैं? **(ग)** क्या शासन द्वारा 5 लाख वन अधिकार पट्टा वितरण का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है? अगर नहीं तो कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** व्यक्तिगत वन अधिकार के 487 दावे जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रक्रियाधीन है। जबकि सामुदायिक वन अधिकार का कोई भी दावा प्राप्त नहीं हुआ है। व्यक्तिगत वन अधिकार के कोई भी प्रकरण अपात्रता के कारण अस्वीकृत नहीं किए गए हैं। **(ग)** वन अधिकारों की मान्यता सतत् प्रक्रिया है। राज्य में मार्च, 2024 तक 4,81,445 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं 49,271 सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए जा चुके हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

जिला - कोरबा अंतर्गत उद्योगों द्वारा वृक्षारोपण

[आवास एवं पर्यावरण]

3. (क्र. 277) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के उद्योगों हेतु वृक्षारोपण एवं ग्रीन बेल्ट के संबंध में क्या नियम/नीति है? **(ख)** जून, 2024 की

स्थिति में कोरबा जिला में किन-किन उद्योगों द्वारा कितना वृक्षारोपण किया जाना था? कितना किया गया? कितने पौधे जीवित हैं व कितने किया जाना शेष है तथा किन उद्योगों के द्वारा अपेक्षित वृक्षारोपण नहीं किया गया है? तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो क्यों जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) प्रदेश में वृहद्/मध्यम श्रेणी के उद्योगों को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल (प्रदुषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1974 तथा वायु (प्रदुषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 के तहत जारी की जाने वाली सम्मति में उद्योगों के कुल क्षेत्र का न्यूनतम 33 प्रतिशत (एक तिहाई क्षेत्रफल) क्षेत्र में तथा खदानों में चिन्हांकित स्थानों पर वृक्षारोपण/ग्रीन बेल्ट विकसित किये जाने की शर्त दी जाती है।**(ख)** कोरबा जिले के वृहद्/मध्यम श्रेणी के उद्योगों एवं खदानों द्वारा किये गये वृक्षारोपण सम्बन्धी **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

जिला रायगढ़ के उद्योगों द्वारा वन एवं कृषि भूमि में राखड़ डम्प किए जाने की प्राप्त शिकायतें

[आवास एवं पर्यावरण]

4. (क्र. 383) श्रीमती गोमती साय : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या केन्द्र सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की गाइड लाइन में वन भूमि एवं कृषि भूमि पर राखड़ डाला जाना प्रतिबंधित है? यदि हां, तो वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक जिला रायगढ़ अंतर्गत किन-किन कंपनियों द्वारा कहां-कहां, कितनी-कितनी मात्रा में राखड़ डम्प किया जा रहा है? **(ख)** कंडिका ''क'' अंतर्गत किन-किन कंपनियों द्वारा वन भूमि एवं कृषि भूमि तथा सड़कों के किनारे राखड़ डम्प किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई? शिकायत पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** कंपनियों द्वारा राखड़ प्रबंधन हेतु किये जा रहे परिवहन से प्रभावित और आसपास के गांवों के प्रदूषण को रोकने एवं उस पर नियंत्रण किये जाने तथा आवेरलोड वाहनों पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हाँ। केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी मार्गदर्शिका में कृषि भूमि एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की आवश्यक अनुमति के बिना वन भूमि पर राखड़ डालना प्रतिबंधित है। वर्ष 2021-22 से माह जून, 2024 तक की अवधि में जिला रायगढ़ में किसी भी उद्योग के द्वारा वन भूमि एवं कृषि भूमि में राखड डम्प नहीं की गई है।**(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है।**(ग)** राखड़ के परिवहन से प्रदूषण को रोकने के लिए वाहनों को पूर्ण रूप से तारपोलिन से ढककर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसका छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। वर्ष 2021-22 से माह जून 24 तक फ्लाई ऐश के परिवहन में पाई गई अनियमितताओं पर की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। साथ ही कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 अप्रैल 2021 से जून 2024 तक कुल 1,311 चालान में 3,10,63,100 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया है। राखड़ (फ्लाई एश ओवरलोड) वाहनों में कुल 104 वाहनों पर 22,27,600 रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया है तथा बिना तिरपाल वाले राखड़ (फ्लाई एश ओवरलोड) वाहनों वाले 73 वाहनों पर 1,56,700 रूपये वसूल किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

आदिम जाति कल्याण विभाग, बिलासपुर के अंतर्गत प्राप्त आबंटन से क्रय सामग्री

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

5. (क्र. 416) श्री दिलीप लहरिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक आदिम जाति कल्याण विभाग, बिलासपुर को सामग्री पूर्ति मद से, शासन से सामग्री खरीदी हेतु कितना आबंटन प्राप्त हुआ? प्राप्त आबंटन से कितनी- कितनी राशि की क्या-क्या सामग्री खरीदी गई? वर्षवार, विकासखण्डवार एवं सामग्रीवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका "क" के अनुसार खरीदी गई सामग्री का किन-किन छात्रावास/ आश्रमों में वितरण किया गया? वर्षवार, विकासखण्डवार सामग्रीवार जानकारी देवें? **(ग)** अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक/प्री मैट्रिक बालक/बालिका

छात्रावास में एक सत्र में कितने बार तकिया, गद्दा, बेडशीट दिया जाता है? **(घ)** वित्तीय वर्ष 2023- 24 में बिलासपुर जिला अंतर्गत संचालित छात्रावास एवं आश्रमों को भोजन सहायता योजना अंतर्गत किस-किस माह में कितनी-कितनी राशि जारी की गयी है? माहवार एवं छात्रावासवार विवरण देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1,88,89,000, वर्ष 2022-23 में 1,98,18,000, वर्ष 2023-24 में 1,98,24,000 एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 जून तक 1,11,06,000 आदिमजाति कल्याण विभाग बिलासपुर को सामग्री खरीदी हेतु आबंटन प्राप्त हुआ। प्राप्त आबंटन से क्रय की गई सामग्रियों एवं राशि की वर्षवार, सामग्रीवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। जिले के विकासखंडों में संचालित छात्रावास/ आश्रमों हेतु सामग्री का क्रय जिले से एक साथ किया गया है।**(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार खरीदी गई सामग्री का छात्रावास/आश्रमों में वितरण की वर्षवार, विकासखण्डवार एवं सामग्रीवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक/प्री मैट्रिक बालक/बालिका छात्रावासों में एक सत्र में 01 बार तकिया, गद्दा, बेडशीट दिया जाता है। **(घ)** वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिलासपुर जिले में संचालित पोस्ट मैटिक छात्रावासों के विद्यार्थियों के लिए भोजन सहायता योजनान्तर्गत जारी राशि की माहवार एवं छात्रावासवार विवरण **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''स''** अनुसार है। आश्रमों को भोजन सहायता योजना की राशि प्रदाय नही की जाती है, बल्कि शिष्यवृत्ति प्रदाय की जाती है।

एनटीपीसी, सीपत के द्वारा फ्लाई ऐश का उत्सर्जन एवं निष्पादन की शिकायत पर कृत कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

6. (क्र. 417) श्री दिलीप लहरिया : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** एनटीपीसी, सीपत के द्वारा जनवरी, 2022 से जून, 2024 तक कुल कितना फ्लाई ऐश का उत्सर्जन किया गया है? माहवार जानकारी देवें? फ्लाई ऐश उत्सर्जन एवं निष्पादन हेतु एनजीटी एवं पर्यावरण विभाग के द्वारा क्या नियम वर्तमान में प्रभावशील हैं तथा इस संबंध में किस अधिकारी के द्वारा कब जांच की गई व जांच में क्या निष्कर्ष दिये गए एवं क्या कार्यवाही की गई? **(ख)** कंडिका "क" अनुसार फ्लाई ऐश के निष्पादन हेतु, किस स्थान की अनुमति, कब कितनी मात्रा के लिये दी गई तथा इन चिन्हांकित क्षेत्रों में कितनी मात्रा का निष्पादन उक्त क्षेत्रों में किया गया? माहवार जानकारी देवें? **(ग)** कंडिका "क" अनुसार फ्लाई ऐश निष्पादन हेतु उक्त अवधि में किसे, किस आधार पर व कब कार्य दिया गया था? उनके द्वारा कितने फ्लाई ऐश का परिवहन किया गया? उन्हें कितना भुगतान किया गया है? माहवार, फर्मवार व निष्पादन मात्रावार जानकारी देवें? उक्त कार्य के लिये प्राप्त भुगतान के एवज में कितना जीएसटी जमा किया जाना था, कितना जमा किया गया व कितनी राशि जमा किया जाना शेष है? **(घ)** कंडिका "क" के कार्य हेतु किसके द्वारा, क्या शिकायत, की गई व उन पर क्या कार्यवाही की गई?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है। फ्लाई ऐश के निपटान हेतु भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 31.12.2021 (यथा संशोधित अधिसूचना दिनांक 30.12.2022) वर्तमान में प्रभावशील है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। प्रश्नाधीन अवधि में फ्लाई एश निष्पादन स्थलों का निरीक्षण छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा नहीं किया गया है। उद्योग द्वारा अपवहन स्थलों पर कार्य पूर्ण होने की सूचना प्रदान की जाती है।**(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र – स अनुसार** है। माहवार जानकारी संधारित नहीं की जाती है।**(ग)** फ्लाई एश अपवहन की जिम्मेदारी सम्बंधित ताप विद्युत संयंत्र की स्वयं की है। अतः जानकारी निरंक है ।**(घ)** प्रश्नाधीन अवधि में उद्योग के फ्लाई एश निष्पादन के सम्बन्ध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः जानकारी निरंक है।

रेरा (रियल स्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) प्राधिकरण अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निराकरण

[आवास एवं पर्यावरण]

7. (क्र. 423) श्री अजय चंद्राकर : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिनांक 1 दिसंबर, 2018 से दिनांक 30 जून, 2024 की स्थिति में रेरा (रियल स्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) प्राधिकरण अंतर्गत कितने प्रोजेक्ट पंजीकृत हैं? किन-किन प्रोजेक्ट के विरूद्ध कितने प्रकरण दर्ज हुये हैं? उनमें से कितने प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है तथा कितने प्रकरण कब से, किन-किन कारणों से लंबित हैं? प्रमोटर का नाम, पता व शहर अनुसार बतायें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' प्राधिकरण के नियमों का उलघंन करने वाले किन-किन प्रोजेक्टों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही उक्त अवधि में की गयी है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में रेरा (रियल स्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) अंतर्गत कुल 962 प्रोजेक्ट का पंजीयन किया गया है, **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार** है। प्रपत्र-अ में से 178 प्रोजेक्ट के विरूद्ध कुल 305 प्रकरण दर्ज हुए है। जिसमें से कुल 238 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है तथा कुल 68 प्रकरणों में प्राधिकरण में अर्द्धन्यायिक प्रक्रिया के तहत सुनवाई जारी होने के कारण लंबित है, **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार** है। प्रपत्र-अ के कुल 602 प्रमोटर का नाम, पता व शहर की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार** है।**(ख)** प्रश्नांश 'क' के अंतर्गत प्रपत्र-अ में से पंजीकृत 196 प्रोजेक्ट के प्रमोटर द्वारा भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा-4 (2) (एल) (डी) एवं धारा-11 का उल्लंघन करने के कारण प्राधिकरण द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर प्रकरण दर्ज कर अधिनियम की धारा-59, 60, 61 एवं 63 के अंतर्गत शास्ति अधिरोपित किया गया है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द अनुसार** है।

कांकेर जिले में आश्रम, छात्रावासों में निर्माण व मरम्मत में व्यय राशि

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

8. (क्र. 452) श्री आशा राम नेताम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- कांकेर जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में विभिन्न आश्रम, छात्रावासों में कितने व कहां-कहां निर्माण व मरम्मत कार्य कराये गये हैं? उक्त समयावधि में जिले में कितनी राशि आंबटित की गई है एवं किन-किन कार्यो में कितनी राशि खर्च की गई है? क्या वर्तमान में कोई कार्य लंबित है? अगर लंबित है तो क्या कार्यवाही हुई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : वित्तीय वर्ष 2022-23 में 134 एवं 2023-24 में 93 मरम्मत एवं निर्माण कार्य कराए गये है। उक्त समयावधि में राशि रुपये 1521.27 लाख आबंटित की गई है। कराए गये कार्यो एवं व्यय राशि की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है। जी हाँ, 34 कार्य लंबित है। 17 लंबित कार्यो को पूर्ण कराये जाने एवं 17 लंबित कार्यो की निविदा करने की कार्यवाही की जा रही है।

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में खरीफ फसल हेतु उर्वरक(खाद)/बीज की व्यवस्था

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

9. (क्र. 493) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में खरीफ फसल, 2024 हेतु 30 जून, 2024 तक कहां-कहां कौन-सी उर्वरक(खाद) एवं कौन-कौन सी प्रजाति के बीज की व्यवस्था, कितनी-कितनी मात्रा में की गई? समिति/विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के परिप्रेक्ष्य में विकासखण्ड डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा में उर्वरक एवं बीज वितरण का कितना लक्ष्य रखा गया एवं कितना वितरित किया गया? **(ग)** क्या उपरोक्तानुसार डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के कृषकों को खरीफ फसल की उर्वरक(खाद)/बीज क्या समय पर वितरण किया गया है? यदि नहीं तो क्यों? **(घ)** क्या किसी समिति में उर्वरक(खाद)/बीज की मांग के अनुरूप कमी होने की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हॉ, तो उक्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) डौण्डीलोहारा विधानसभा अंतर्गत विकासखंड में डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा में खरीफ फसल, 2024 (31 मार्च 2023 की प्रारंभिक स्कंध एवं 01 अप्रैल 2024 से 30 जून 2024 सहित) हेतु सेवा सहकारी समितियों में यूरिया, डी.ए.पी., एम.ओ.पी. एस.एस.पी. एवं एन.पी. के. उर्वरकों की कुल 18699.00 मे.टन मात्रा तथा विभिन्न फसलों के बीज की कुल 11909.30 क्विंटल मात्रा की आपूर्ति की गई है। समितिवार उर्वरक आपूर्ति/भंडारण तथा बीज आपूर्ति/ भंडारण (किस्मवार) की **जानकारी संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांक "क" की अवधि में डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में उर्वरकों का कुल 13350 मे.टन एवं बीज का 14601.10 क्विंटल लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लक्ष्य के विरूद्ध उर्वरकों की कुल 15678.00 मे.टन एवं बीज की कुल 11551.70 क्विंटल मात्रा कृषकों को वितरित किया गया है। उर्वरको एवं बीज वितरण का समितिवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र "स एवं "द"** अनुसार है। **(ग)** जी हाँ। **(घ)** जी नहीं।
[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

महासमुंद जिले में छात्रावास एवं आश्रमों में क्रय की गयी सामग्री

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

10. (क्र. 502) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022 से जून, 2024 तक महासमुंद जिले के छात्रावास/आश्रमों को क्या-क्या सामग्री प्रदान की गयी है? उक्त सामग्री किस-किस फर्म से, कितनी-कितनी मात्रा एवं दर पर क्रय की गयी है? विकासखंडवार ,वर्षवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार क्या उक्त सामग्री क्रय में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो क्या कार्यवाही की गयी है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2022 से जून 2024 तक महासमुन्द जिले के छात्रावास/आश्रमों को प्रदाय की गयी सामग्री तथा क्रय की गयी सामग्री से संबंधित, फर्म, मात्रा एवं दर की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। जिले के विकासखंडों में संचालित छात्रावास/ आश्रमों हेतु सामग्री का क्रय जिले से एक साथ किया गया है। **(ख)** जी नहीं। अतः प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

कोरबा जिले में कन्या व बालक छात्रावासों में सीटों में वृद्धि एवं छात्रावासों का उन्नयन

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

11. (क्र. 528) श्री फूलसिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या कोरबा जिले में संचालित छात्रावासों में विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए कन्या एवं बालक छात्रावासों में 100-100 सीटों की वृद्धि किया जाना प्रस्तावित है? तथा पूर्व में जो कन्या एवं बालक छात्रावास संचालित हैं वहां के छात्रावासों का उन्नयन करते हुए प्री मैट्रिक छात्रावास को पोस्ट मैट्रिक छात्रावास किया जाना प्रस्तवित है? हॉ तो कब तक? **(ख)** क्या कोरबा जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में 100 - 100 सीटों की वृद्धि किया जाना प्रस्तावित है? यदि हॉ तो कब तक ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी नहीं। पूर्व में जो कन्या एवं बालक छात्रावास संचालित हैं वहां के छात्रावासों का उन्नयन करते हुए प्री मैट्रिक छात्रावास को पोस्ट मैट्रिक छात्रावास किया जाना प्रस्तावित नहीं है। अतः समय-सीमा बताये जाने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। **(ख)** जी नहीं। अतः समय-सीमा बताये जाने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

अमानक खाद्य बीज की बिक्री

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

12. (क्र. 568) श्री दीपेश साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** आगामी खरीफ की फसल हेतु खाद एवं बीज के वितरण हेतु क्या व्यवस्था की गई है? बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र में कितने स्थान से शासकीय मूल्य पर खाद और बीज वितरित किया जाता है? जिन खाद और बीज वितरण संस्थाओं अनियमितता की गयी है, उन पर क्या कार्यवाही की गयी है? **(ख)** किसानों के लिए खाद् बीज वितरण की सरकार की क्या कार्ययोजना है? **(ग)** क्या बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-2022 से वर्ष 2023-24 तक नकली खाद् बीज बेचने की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो क्या कार्यवाही की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) खरीफ 2024 में की फसलों के लिए आंकलित मांग अनुसार सहकारी समितियों में उर्वरक का भण्डारण छ. ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) तथा बीज का भण्डारण छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लि. द्वारा किया जा रहा है। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में 34 सहकारी समितियों में उर्वरक एवं बीज तथा 190 निजी विक्रय केन्द्रों से शासकीय मूल्य पर रासायनिक उर्वरक का वितरण किया जा रहा है । प्रश्नांकित अवधि में उर्वरक एवं बीज विक्रय संस्थाओं में पायी गई अनियमितता एवं की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-"अ, प्रपत्र- "ब" एवं प्रपत्र-"स" अनुसार है**। **(ख)** किसानों के लिए उर्वरक एवं बीज वितरण हेतु जिलों की आंकलित मांग अनुसार सहकारी समितियों में विपणन संघ (मार्कफेड) के माध्यम से उर्वरक का भंडारण तथा छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लि. द्वारा बीज का भण्डारण किया जा रहा है । **(ग)** जी हाँ, बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक नकली उर्वरक बेचने संबंधी प्राप्त 02 शिकायतों के विरूद्ध थाना बेमेतरा एवं बेरला में एफ.आई.आर. दर्ज करायी गयी है । नकली बीज बेचने के सम्बन्ध में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है ।
[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

बीज विकास निगम द्वारा उर्वरक, बीज एवं पेस्टिसाईड खरीदी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

13. (क्र. 582) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चाम्पा जिले में बीज विकास निगम द्वारा वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 व वर्तमान वर्ष में जून, 2024 तक क्या उर्वरक, बीज, संकर (बीज) हाईब्रीड, पेस्टीसाईड, माइक्रोन्यूट्रिएन्ट, बायो फर्टिलाइजर एवं अन्य कृषि संबंधित सामग्री क्रय की गयी है? यदि हां, तो किस क्रय प्रक्रिया के तहत कितनी फर्मों से क्रय किया गया एवं उनको कितनी राशि का भुगतान किया गया है? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** क्या क्रय सामग्री का अधिसूचित प्रयोगशाला में गुणवत्ता परीक्षण कराया गया? यदि हां, तो कौन-कौन सी सामग्री गुणवत्तायुक्त, मानक अनुरूप पाए गए हैं? प्राप्त रिपोर्ट की जानकारी वर्षवार, सामग्रीवार उपलब्ध करावें? **(ग)** उपरोक्त में से कौन-कौन सी सामग्री का क्रय पश्चात् गुणवत्ता परीक्षण अधिसूचित प्रयोगशाला से नहीं कराया गया? सामग्रीवार जानकारी देवें? उक्त अवधि में छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर की कितनी एजेंसियों/फर्मो से सामग्री क्रय की गयी है? **(घ)** उपरोक्त अवधि में प्राप्त/वितरित सामग्री में गुणवत्ता एवं अपात्र लोगों को वितरण करने संबंधी कितनी शिकायतें प्राप्त हुई अथवा विभाग के संज्ञान में आई? क्या उस पर जांच कराई गई? जांच उपरांत क्या किसी प्रकार कार्यवाही की गई है?वर्षवार प्राप्त शिकायत एवं की गई कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध करावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जांजगीर-चांपा जिलें में मांग अनुसार प्रमाणित बीजों की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु वर्ष 2021-22, 2022-23 2023-24 व वर्तमान वर्ष में जून 2024 तक क्रय किये गये प्रमाणित बीज की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' अनुसार है।** छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा कृषि विभाग से प्राप्त मांग अनुसार बीजों की आपूर्ति किये जाने हेतु बीज प्रमाणीकरण संस्था से प्रमाणीकृत टैग्ड एवं पैक्ड प्रमाणित बीजों को ही क्रय किया गया है। विभाग के आदेश पत्र क्र. 5467/एफ-04-09/ बीनि/ 2011/ 14-2 दिनांक 20.12.2011 के द्वारा छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को प्रमाणित बीजों की आपूर्ति हेतु 1. भारत सरकार के बीज उत्पादन करने वाले उपक्रम, 2. राज्य सरकार के बीज उत्पादन करने वाले उपक्रम, 3. नाफेड, 4. मध्य प्रदेश बीज महासंघ की समितियों, 5. प्रदेश में बीज उत्पादन करने वाले बीज उत्पादक सहकारी समितियों से सीधे दर बुलाकर

प्रमाणित बीज क्रय करने के लिये भण्डार क्रय नियम -2002 के नियम 4 में निविदा आमंत्रित करने बाबत् शर्तो से छूट प्रदान की गई है। उपरोक्त प्रक्रिया के तहत प्रमाणित बीज क्रय किया गया है। छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा चैम्प्स प्रणाली में कृषि यंत्र/उपकरण/सामाग्री की खरीदी नहीं की जाती है। अपितु चैम्प्स प्रणाली के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं के प्रावधान के अनुरूप कृषक द्वारा कृषक अंश की राशि जमा किये जाने के उपरांत अनुदान पर सामाग्री प्रदान की जाती है। इस प्रणाली में कृषक द्वारा अपने पंजीकृत प्रदायकों से मोलभाव कर सामाग्री क्रय किये जाने का प्रावधान है। जांजगीर-चांपा जिलें में वर्ष 2021-22, 2022-23 2023-24 व वर्तमान वर्ष में जून 2024 तक कृषकों को प्रदायित्त कृषि यंत्र, उपकरणों की वर्षवार, योजनावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब'' अनुसार है।** जॉजगीर -चांपा जिले में छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड (एग्रो शाखा) द्वारा वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 व वर्तमान वर्ष में जून 2024 तक उर्वरक बीज संकर (बीज) हाईब्रीड, पेस्टीसाइड, माइक्रोन्यूट्रिएंट, बायो फर्टिलाइजर एवं अन्य कृषि संबंधित सामग्री का क्रय की जानकारी एवं फर्म को किये गये भुगतान की वर्षवार, फर्मवार, सामग्रीवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'स' अनुसार है। (ख)** प्रश्नांक ''क'' की अवधि में संचालनालय कृषि द्वारा में क्रय की गई सामग्री यथा प्रमाणित बीज, पेस्टीसाईड, माइक्रोन्यूट्रिएन्ट, बायो फर्टिलाइजर का अधिसूचित प्रयोगशाला में गुणवत्ता परीक्षण कराया गया। प्रदेश में संकर बीजो की गुणवत्ता परीक्षण हेतु कोई प्रयोगशाला अधिसूचित नहीं होने के कारण डिपार्टमेंट ऑफ प्लांट मॉलिक्यूलर बायोलॉजी एण्ड बायो-टेक्नोलॉजी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में नमूना परीक्षण कराया गया है। गुणवत्ता परीक्षण में सभी नमूने मानक स्तर के पाये गये है। वर्षवार-सामग्रीवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द अनुसार है।** संचालनालय उद्यानिकी द्वारा क्रय की गई सामग्री का गुणवत्ता परीक्षण नहीं कराया गया है। **(ग)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार क्रय सामग्रियो में से गुणवत्ता परीक्षण हेतु यादृच्छिक रुप से लिये गये नमूनो में से संकर मक्का बीज का परीक्षण प्रश्नांश ''ख'' में दर्शाये गये कारण से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला से कराया गया है। छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. के जिला कार्यालय जॉजगीर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के एजेंसी/फर्म से क्रय किये गये सामग्री की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'इ' अनुसार है।** संचालनालय उद्यानिकी द्वारा राज्य की बाहरी संस्था भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपण संघ मर्या. (नाफेड), इंदौर, मध्य प्रदेश से क्रय सामग्री की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'ई' अनुसार है। (घ)** प्रश्नांश ''क'' की अवधि में क्रय एवं वितरित सामग्री की गुणवत्ता एवं अपात्र लोगों को वितरण करने संबंधी कोई शिकायत संज्ञान में नही आई है। अतः शेष जानकारी निरंक है।

स्वायल हेल्थ कार्ड योजनांतर्गत केमिकल खरीदी में भंडार क्रय नियम का उल्लंघन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

14. (क्र. 673) श्री राजेश मूणत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या सत्य है कि दिनांक 19.2.2024 को अतारांकित प्रश्नोत्तर 42 (क्र. 1750) के उत्तर में विभाग ने यह स्वीकार किया था कि वर्ष 2021 से वर्ष 2023 में कृषि विभाग के स्वायल हेल्थ कार्ड योजनांतर्गत केमिकल खरीदी में भंडार क्रय नियम का उल्लघंन संबंधी प्रकरण की प्रारंभिक जांच में 7 अधिकारियों को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है? यदि हां, तो इन अधिकारियों के विरूद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई? **(ख)** यदि प्रश्नांक ''क'' में प्रथम दृष्टतया दोषी पाये गये अधिकारियों के विरूद्ध अब तक कोई कार्यवाही नहीं करने हेतु कौन जिम्मेदार है? भंडार क्रय नियम के उल्लघंन संबंधी इस प्रकरण में दोषी अधिकारी गणों के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज क्यो नहीं की गई? **(ग)** वर्ष 2021 से वर्ष 2023 में सीवीड/हयुमिक/एमिनों एसिड की निरर्थक खरीदी की जांच नहीं करने का क्या कारण है? **(घ)** भविष्य में स्वायल हेल्थ कार्ड का दुरूपयोग कृषि विभाग के जिलाधिकारी नहीं कर पायें, इसे रोकने के लिए विभाग द्वारा क्या योजना बनाई गई है/जा रही है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हाँ। प्रारंभिक जांच में दोषी पाये गये अधिकारियों के विरूद्ध छ.ग. शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के पत्र क्र एफ-01/27/वि.स.-771/2021 दिनांक 21.06.2024 द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर 15 दिवस के भीतर प्रतिवाद उत्तर चाहा गया है। उक्त अधिकारियों में से 01 अधिकारी (श्री जे.एस. काकोरिया, तत्कालीन उप संचालक कृषि बिलासपुर) के दिनांक 24.05.2021 को मृत्यु हो चुकी है। **(ख)** प्रश्नांक 'क' में प्रथम दृष्टया

दोषी पाये गये अधिकारियों के विरूद्ध छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 में निहित प्रावधानों के अधीन अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ग)** वर्ष 2021 से वर्ष 2023 में सी-वीड/ह्यूमिक/एमिनो एसिड की निरर्थक खरीदी का कोई प्रकरण संज्ञान में नही आया है, अतः शेष जानकारी निंरक है। **(घ)** भविष्य में इस प्रकार के कृत्य की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए दोषी अधिकारियों के विरूद्ध छ.ग. शासन सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत् अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही योजनांतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप योजना के क्रियान्वयन हेतु समय-समय पर निर्देश जारी किए जाते है।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत डी.एम.एफ मद से कृषि उपकरणों की खरीदी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

15. (क्र. 683) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022-2023 से जून, 2024 तक सिहावा विधानसभा क्षेत्र के कृषकों को किट/कृषि उपकरणों का क्रय वितरण किये जाने हेतु कितनी राशि प्राप्त हुई थी तथा कितने कृषकों को वितरण किया गया? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार कृषि यंत्रों के क्रय करने हेतु आबंटित राशि से कितनी-कितनी मात्रा में कृषि यंत्र क्रय किये गए? विकासखण्डवार विवरण प्रदाय करें? **(ग)** प्रश्नांश 'क' अनुसार सामग्री वितरण में क्या कोई शिकायत प्राप्त हुई या कोई शिकायत विभाग के संज्ञान में आयी थी? यदि हां, तो शिकायत में किसे दोषी पाया गया तथा क्या कार्यवाही की गयी? कृपया अवगत करावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्रवार नहीं अपितु विकासखंडवार जानकारी संधारित की जाती है। सिहावा विधानसभा क्षेत्र से संबद्ध विकासखंड मगरलोड एवं नगरी अंतर्गत डी.एम.एफ. मद में वर्ष 2022 से जून, 2024 तक **कृषकों** को किट/कृषि यंत्र एवं **उपकरणों** के वितरण हेतु स्वीकृति अथवा राशि प्राप्त नहीं हुई है। अतः जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है। **(ग)** प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है।

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत अति विशेष पिछड़ी जनजाति की संख्या व विकास हेतु राशि

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

16. (क्र. 690) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कौन-कौन सी अति विशेष पिछड़ी जनजाति हैं ग्रामवार जानकारी देवे? अंतिम बार उनकी जन गणना कब हुई थी? **(ख)** उपरोक्त विशेष पिछड़ी जनजाति के विकास एवं उत्थान के लिए विगत 02 वर्षो में कितनी राशि स्वीकृत की गई है? क्या-क्या कार्य कराए गए हैं? ग्रामवार जानकारी देवें? **(ग)** कितने विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगो को रोजगार प्रदान किया गया है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विशेष रूप से कमजोर जनजाति बिरहोर निवासरत है, जिसकी ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2015-16 में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर के माध्यम से आधारभूत सर्वेक्षण कराया गया था। **(ख)** विगत 02 वर्षो में कुल राशि रूपये 376.90 लाख स्वीकृत की गई है। कार्यवार एवं ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुंसार है। **(ग)** बिरहोर जनजाति के कुल 52 व्यक्तियों को शासकीय सेवा अंतर्गत रोजगार प्रदान किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

रायगढ़ जिला अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा सामग्री क्रय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

17. (क्र. 691) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत वर्ष 2022 से जून, 2024 तक कृषि विभाग द्वारा क्या-क्या

सामग्री/उपकरण किस-किस प्रयोजन हेतु किन-किन एजेंसियों से कितनी-कितनी दर पर क्रय किए गए हैं, जानकारी देवें? **(ख)** कितने किसानों को किस-किस योजना अन्तर्गत क्या-क्या सामग्री का वितरण की गयी है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला-रायगढ़ में वर्ष 2022 से जून, 2024 तक संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत विभिन्न एजेंसियों से क्रय किये गये सामग्री/उपकरण, क्रय का प्रयोजन एवं सामग्रीवार क्रय दर की वर्षवार **जानकारी क्रमशः पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ' एवं प्रपत्र 'ब' अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार क्रय सामग्री के वितरण से लाभान्वित कृषकों की वर्षवार योजनावार एवं सामग्रीवार **जानकारी क्रमशः पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ' एवं प्रपत्र 'ब' अनुसार है।**

विधानसभा क्षेत्र आरंग स्थित उद्योगों को पर्यावरण विभाग द्वारा प्रदत्त अनुमति

[आवास एवं पर्यावरण]

18. (क्र. 703) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र आरंग अतंर्गत संचालित उद्योग मीवान स्टील लिमिटेड़, कुरूद मंदिर-हसौद, जिला रायपुर, जिदंल स्टील पावर प्लांट, नूतन स्टील प्लांट, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम एवं गैस प्लांट, इंडियन आयल एवं गैस प्लांट, कृष्णा कोल्ड स्टोरेज जैसे उघोग संचालित हैं, जिनकी पर्यावरण प्रदूषण कि अनुमति कब-से कब तक है? उक्त संस्थानों/उद्योगों के रख रखाव के संबंध में शासन द्वारा क्या-क्या नियमावली जारी की गयी हैं? **(ख)** संचालित उद्योगों के द्वारा राज्य/केन्द्र सरकार को वर्ष 2022 से जून, 2024 तक कब-कब एस0आर0 मद के लिए राशि दी गयी हैं? **(ग)** संचालित उद्योगों में पर्याप्त पार्किग सुविधा नहीं होने के संबंध में विभाग द्वारा प्रश्नांश ''ख'' अवधि में कब-कब निरीक्षण किया गया है, क्या-क्या कमी पाई गई, तथा क्या -क्या कार्यवाही की गयी? **(घ)** संचालित उद्योंगों का प्रश्नांश ''ख'' अवधि में कब-कब निरीक्षण किस-स्तर के अधिकारियों के द्वारा किया गया है तथा क्या कार्यवाही की गयी हैं?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) प्रश्नाधीन उद्योगों को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत जारी सम्मति की वर्तमान वैधता की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ' अनुसार** है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उद्योगों को जारी जल एवं वायु सम्मति में प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का सतत् संचालन, प्रदूषकों का उत्सर्जन निर्धारित मानक सीमा तक सीमित रखने, ठोस अपशिष्टों का समुचित अपवहन एवं निपटान तथा वृक्षारोपण आदि की शर्त अधिरोपित की जाती हैं।**(ख)** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय जिला पंचायत रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार संचालित उद्योगों के द्वारा जिला पंचायत रायपुर को वर्ष 2022 से जून 2024 तक सी.एस.आर.में प्राप्त राशि का विवरण निम्नानुसार हैं :- वर्ष 2023 मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड, मंदिर हसौद, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर, राशि रूपये 5.00 लाख, प्राप्ति दिनांक 08.12.2023 ।**(ग)** विभाग द्वारा पार्किंग सुविधा से सबंधित निरीक्षण नहीं किया जाता है। कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कारखाने के बाहर मुख्य सड़क या चालू मार्ग में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने से अन्य वाहनों के आवागमन में असुविधा होने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाती है। वर्ष 2024 में जनवरी से जून 2024 तक मंदिर हसौद चैक के आसपास मुख्य हाइवे मार्ग के किनारे स्थित संस्थानों के सामने अवैध पार्किंग में खड़े 161 वाहनों में कार्यवाही की गई है।**(घ)जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

उद्यानिकी विभाग द्वारा सामग्रियों एवं मशीनरी का क्रय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

19. (क्र. 705) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत

उद्यानिकी विभाग द्वारा स्वयं एजेंसी बनकर किन-किन सामग्रियों एवं मशीनरी का क्रय किया गया? खरीदी गई सामग्री एवं मशीनरी को क्रय करने के लिये क्या प्रक्रिया अपनाई गई? **(ख)** क्या रीपा अंतर्गत स्थापित की गई मशीनों की खरीदी उद्यानिकी विभाग द्वारा एजेंसी बनकर की गई है? यदि हां, तो उक्त मशीनों की खरीदी का भुगतान कितना किया गया? स्थापित की गई मशीनों से क्या-क्या उत्पादन किया जा रहा है? खरीदी उपरांत उत्पादित सामग्री का नाम, विक्रय की गई एजेंसी का नाम एवं विक्रय से प्राप्त राशि की जानकारी विकासखंडवार देवें? विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग किस प्रयोजन हेतु किया जा रहा है, विवरण वर्षवार देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2021-22 से जून 2024 तक जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान गण्डई अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा स्वयं एजेंसी बनकर उद्यानिकी टूल किट एवं महिला स्व सहायता समूह को सहायता प्रदान करने के लिए पल्वराइजर मशीन की सहायक सामग्री इलेक्ट्रानिक वेट मशीन, आटोमेटिक सीलिंग मशीन एवं फुड पैकेजिंग मटेरियल की खरीदी की गई है। खरीदी गई सामग्री एवं मशीनरी को क्रय करने के लिए भाव पत्रक एवं निविदा आमंत्रित कर दर का निर्धारण किया गया है। क्रय की गई सामग्री की जिलावार, वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
(ख) जी नहीं, अतः शेष जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों को मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण में शामिल किया जाना

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

20. (क्र. 715) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकारण में ग्रामों को शामिल किये जाने के क्या प्रावधान हैं? क्या मुंगेली विधानसभाक्षेत्र में वि.ख.मुंगेली के 26 एवं विकासखण्ड पथरिया के 11,इस प्रकार कुल-37 ग्रामों को मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण में शामिल किये जाने हेतु कलेक्टर मुंगेली के प्रस्ताव पर आयुक्त रायपुर सह सचिव मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदन उपरांत राज्य शासन को प्रेषित किया गया हैं? यदि हां, तो प्रश्न दिनांक तक उक्त ग्रामों को शामिल किये जाने हेतु क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं तो क्यों?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : बस्तर तथा सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण में सम्मिलित क्षेत्र को छोड़कर शेष आदिवासी उपयोजना क्षेत्र (यथा एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना क्षेत्र, माडा पाकेट, लघु अंचल) के ग्रामों एवं अनुसूचित क्षेत्र से भिन्न अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम/बस्तियों के मजरा, टोला, पारा, मोहल्ला एवं नगरीय क्षेत्र के वार्ड में स्थित पारा-मोहल्ला जहां अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 25 प्रतिशत से अधिक हों सम्मिलित करने का प्रावधान है। जी हॉ, कलेक्टर मुंगेली द्वारा 25 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जनजाति वाले 37 ग्रामों का नाम प्रस्तावित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर की अधिसूचना क्र./एफ 4-6/2024/एक/6 दिनांक 24.06.2024 द्वारा मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण का पुर्नगठन किया गया, जिसमें प्राधिकरण के कार्य क्षेत्र में उक्त ग्राम भी सम्मिलित हैं।

विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के किसानों को खाद बीज एवं उर्वरक की आपूर्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

21. (क्र. 716) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली के कृषकों द्वारा वर्ष 2021-2022 से जून,2024 तक कौन कौन से एवं कितनी-कितनी मात्रा में रसायनिक खाद, उर्वरक एवं बीज की मांग के विरुध्द कितनी-कितनी मात्रा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्राप्त हुई? उनमें से निजी संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं को किस अनुपात में देने का प्रावधान है? किस अनुपात में कितनी कितनी मात्रा में किस दर पर निजी संस्थाओं को उपलब्ध कराया गया? इन निजी संस्थाओं द्वारा किसानों को कितने मूल्यों पर विक्रय किया गया? जानकारी वर्षवार अलग अलग बतावें? (ख.)

प्रश्नांक ''क'' किसानों की मांग के अनुरुप कितनी कितनी मात्रा में रसायनिक खाद्/उर्वरक व बीज की कमी आयी एवं सहकारी संस्था को वितरण की गयी? रासायनिक खाद/उर्वरक एवं बीज को किसानों को किस-किस दरों पर विक्रय किया गया?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) एवं **(ख)** की **जानकारी संकलित की जा रही है।**

<u>विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर के आदिवासी छात्रावास/आश्रम में आहता निर्माण एवं अन्य सुविधाएं</u>

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

22. (क्र. 722) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर अंतर्गत कितने आदिवासी छात्रावास/आश्रम आहता विहिन हैं ? **(ख)** आहता-विहिन आदिवासी छात्रावास/आश्रम में आहता निर्माण की स्वीकृति कब तक की जावेगी ? कृपया समय-सीमा बताने का कष्ट करें। **(ग)** आदिवासी छात्रावास/आश्रम में बच्चों के लिए सभी पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं, की नहीं ? यदि नहीं तो क्या-क्या सुविधाएं वर्तमान में उपलब्ध नहीं हैं, कृपया जानकारी देने का कष्ट करें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) 17 छात्रावास एवं 01 आश्रम अहाता विहीन है। **(ख)** समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** जी हां। समस्त छात्रावास/आश्रम में विद्युत, पेयजल, किचन, शौचालय, पलंग, गद्दा, कंबल, चादर, मच्छरदानी, बर्तन सामग्री इत्यादि की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं।

<u>मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में लंबित बोनस भुगतान</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

23. (क्र. 743) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-2022 से जून, 2024 तक कितने पंजीकृत किसानों द्वारा कितने रकबा में कितना धान बेचा गया एवं उपरोक्त किसानों को कितनी राशि का बोनस प्रदान किया गया? **(ख)** ऐसे कितने किसानों की कितनी राशी का भुगतान लंबित है और लंबित होने के कारण क्या है? **(ग)** भुगतान हेतु लंबित किसानों को शीघ्र भुगतान हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं और कब तक भुगतान पूर्ण कर लिया जाएगा? विकासखण्डवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के विकासखण्ड पथरिया एवं मुंगेली में वर्ष 2021-22 से जून 2024 तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान एवं धान बीज विक्रय करने हेतु पंजीकृत किसान, धान बेचने वाले किसानो की संख्या, रकबा एवं मात्रा तथा किसानो को प्रदाय की गई आदान सहायता राशि की वर्षवार, विकासखण्ड़वार, संस्थावार **जानकारी प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में वर्ष 2023-24 के 01 किसान का बैंक खाता अक्रियाशील होने एवं 02 किसानो का भुगतान फाईल तैयार नहीं होने के कारण आदान सहायता राशि का भुगतान नहीं किया जा सका है। वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में किसी भी किसान को आदान सहायता राशि का भुगतान किया जाना शेष नहीं है। **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' अनुसार किसानों के बैंक खाते में आवश्यक सुधार कराकर आदान सहायता राशि भुगतान करने संबंधी कार्यवाही की जा रही है। भुगतान पूर्ण होने की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। विकासखण्ड़वार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-द अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

जिला बालोद में डी.ए.पी. व यूरिया खाद का स्टॉक

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

24. (क्र. 746) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिनांक 30 जून, 2024 की स्थिति में बालोद जिले में कुल कितना डी.ए.पी. व यूरिया खाद की क्लोजिंग स्टॉक शेष था, विकासखंडवार जानकारी देवें? यदि क्लोजिंग स्टॉक शेष था तो डी.ए.पी. व यूरिया की कमी का क्या कारण था? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 से जून, 2024 तक जिले में डी.ए.पी. व यूरिया खाद खपत की वित्तीय वर्ष व विधानसभावार जानकारी देवें? **(ग)** क्या इस वित्तीय वर्ष में पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले अधिक डी.ए.पी. व यूरिया खाद की आवश्यकता बनी है? प्रश्नांकित अवधि में केंद्र द्वारा कितना कितना डी.ए.पी. व यूरिया खाद कब कब उपलब्ध कराया गया है? समयवार व मात्रावार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला बालोद में दिनांक 01.04.2024 से 30.06.2024 (खरीफ मौसम में) तक कृषकों द्वारा क्रय (उठाव) उपरांत निजी व सहकारी क्षेत्र में डीएपी का कुल 369 मे.टन एवं यूरिया का कुल 6182.645 मे.टन स्कंध शेष था **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार** है। उक्त अवधि में इन उर्वरकों की कमी नहीं थी।**(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 से जून 2024 तक (01.04.2023 से 30.06.2024 तक) जिला बालोद में डी.ए.पी. एवं यूरिया वितरण की वित्तीय वर्षवार, विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' एवं 'स' अनुसार है।(ग)** उर्वरक खपत की तुलना वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर ही संभव है, अतः वर्तमान मे तुलनात्मक जानकारी दिया जाना संभव नहीं है। प्रश्नांकित अवधि में केन्द्र द्वारा प्रदाय डीएपी एवं यूरिया उर्वरक की **जानकारी प्रपत्र 'द' अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

जिला-महासमुंद अंतर्गत जैविक खेती मिशन हेतु चयनित ग्राम व प्रदत्त अनुदान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

25. (क्र. 755) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-महासमुंद में जैविक खेती मिशन के चयनित ग्राम-कौन-कौन से हैं? **(ख)** प्रशनांश 'क' के तहत महासमुंद जिले में उक्त योजना में 30-06-2024 की अवधि तक प्रदत्त अनुदान व सामान की राशि मदवार, विकासखंडवार बतायें । **(ग)** क्या महासमुंद जिले में कृषको को उक्त योजना में पावर स्प्रेयर क्रय करने हेतु निर्देशित किया गया है, यदि हाँ, तो क्या कारण है? यदि नहीं, तो इसकी कितनी शिकायत प्राप्त हुई? उन पर क्या कार्यवाही हुई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला-महासमुंद के विकासखण्ड बागबाहरा में जैविक खेती मिशन का संचालन वर्ष 2015-16 से प्रारंभ हुआ है। वर्ष 2015-16 से वर्ष 2024-25 में जून 2024 तक जैविक खेती हेतु चयनित ग्रामों की वर्षवार एवं विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' की अवधि में जैविक खेती मिशन हेतु चयनित कृषको को प्रदायित अनुदान एवं सामग्री में व्यय की गई राशि का वर्षवार, मदवार एवं विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ग)** जी नहीं। जिला महासमुंद में कृषकों को जैविक खेती मिशन में पावर स्प्रेयर क्रय करने हेतु निर्देशित नही किया गया है। उप संचालक कृषि, जिला-महासमुन्द द्वारा जैविक फसल प्रदर्शन अंतर्गत बैटरी कम हैण्ड आपरेटेड नेपसेक स्प्रेयर के भण्डारण हेतु छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को क्रय आदेश जारी करने संबंधी जानकारी प्राप्त होने पर उप संचालक कृषि, जिला-महासमुन्द के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

जिला-बालोद अंतर्गत कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित योजनायें एवं लाभान्वित हितग्राही

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

26. (क्र. 763) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कृषि विभाग के अंतर्गत बालोद जिले में केन्द्र एवं राज्य सरकार की कौन-कौन सी योजनाएँ

संचालित हैं? **(ख)** विगत 03 वर्षों में कृषि विभाग जिला बालोद को किन-किन योजनाओं/मदों में कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है एवं प्राप्त राशि का उपयोग किन-किन योजनाओं/मदों में कितना-कितना किया गया है? वर्षवार, योजनावार/मदवार जानकारी देवें। **(ग)** विगत 03 वर्षों में बालोद जिले के कितने हितग्राहियों/किसानों को विभाग की किन-किन योजनाओं से लाभान्वित किया गया है? जानकारी देवें।
आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला बालोद में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की **जानकारी संलग्न प्रपत्र- अ अनुसार** है। **(ख)** जिला बालोद में विगत 3वर्षों में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं अंतर्गत प्राप्त राशि एवं व्यय की योजनावार,वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र- "ब" एवं प्रपत्र-"स" अनुसार** है। **(ग)** विगत 3 वर्षों में बालोद जिले के लाभान्वित हितग्राहियों/किसानों की योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-"ब" एवं प्रपत्र-"स" अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

बीजापुर जिले में संचालित आश्रम/छात्रावास हेतु क्रय सामग्री

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

27. (क्र. 766) श्री विक्रम मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बीजापुर अंतर्गत वर्ष 2022 से जून, 2024 तक छात्रावास/आश्रमों के लिए क्या क्या सामग्रियाँ किस-किस मद से, कब-कब, किस-किस फर्म से किस-किस दर पर क्रय की गई? फर्मो को किए गए भुगतान की जानकारी फर्मवार, सामग्रीवार, विकासखण्डवार वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार क्या सामग्री क्रय में भण्डार क्रय नियम का पालन किया गया है? यदि नहीं तो कारण सहित बतावें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। जिले के विकासखंडों में संचालित छात्रावास/आश्रमों हेतु सामग्री का क्रय जिले से एक साथ किया गया है। **(ख)** जी हां। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

बीज निगम द्वारा सामग्रियों का क्रय एवं वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

28. (क्र. 767) श्री विक्रम मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बीज विकास निगम द्वारा वर्ष 2021-22 से 2023-24 की अवधि में उर्वरक, बीज, संकर बीज (हाईब्रीड), पेस्टीसाईड, माईक्रो न्यूट्रीयेन्ट, बायो फर्टिलाईजर क्रय किस प्रक्रिया के अंर्तगत कितनी मात्रा एवं राशि का किया गया ? क्या क्रय की गई सामग्रियों की नोटीफाईड (अधिसूचित) प्रयोगशाला में गुणवत्ता परीक्षण की शर्त रखी गई थी? वर्षवार, जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार किन-किन सामग्रियों के क्रय पश्चात गुणवत्ता परीक्षण नोटीफाईड (अधिसूचित) प्रयोगशाला से नहीं कराया गया है? वर्षवार, सामग्रीवार जानकारी देवें? इन सामग्रियों के लिए कितनी फर्मों को, कितनी राशि का भुगतान किया गया है? वर्षवार जानकारी देवें? **(ग)** क्रय की गई सामग्रियों का वितरण या विक्रय कितने हितग्राहियों को किया गया ? निःशुल्क, वितरण की दशा में कितने हितग्राहियों को किया गया ? **(घ)** विभाग की क्रय प्रक्रिया के विरूद्ध प्राप्त सामग्री से संबंधित फर्मों को बिल भुगतान के लिए किन-किन अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क), (ख), (ग) एवं **(घ) जानकारी संकलित की जा रही है।**

बेलतरा वि.स. क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों का नगरीय निकाय को हस्तांतरण

[आवास एवं पर्यावरण]

29. (क्र. 780) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड द्वारा कितनी आवासीय कॉलोनियों का निर्माण किया गया है ? क्या इन

कॉलोनियों को नगरीय निकाय को हस्तांतरित कर दिया गया है ? यदि हाँ तो किन-किन कालोनी को कब-कब ? **(ख)** क्या प्रश्नांश "क" के हस्तांतरित कॉलोनियों मूलभूत अधोसंरचना का कार्य, जो हाउसिंग बोर्ड द्वारा सम्पादित किया जाना था, को पूर्ण करने के पश्चात नगर निगम को हस्तांतरित किया गया ? यदि नहीं तो क्या इन कार्यों को नगर निगम द्वारा पूर्ण करने की सहमति प्रदान की गई ? **(ग)** क्या प्रश्नांश "ख" के मूलभूत अधोसंरचना के कार्य वर्तमान में पूर्ण कर लिये गये हैं ? यदि नहीं तो इस हेतु किसकी जिम्मेदारी है तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा 05 आवासीय कॉलोनियों का निर्माण किया गया है। जी, हां। हस्तांतरित कॉलोनियों का हस्तांतरित दिनांक निम्नानुसार है:-(1) दीनदयाल आवास योजना मंगला-दिनांक 08.03.2021(2) कुशाभाऊ ठाकरे आवास योजना मंगला-दिनांक 08.03.2021 (3) अटल विहार योजना चिल्हाटी-दिनांक 08.03.2021 (4) दीनदयाल आवास योजना बहतराई-दिनांक 08.08.2022 (5) सामान्य आवास योजना खमतराई-दिनांक 08.08.2022 **(ख)** जी, हां। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(ग)** जी, हां। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

जिला जांजगीर-चांपा व सक्ती जिले में कृषि व उद्यानकी विभाग द्वारा कृषि उपकरण की खरीदी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

30. (क्र. 787) श्री बालेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** ज़िला जाँजगीर-चाँपा व सक्ती जिले मे कृषि व उद्यानिकी विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 से 30/06/2024 तक बीज, ईसपेयर व धान कुटनी मशीन, ग्रास कटर मशीन, छोटा ट्रेक्टर एवं अन्य सामग्री की कब-कब निविदा निकाली गई? इनमें किन-किन मशीनों की कितनी राशि की खरीदी कोटेशन के आधार पर, की गई? **(ख)** प्रश्न "क" के तहत कितने किसानों को बीज, मशीनें व अन्य सामग्री को वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी को विकासखण्डवार कितनी-कितनी मात्रा में भेजा गया और कितने किसानों को वितरण किया गया? फर्म द्वारा खरीदी गई बीज, मशीनें व अन्य सामग्री की अनियिमतता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? कितने में कार्यवाही हुई, अवगत करावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला जांजगीर-चाम्पा में संचालनालय कृषि अंतर्गत कार्यालय उप संचालक कृषि द्वारा वर्ष 2020-21 से 30.06.2024 तक बीज, स्प्रेयर, धान कुट्टी मशीन, ब्रास कटर एवं छोटा ट्रैक्टर के क्रय हेतु कोई निविदा प्रकाशित नही की गई है अपितु रेनफेड एरिया डेव्हलपमेंट योजनांतर्गत वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में सीमित निविदा (कोटेशन) के माध्यम से क्रय किये गये अन्य सामाग्रियो की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। जिला सक्ती के गठन उपरांत दिनांक 01.04.2022 से 30.06.2024 तक कार्यालय उप संचालक कृषि द्वारा बीज, स्प्रेयर, धान कुट्टी मशीन, ब्रास कटर, छोटा ट्रैक्टर एवं अन्य सामाग्रियों के क्रय हेतु कोई निविदा निकाले जाने की जानकारी निरंक है। जिला-जांजगीर-चांपा व सक्ती जिले में संचालनालय उद्यानिकी द्वारा वर्ष 2020-21 से 30.06.2024 तक बीज, स्प्रेयर व धान कुटनी मशीन, ग्रास कटर मशीन, छोटा ट्रैक्टर एवं अन्य सामग्री का निविदा/कोटेशन के आधार पर किसी भी सामग्री की खरीदी नहीं की गई है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार जिला जांजगीर-चाम्पा मेसंचालनालय कृषि द्वारा रेनफेड एरिया डेव्हलपमेंट योजनांतर्गत सीमित निविदा (कोटेशन) के माध्यम से क्रय सामाग्रियों की सम्बंधित विकासखण्डों में भेजी गई मात्रा/संख्या एवं लाभान्वित किसानों की संख्या की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। उक्त समाग्रियों के क्रय में अनियमितता के सम्बंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अतः शेष जानकारी निरंक है। प्रश्नांश ''क'' अनुसार संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

जिला जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले में सामग्री क्रय

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

31. (क्र. 788) श्री बालेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**जिला जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले में विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 से 30/06/2024 तक किन -किन फर्मों से किन-किन संस्थानों के लिए क्या-क्या सामग्री का क्रय किया गया है? विस्तृत जानकारी देवें ? (ख) प्रश्न "क" अनुसार आदिवासी विभाग द्वारा किन- किन संस्था व NGO द्वारा प्रशिक्षण सामग्री की आपूर्ति कहां-कहां की गयी है ? विस्तृत जानकारी देवें ? **(ग)** प्रश्न "क" "ख"अनुसार यदि NGO द्वारा प्रशिक्षण दिया गया तो प्रशिक्षण देने हेतु NGO का चयन किस मापदंड के आधार पर किया गया? **(घ)** प्रश्न "क" "ख" एवं "ग" अनुसार विभाग द्वारा किस-किस विभाग में प्रशिक्षण हेतु राशि आबंटित की गयी एवं प्रशिक्षण का क्रियन्वयन किससे और कहां-कहां प्रशिक्षण कराया गया? विस्तृत जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार क्रय की गयी प्रशिक्षण सामग्री की आपूर्ति किसी संस्था के एन.जी.ओ. द्वारा नहीं की गई है। **(ग)** प्रश्नांक ''ख'' के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** प्रश्नांश ''क'', ''ख'' एवं ''ग'' अनुसार विभाग अंतर्गत किसी विभाग को प्रशिक्षण हेतु राशि आंबटित नहीं की गयी, न ही प्रशिक्षण का क्रियान्वयन कराया गया।

[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

32. (क्र. 795) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर शासन के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कितने मामलों में जांच प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है? कितने मामलों में जांच प्रक्रिया प्रचलन में है? कितनी शिकायतों में जांच प्रारंभ नहीं की गई है? क्यों नहीं की गई है? विभागवार नाम, पदनाम सहित जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार जिन शिकायतों के विरूद्ध जांच प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है उन्हें पदमुक्त करने एवं शासन के विरूद्ध धोखाधड़ी करने का F.I.R क्यो नहीं दर्ज कराया जा रहा है? कारण सहित समस्त जानकारी देवे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर शासन के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध 452 मामलों में जांच प्रक्रिया प्रचलन पूर्ण कर ली गई है। 72 मामलों में जांच प्रक्रिया प्रचलन में है। ऐसी कोई शिकायत नहीं है, जिसमें जांच प्रारंभ नहीं की गई है। अतः प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अनुसार जिन शिकायतों के विरुद्ध जांच प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है उन्हें पदमुक्त करने एवं शासन नियमानुसार एफ.आई.आर. दर्ज कराने सहित वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश छानबीन समिति द्वारा संबधित नियोक्ता विभाग को दिए गए है। जिसके तारतम्य में विभागों द्वारा प्रकरणों में **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** में दर्शित अनुसार कार्यवाही की गई है।

फर्जी जाति प्रमाण के आधार पर नौकरी करने वाले शासकीय सेवकों पर कार्यवाही

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

33. (क्र. 803) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- प्रदेश के कितने शासकीय सेवकों के जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाये गये हैं ? उपरोक्त शासकीय सेवकों के खिलाफ अब तक क्या-क्या कार्रवाई की गई है ? शासकीय सेवक का नाम, कार्यरत विभाग का नाम सहित जानकारी, विभागवार बताएं ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत 230 शासकीय सेवकों

के जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाये गये है। उपरोक्त शासकीय सेवकों के खिलाफ की गई कार्यवाही, नाम, विभाग का नाम सहित विभागवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

जिला महासमुंद में पर्यावरण प्रदूषण की शिकायतों पर कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

34. (क्र. 804) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले के किन-किन संयंत्रों के खिलाफ वर्ष 2021 से लेकर दिनांक 30/06/24 तक पर्यावरण प्रदूषण की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? प्राप्त शिकायतों के खिलाफ क्या-क्या कार्रवाई की गई है ? संयंत्र के नाम, की गई कार्रवाई की जानकारी विकासखण्डवार बताएं ? **(ख)** पर्यावरण प्रदूषण रोकने हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या कदम उठाए गए हैं ? विस्तार से जानकारी दें ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**(ख)** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उद्योगों से प्रदूषण रोकने हेतु उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की स्थापना, उनका सतत् संचालन, प्रदूषकों का स्तर निर्धारित मानक सीमा के अनुरूप रखा जाना, वृक्षारोपण, ठोस अपशिष्टों का अपवहन एवं निपटान नियमानुसार कराया जाना सुनिश्चित किया जाता हैं। ताप विद्युत संयंत्र, स्पंज आयरन संयंत्र की चिमनियों में उत्सर्जन के सतत परिमापन के लिये आनलाईन कंटीन्यूअस एमीशन मानिटरिंग सिस्टम स्थापित कराया गया है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उद्योगों का समय-समय पर निरीक्षण कर निगरानी रखी जाती है। उद्योगों के निरीक्षण के दौरान उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में उद्योगों के विरुद्ध जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् नोटिस, उत्पादन बंद/विद्युत विच्छेदन के निर्देश जारी किये जाते है तथा पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाती है। इन उद्योगों द्वारा की गई समाधानात्मक कार्यवाहियों का पुनः परीक्षण कर तदानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड, में प्रबंध संचालक की नियुक्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

35. (क्र. 807) श्री इंद्र साव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मण्डी बोर्ड में प्रबंध संचालक की नियुक्ति कैसे की जाती है ? इस पद पर कौन रह सकता है ? योग्यता व मापदण्ड बताएं ? **(ख)** क्या दिनांक 28 जून, 2024 तक छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड में किसी अधिकारी को प्रबंध संचालक का प्रभार दिया गया है ? यदि हां, तो किस नियम के तहत दिया गया है ? क्या उन्हें वित्तीय प्रभार भी दिया गया है ? यदि हां, तो क्या इसकी वित्त विभाग से सहमति ली गई है, कृपया बताएं ? **(ग)** क्या वर्तमान में यहां प्रबंध संचालक की संविदा नियुक्ति की गई है ? यदि हां, तो किस नियम के तहत की गई है ? क्या जिनकी नियुक्ति की गई है वे उक्त पद की पात्रता रखते हैं ? क्या उन पर कोई विभागीय जांच या आपराधिक प्रकरण दर्ज है? जानकारी दें ? **(घ)** उक्त अधिकारी का प्रथम नियुक्ति दिनांक ,पद व वेतनमान क्या है ? उन्हें कब-कब प्रमोशन दिया गया ? प्रमोशन का आधार क्या था ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) छ.ग. कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972 (क्र 24 सन् 1973) की धारा 42 घ में प्रदत्त अधिकार तथा राज्य मण्डी बोर्ड सेवा विनियम 1998 के विनियम 5 एवं 6 की अनुसूची 3 के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रबंध संचालक की नियुक्ति की जाती है। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी इस पद पर रह सकता है। **(ख)** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के आदेश क्र./ई 1-03/2024/एक-2/नवा रायपुर, दिनांक 18.01.2024 द्वारा श्री महेन्द्र सिंह सवन्नी, अतिरिक्त प्रबंध संचालक, मण्डी बोर्ड को प्रबंध संचालक, मण्डी बोर्ड के पद पर पदस्थ किया गया। मण्डी अधिनियम की धारा 42-च में प्रबंध संचालक की कर्तव्य एवं शक्तियां उल्लेखित है। **(ग)** जी, हां। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 9-6/2024/1-8, नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक

28.06.2024 द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के नियम 4(2) के तहत् श्री महेन्द्र सिंह सवन्नी अतिरिक्त प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड को उनकी सेवानिवृत्ति दिनांक 30.06.2024 के उपरांत दिनांक 01.07.2024 से 6 माह के लिए, संविदा पर नियुक्त करते हुए, अस्थाई रूप से प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड के पद पर पदस्थ किया गया। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के अनुसार संविदा नियुक्ति दी गई। **(घ)** उक्त अधिकारी की प्रथम नियुक्ति दिनांक 30.11.1985, सचिव वर्ग- 4, वेतनमान 685-15-800-20-900-25-950 है। सचिव कनिष्ठ से सचिव वरिष्ठ वर्ष 2005, सचिव वरिष्ठ से सचिव वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वर्ष 2008, सचिव वरिष्ठ प्रवर श्रेणी से संयुक्त संचालक वर्ष 2011, संयुक्त संचालक से अपर संचालक वर्ष 2014, अपर संचालक से अतिरिक्त प्रबेध संचालक वर्ष 2018, छत्तीसगढ़ कृषि विपणन बोर्ड की सेवा विनियम 1998 के विनियम 06,11,14 एवं 15 के प्रावधान तथा अनुसूची 7 एवं 8 में पदोन्नति की पात्रता एवं पदोन्नति समिति के विवरण और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पदोन्नति नियम 2003 के आधार पर नियमानुसार पदोन्नति की गई है।

<u>छ.ग. राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड की ई- निविदा (ई-टेंडर) की जांच</u>

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

36. (क्र. 813) श्री इंद्र साव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- मण्डी बोर्ड में ई-निविदा किस माध्यम से जारी की जाती है? माह जुलाई, 2023 से 30/06/2024 तक जितने भी ई-निविदा (ई-टेंडर) खोले गए हैं, उसमें बिड वैलिडिटी पीरियड की जानकारी देवें? क्या सभी ई-टेंडर निर्धारित समय-सीमा के भीतर खोले गए हैं? यदि नहीं तो ऐसे कितने ई-टेंडर हैं, जिनका बिड वैलिडिटी पीरियड समाप्त होने के बाद खोला गया है? जितने भी ई-टेंडर में विलंब हुए हैं, क्या उस पर जांच टीम गठित हुई है? यदि नहीं, तो क्या ऐसे प्रकरणों की जांच करवायेंगे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : मंडी बोर्ड में ई-निविदा चिप्स के माध्यम से जारी की जाती है। माह जुलाई, 2023 से 30.06.2024 तक कुल 116 ई-टेण्डर खोले गये हैं, उसमें बिड वैलिडिटी पीरियड की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।** 115 ई-टेण्डर निर्धारित समय सीमा में खोले गये मात्र 01 ई-टेण्डर क्रमांक 147322, विधानसभा आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण और किसी भी निविदाकार की आपत्ति न होने के कारण बिड वैलिडिटी पीरियड समाप्त होने के पश्चात् दिनांक 16.02.2024 को खोली गयी तथा प्राप्त न्यूनतम निविदा दर को पत्र क्र. 7612 दिनांक 23.02.2024 द्वारा स्वीकृत किया जाकर न्यूनतम निविदाकार को अनुबंध हेतु सूचना दी गयी। निविदाकार द्वारा ''बिड वैलिडिटी'' समाप्त होने के कारण अनुबंध करने से इंकार किया गया। संपूर्ण कार्यवाही नियमानुसार है, अतः जांच का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

<u>जिला धमतरी के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विभाग द्वारा क्रय की गई सामग्री</u>

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

37. (क्र. 816) श्री ओंकार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला धमतरी के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विभाग द्वारा वर्ष 2021 से 2023-24 तक किन-किन फर्मों से किन-किन संस्थानों के लिए, क्या-क्या सामग्री का क्रय किया गया है? जानकारी देवें? **(ख)** जिला धमतरी के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विभाग द्वारा वर्ष 2021 से 2023-24 तक किन-किन स्वयं सेवी संस्था NGO द्वारा प्रशिक्षण एवं सामग्री की आपूर्ति कहां-कहां की गयी है? विस्तृत जानकारी देवें? **(ग)** यदि NGO द्वारा प्रशिक्षण दिया गया तो प्रशिक्षण देने हेतु NGO का चयन किस मापदंड के आधार पर किया गया? **(घ)** जिला धमतरी के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग द्वारा वर्ष 2021 से 2023-24 तक किस-किस विभाग में प्रशिक्षण हेतु राशि आबंटित की गयी एवं प्रशिक्षण का क्रियान्वयन किससे कराया गया? इस प्रशिक्षण में किन-किन नियमों का पालन किया गया और कहां-कहां प्रशिक्षण कराया गया? विस्तृत जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** वर्ष

2021 से 2023-24 तक किसी भी स्वयं सेवी संस्था एन.जी.ओ. द्वारा प्रशिक्षण एवं सामग्री की आपूर्ति नहीं की गई है। **(ग)** प्रश्नाश ''ख'' के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** वर्ष 2021 से 2023-24 तक किसी भी विभाग को प्रशिक्षण हेतु राशि आबंटित नहीं की गई है एवं कोई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन नहीं किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

जिला राजनांदगांव के कृषकों को रासायनिक उर्वरक वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

38. (क्र. 823) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2024-25 में जिला राजनांदगांव के कृषकों को रासायनिक उर्वरक वितरण करने का कितना लक्ष्य सहकारी (समितिवार) एवं निजी क्षेत्र में रखा गया है? दिनांक 01 मार्च, 2024 से 03 जुलाई, 2024 तक कितनी मात्रा में रासायनिक उर्वरक जिला-राजनांदगांव को प्राप्त हुआ और उसमें कितनी मात्रा का कितने कृषकों को वितरण कर दिया गया है? **(ख)** उर्वरकों को सहकारी एवं निजी विक्रेताओं को किस अनुपात में आबंटित किया जाता है? उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 (एफसीओ) के अंतर्गत सहकारी एवं निजी क्षेत्र में उर्वरक वितरण का अनुपात क्या है एवं उर्वरक का वितरण, उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के किस खंड के तहत किया जाता है? **(ग)** उर्वरकों का नियमानुसार वितरण नहीं होने पर किस अधिकारी पर क्या कार्यवाही की गयी है? समितिवार एवं रासायनिक उर्वरकवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2024-2025 में जिला राजनांदगांव के कृषकों को रासायनिक उर्वरक वितरण करने का सहकारी क्षेत्र में 44900 मे.टन एवं निजी क्षेत्र में 16700 मे.टन लक्ष्य रखा गया है सहकारी समितिवार रासायनिक उर्वरक के वितरण के लक्ष्य **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ तथा निजी क्षेत्र से वितरण का लक्ष्य संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** दिनांक 01 मार्च, 2024 से 03 जुलाई, 2024 तक सहकारी एवं निजी क्षेत्र में रासायनिक उर्वरक भंडारण एवं कृषकों को वितरण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।(ख)** कृषि विभाग द्वारा रासायनिक उर्वरकों की सहकारी एवं निजी क्षेत्र के लिये आँकलित मांग अनुसार सहकारी क्षेत्र में उर्वरक की आपूर्ति मार्कफेड द्वारा की जाती है। सहकारी समितियों में पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उर्वरक रेक की सामान्यतः 60 प्रतिशत मात्रा (आवश्यकता पड़ने पर बढ़ायी जाती है) मार्कफेड द्वारा भंडारित की जाती है। उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 (एफसीओ) के अंतर्गत सहकारी एवं निजी क्षेत्र में उर्वरक वितरण का अनुपात निर्धारित करने संबंधी उल्लेख नहीं है, इसी प्रकार उर्वरक का वितरण उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 के खण्ड 3 एवं 6 के तहत् किया जाता है। **(ग)** समितिवार रासायनिक उर्वरकवार उर्वरकों का नियमानुसार वितरण नहीं होने संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः कार्यवाही की जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

राजनांदगांव जिला में पंजीकृत किसानों को बोनस राशि का वितरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

39. (क्र. 824) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव जिला में वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में कितने पंजीकृत किसानों को कुल कितनी राशि का बोनस वितरण किया गया एवं जिले में कितने किसानों को बोनस वितरण राशि अभी तक अप्राप्त है एवं किस कारण से अप्राप्त है? **(ख)** जिन पंजीकृत किसानों की मृत्यु हो गयी हो, परिवार विभाजन हो गया हो, खाते में बंटवारा हुआ हो, अन्य खातेदार का नाम चढ़ गया हो एवं जमीन की खरीदी-बिक्री हो गयी हो, ऐसे किसानों की बोनस राशि के वितरण के लिये क्या प्रावधान हैं तथा उक्त किसानों का चिन्हांकन कैसे किया जावेगा? **(ग)** उनकी बोनस राशि किस माध्यम से तथा कब तक वितरित कर दी जायेगी? बोनस वितरण अप्राप्त किसानों की विकासखंडवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) अविभाजित राजनांदगांव जिला में धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2015-16 में 75,657 पंजीकृत कृषको को रु. 8877.58 लाख प्रोत्साहन राशि

का भुगतान किया गया है एवं 767 कृषको को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाना शेष है। वर्ष 2016-17 में पंजीकृत सभी 1,15,635 कृषको को रु. 15639.68 लाख प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा चुका है। पंजीकृत एवं पात्र किसानों को प्रदाय तथा प्रदायगी हेतु शेष प्रोत्साहन राशि की कारण सहित वर्षवार, संस्थावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र- अ अनुसार है। (ख)** वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों में से वर्तमान स्थिति में जिन किसानों की मृत्यु हो गई हो, परिवार विभाजन हो गया हो, खाते में बंटवारा हुआ हो, अन्य खातेदार का नाम चढ़ गया हो एवं जमीन की खरीदी-बिक्री हो गई हो, ऐसे किसानों को प्रोत्साहन राशि के वितरण के संबंध में राज्य शासन के परिपत्र क्रमांक/4685/एफ-02/03/धा.प्रो.यो./2023/14-2 दिनांक 21.12.23 के द्वारा निम्नानुसार प्रावधान किये गये हैं- (1) ''कृषक, जिनके द्वारा वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान विक्रय उपरांत भूमि विक्रय की जा चुकी है/पारिवारिक बंटवारा हो चुका है, ऐसी दशा में मूल काश्तकार, जिन्होंने धान विक्रय किया था, उन्हे धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान नियमानुसार किया जाएगा।'' (2) ''ऐसे हितग्राही, जिनके मृत्यु होने, बैंक द्वारा डिफाल्टर घोषित करने या उनके कानूनी उतराधिकारी घोषित करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण, धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का लाभ नहीं मिल पाया हो, के द्वारा राशि वितरण की निर्धारित तिथि के उपरांत तत्काल संबंधित सहकारी समिति में सुसंगत दस्तावेजों सहित (मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान प्रमाण पत्र इत्यादि की जानकारी) पूर्ण विवरण के साथ आवेदन प्रस्तुत करेंगे। समिति प्रबंधक को कृषक से प्राप्त आवेदन का परीक्षण/निराकरण हेतु तहसील मॉड्यूल में ऑनलाईन प्रस्तुत करेंगे। तहसील स्तर पर संबंधित अधिकारियों से परीक्षण कराकर वारिसान का निर्धारण कर ऑनलाईन निराकरण करेंगे।'' **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' अनुसार वैध वारिसान से आवेदन प्राप्त होने पर तहसील से सत्यापन कराकर सही बैंक खाता प्राप्त कर बैंक के माध्यम से भुगतान की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में प्रोत्साहन राशि के भुगतान हेतु शेष किसानों की संख्या व राशि की वर्षवार, विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

प्रदेश में किसानों को वितरित की जाने वाली खाद

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

40. (क्र. 832) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सरकार द्वारा प्रदेश में किसानों को कौन-कौन से खाद वितरित किए जाते हैं? वितरित किए जाने वाले खाद की कुल आवश्यकता प्रतिवर्ष कितनी होती है? वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-2025 में जून 2024 तक की वर्षवार जानकारी देवें? आवश्यकता के अनुरूप खाद की उपलब्धता की मात्रा क्या है? वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान समय में कौन-कौन से खाद कितने किसानों को वितरित किये गए हैं? आवश्यकता के अनुरूप खाद उपलब्ध कराया गया है या नहीं? यदि नहीं तो कब तक उपलब्ध करा दिया जावेगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं **(ख)** की **जानकारी संकलित की जा रही है।**

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में संचालित आश्रम/छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

41. (क्र. 839) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र मे कहाँ-कहाँ पर छात्रावास/आश्रम संचालित है ? कौन-कौन से स्वयं के भवन में एवं कौन-कौन से छात्रावास/आश्रम किराये के भवन में संचालित हैं ? विकासखंडवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका"क" के अनुसार विगत तीन वर्षों में किन-किन छात्रावास/आश्रमों की मरम्मत, नवीन भवन निर्माण के लिए कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है? इन कार्यों की भौतिक स्थिति क्या है? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

बस्तर संभाग में संचालित आश्रम-शालायें

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

42. (क्र. 849) श्री कवासी लखमा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग में कितने आश्रम-शालायें, छात्रावास संचालित हैं? विकासखंडवार, जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या संचालित सभी संस्थाओं के स्वयं के भवन हैं और उसका संचालन स्वयं के भवन में किया जा रहा है? **(ग)** क्या सभी संस्थाएं अपने स्वीकृत मूल स्थान पर संचालित हैं? यदि नहीं तो क्यों? नाम सहित, स्थलवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विकासखण्डवार, जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं, बस्तर संभाग में संचालित 1133 संस्थाओं में से 933 संस्थाओं के स्वयं के भवन हैं और उनका संचालन स्वयं के भवन में किया जा रहा है। **(ग)** जी नहीं। जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

43. (क्र. 864) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 01 जुलाई 2024 तक कुल कितने हितग्राहियों को व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं? वर्षवार, विकासखंडवार, जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका "क" में उल्लेखित समयावधि के दौरान के कितने प्रकरण लंबित हैं? कारण सहित पंचायत वार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नाधीन अवधि में 71 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं 12 सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं। वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** ग्राम पंचायत परेवाडीह में 48 प्रकरण व्यक्तिगत वन अधिकार एवं ग्राम पंचायत आयबांधा में 01 प्रकरण सामुदायिक वन अधिकार का ग्रामसभा स्तर से लंबित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

अमानक बीज, नकली उर्वरक एवं कीट नाशक दवाई विक्रय /भण्डारण की प्राप्त शिकायतें

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

44. (क्र. 866) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अ.चौकी जिले में वर्ष 2022-23 से 1 जुलाई, 2024 तक अमानक बीज, नकली उर्वरक व कीटनाशक दवाई विक्रय /भंडारण किए जाने के संबंध में किन-किन कंपनियों /व्यवसायियों के विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई है तथा शिकायत प्राप्ति के पश्चात किन-किन के विरुद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई है ?वर्षवार, विकासखंडवार बताएं ? **(ख)** उक्तावधि में किन-किन बीज कंपनियों के विरुद्ध खरीदे गए फसल की राशि तथा फसल क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई है एवं प्राप्त शिकायत पर क्या-क्या कार्रवाई की गई ? वर्षवार, विकासखंडवार बताएं?
आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) राजनांदगांव एवं मोहला मानपुर-अ.चौकी जिले में वर्ष 2022-23 से 1 जुलाई,2024 तकअमानक बीज, व नकली कीटनाशकों के विक्रय/भण्डारण के संबंध

में कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है। नकली उर्वरक के संबंध में प्राप्त शिकायत एवं कृत कार्यवाही की वर्षवार, कंपनीवार/व्यवसायीवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)** प्रश्नांकित अवधि में बीज कंपनियों के विरुद्ध खरीदे गए फसल की राशि तथा फसल क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायतें प्राप्त नही हुई है। अतःशेष जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

बस्तर संभाग में गोठानों का कार्य संचालन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

45. (क्र. 871) श्री बघेल लखेश्वर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग के जिलों में मार्च, 2023 की स्थिति में ऐसे कितने गोठान थे, जहां महिला स्व- सहायता समूह के माध्यम से महिलायें स्व-रोजगार, कुटीर उद्योग अथवा लघु व्यवसाय से जुड़ी थीं? जिलेवार गोठानों की संख्या, महिला स्व-सहायता समूहों की संख्या, स्व-रोजगार से जुड़ी कुल महिलाओं की संख्या की जानकारी देंवे? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' में उल्लेखित गोठानों के कार्यसंचालन की अद्यतन स्थिति सहित छ0ग0 शासन के द्वारा इन गोठानों में संलग्न महिला स्व-सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु अनुदान राशि/सहायता राशि स्वीकृत की गई हो तो जानकारी देंवे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) बस्तर संभाग के जिलों में मार्च, 2023 की स्थिति में कुल 1241 गोठान थे, जहां महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से महिलायें स्व-रोजगार, कुटीर उद्योग अथवा लघु व्यवसाय से जुड़ी थीं। **जिलेवार गोठानों, महिला स्व-सहायता समूहों व स्व-रोजगार से जुड़ी महिलाओं की जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश "क" में उल्लेखित गोठानों के कार्य अद्यतन 13 गोठानों में संचालित है, छ0ग0 शासन द्वारा इन गोठानों में संलग्न महिला स्व-सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु अनुदान/सहायता राशि स्वीकृति की जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

बस्तर संभाग के जिलों में आदिवासी बालक/बालिका आश्रम छात्रावासों का संचालन

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

46. (क्र. 872) श्री बघेल लखेश्वर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग के अधीन संचालित आदिवासी बालक/बालिका आश्रम, छात्रावासों में से ऐसे कितने आश्रम छात्रावास हैं, जिनका स्वंय भवन नहीं है अथवा भवन जर्जर/अत्यंत जर्जर हैं तथा शौंचालयों की स्थिति खराब है? **(ख)** बस्तर संभाग में कुल कितने आदिवासी बालक/बालिका आश्रम, छात्रावास हैं इनमें से कितनों में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था है तथा कितनों में नहीं है? बालक, बालिका आश्रम/छात्रावासों पृथक-पृथक जानकारी देंवे? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' एवं ''ख'' के परिपेक्ष्य में सरकार/विभाग की क्या कार्ययोजना है, कृपया स्पष्ट करें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश ''क'' एवं ''ख'' के परिपेक्ष्य में भवन विहीन संस्थाओ के भवन निर्माण बजट उपलब्धता अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकारो से प्रतिवर्ष स्वीकृत हो रहे है। जर्जर अथवा अत्यंत जर्जर भवन को भी उपयोग योग्य नही होने पर नवीन भवन की स्वीकृत प्राप्त की जाती है। मरम्मत योग्य शौचालयों को अनुरक्षण मद से सुधार किया जाता है अथवा उपयोग योग्य नही होने पर नवीन शौचालय के निर्माण भी केन्द्र सरकार के बजट से कराये जाते है। महिला सुरक्षा गार्ड की उपलब्धता अनुसार कन्या छात्रावास/आश्रमों में पदस्थ किये गये है, जहां पर होम गार्ड उपलब्ध नही हो पाते है वहॉ विभागीय महिला चौकीदार की व्यवस्था की जाती है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

गोबरा नवापारा में विस्थापितों का पुनर्वास

[आवास एवं पर्यावरण]

47. (क्र. 878) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को गोबरा नवापारा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत विस्थापितों के पुनर्वास हेतु रायपुर जिला के कलेक्टर द्वारा भूमि आबंटन के सबंध में कोई पत्र 1 फरवरी, 2024 से 31 मार्च, 2024 में मध्य प्रेषित की गई है? **(ख)** यदि हां, तो छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा उक्त पत्र पर क्या कार्रवाई की गई है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी, हां। रायपुर जिला कलेक्टर द्वारा अटल विहार योजना के लिए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को गोबरा-नवापारा में आबंटित भूमि रकबा 26.248 हेक्टेयर में से 5 एकड़ भूमि अतिक्रामकों के व्यस्थापन हेतु हस्तांतरण किए जाने के संबंध में पत्र क्रमांक 1264 दिनांक 07.03.2024 प्रेषित किया गया है।**(ख)** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा उक्त पत्र पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

अभनपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा उर्वरक

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

48. (क्र. 881) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2022 से जून, 2024 के मध्य अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन सोसाइटियों के माध्यम से, कितनी कितनी मात्रा में, कौन-कौन से उर्वरक किन दरों पर किसानों को विक्रय किए गए? कृपया वर्षवार जानकारी देवें। **(ख)** क्या उपरोक्त अवधि में गुणवत्ताहीन उर्वरक तथा उर्वरकों की कमी की कोई शिकायत विभाग को प्राप्त हुई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जनवरी 2022 से जून 2024 के मध्य अभनपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले विकासखंड अभनपुर एवं आरंग में किसानों को विक्रय किये गये उर्वरकों की समितिवार, उर्वरकवार एवं वर्षवार विक्रय मात्रा एवं विक्रय दर की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।(ख)** उपरोक्त अवधि में गुणवत्ताहीन उर्वरक एवं उर्वरक कमी की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः जानकारी निरंक है।

जिला दुर्ग अंतर्गत किसानों का फसल बीमा

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

49. (क्र. 885) श्री ललित चंद्राकर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला दुर्ग के विभिन्न किसानों का 1 अप्रैल 2021, से 30 जून 2024 तक कितने हेक्टेयर खरीफ व रबी फसलों का बीमा किया गया है? वर्षवार, तहसीलवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका 'क' के संदर्भ में कितने किसानों द्वारा रबी फसल हेतु बीमा का आवेदन किया गया है, कितने किसानो का आवेदन निरस्त किया गया है एवं क्यों? **(ग)** कंडिका 'क' एवं 'ख' के संर्दभ में क्या रबी फसल बीमा से संबंधित शिकायतें आयी हैं, यदि हां तो इसमें क्या कार्यवाही की गयी है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में कृषि फसलो के फसल बीमा योजना हेतु संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 01 अप्रैल 2021 से जून 2024 तक जिला दुर्ग में मौसम खरीफ एवं रबी में मौसमवार, वर्षवार एवं तहसीलवार बीमित फसल रकबे की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। प्रश्नाधीन अवधि में ही उद्यानिकी फसलो के बीमा हेतु संचालित पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत जिला दुर्ग में मौसम खरीफ एवं रबी में मौसमवार, वर्षवार एवं तहसीलवार बीमित फसल रकबे की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ख)** कंडिका ''क'' के संदर्भ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल में रबी फसलों के बीमा हेतु 85,718 कृषकों द्वारा आवेदन किया गया था, जिसमें से 488 कृषको के आवेदन निरस्त किये गये। वर्षवार आवेदन की संख्या एवं निरस्त होने का कारण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार** है। पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत

कुल 2,014 किसानों द्वारा रबी मौसम में फसल बीमा हेतु आवेदन किया गया है तथा किसी भी किसान के आवेदन को निरस्त नहीं किया गया है। **(ग)** कंडिका ''क'' एवं ''ख'' के संदर्भ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी फसलो के बीमा के संबंध में प्राप्त शिकायतें और उन पर की गई कार्यवाहियों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-द अनुसार** है। पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी फसलो के बीमा से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

रासायनिक उर्वरक, बीज आदि की मांग तथा पूर्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

50. (क्र. 889) डॉ. चरण दास महंत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खरीफ वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में रासायनिक उर्वरक तथा बीज का वितरण लक्ष्य तथा पूर्ति, निजी क्षेत्र एवं सहकारी क्षेत्र का अलग-अलग उर्वरक के प्रकार एवं बीज की प्रजातिवार बताएं? बीज के स्त्रोत एवं मात्राएं भी बताएं? **(ख)** रासायनिक उर्वरकों तथा बीज की क्रय दरें तथा विक्रय दरें क्या-क्या हैं? **(ग)** किस प्रकार के उर्वरकों तथा बीजों की पूर्ति किसानों की मांगों के अनुरूप समय पर नहीं की जा सकी और उसके कारण क्या हैं? **(घ)** खरीफ सीजन समाप्त होने पर रासायनिक उर्वरक तथा बीज की कितनी-कितनी मात्राएं कहां-कहां शेष रही थीं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) , **(ख), (ग)** एवं **(घ)** की **जानकारी संकलित की जा रही है।**

जिला-सरगुजा अंतर्गत वितरित पॉवर विडर की गुणवत्ता की प्राप्त शिकायतें

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

51. (क्र. 900) श्री प्रबोध मिंज : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विगत तीन वर्षों में सरगुजा जिले में कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा कुल कितने पावर विडर, किस-किस विकास खण्ड में वितरित किए गए? पॉवर विडर के सप्लायर कम्पनियों के नाम एवं किस मॉडल के यन्त्र, कितनी राशि के कृषकों को दिये गये ? **(ख)** क्या पॉवर विडर की गुणवत्ता को लेकर शासन/प्रशासन को कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हुई है तो, क्या उसकी जांच हुई है? यदि नहीं तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विगत तीन वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में कृषि विभाग द्वारा कृषकों को अनुदान पर 344 पावर वीडर एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा 429 पावर वीडर वितरित किये गए हैं। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा वितरित पावर वीडर के सप्लायर कंपनियों के नाम, माँडल एवं प्रति नग इकाई की दर की जानकारी की विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र- स अनुसार** है। **(ख)** जिला सरगुजा में कृषि एवं उद्यानिकी द्वारा वितरित पावर वीडर की गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है, अपितु दैनिक समाचार पत्र नवभारत में दिनांक 17 जून 2021 को प्रकाशित समाचार के परिपेक्ष्य में संचालनालय उद्यानिकी द्वारा रायपुर, बेमेतरा एवं जगदलपुर जिले में वितरित पावर वीडर की जांच कराई गई जिसमें कृषकों के द्वारा पावर वीडर को चलाकर दिखाया गया तथा पावर वीडर सही हालत में पाये गए । इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जिलों में वितरित पावर वीडर के संबंध में प्राप्त अन्य शिकायतों की जांच हेतु अपर संचालक कृषि की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई है। जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत ग्रामों में तालाबों को पाटा जाना

[आवास एवं पर्यावरण]

52. (क्र. 907) श्री रामकुमार यादव : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से जून, 2024 तक कौन कौन से ग्रामों के तालाबों एवं खेल मैदान को किस प्रकार से और कहाँ से मिट्टी, राखड़, पत्थर वगैरह लाकर पाटा गया है? विस्तृत विवरण देवें। **(ख)** क्या तालाबों एवं खेल मैदान को पाटे जाने हेतु पावर प्लांटों के राखड़ का उपयोग किया गया है? यदि हां, तो क्या इसकी विभाग से अनुमति ली गई है? बतावें। **(ग)** क्या ग्राम कटौद, विकासखण्ड डभरा में खइया तालाब एवं खेल मैदान को राखड़ से पाटने की शिकायत ग्रामीणों ने की है? क्या इस हेतु क्या सरपंच ने अनुमति प्रदान की है? प्राप्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) विभाग द्वारा प्रश्नाधीन अवधि में विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के ग्रामों के तालाबों एवं खेल मैदान को फ्लाई ऐश से पाटने हेतु अनुमति नहीं दी गई है। अतः जानकारी निरंक है।**(ख)** प्रश्नांश 'क' के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है।**(ग)** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला-सक्ती का पत्र दिनांक 30/05/2024 एवं क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में प्राप्ति दिनांक 04/07/2024 के माध्यम से ग्राम-कटौद के खईया तालाब (निस्तारी तालाब) में फ्लाई ऐश पाटे जाने के संबंध में शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डभरा, जिला सक्ती के पत्र क्रमांक 1129, दिनांक 29.05.2024 द्वारा कलेक्टर, जिला सक्ती को प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार उक्त राखड़ पाटने के संबंध में ग्राम पंचायत के द्वारा पंचायत प्रस्ताव किया जाना सरपंच के द्वारा बताया गया।प्राप्त पत्र के परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के कार्यालयीन टीम द्वारा दिनांक 10/07/2024 को स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर राखड़ डंप किया जाना नहीं पाया गया। पूर्व में डाले गये राखड़ के ऊपर मिट्टी की परत का बिछा होना पाया गया एवं प्रदूषण की स्थिति सामान्य पायी गयी। निरीक्षण के दौरान मेसर्स डी.बी. पॉवर लिमिटेड के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मेसर्स डी.बी. पॉवर लिमिटेड द्वारा पत्र दिनांक 10/07/2024 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा ग्राम-कटौद में किसी प्रकार का फ्लाई ऐश डंप नहीं किया गया है। अत: आगामी कार्यवाही हेतु कार्यालय कलेक्टर, जिला-सक्ती को पत्र दिनांक 12/07/2024 के माध्यम से फ्लाई ऐश पाटने वाले ताप विद्युत संयंत्र के नाम की पुष्टि हेतु दस्तावेज प्रेषित करने का अनुरोध किया गया है। कार्यालय कलेक्टर, जिला-सक्ती से जानकारी अप्राप्त है। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

जिला सक्ती के अंतर्गत सड़क मार्गों की प्रशासकीय स्वीकृति पश्चात वित्त विभाग से अनुमति

[वित्त]

53. (क्र. 908) श्री रामकुमार यादव : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सक्ती के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक कितने सड़क मार्गों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है? विवरण देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार कितने कार्यों की वित्त विभाग से अनुमति मिली है और कितने में नहीं मिली है? विवरण देवें? **(ग)** क्या सड़क मार्ग सिंघीतराई-कथर्रापाली-बेनीपाली-ओडेकेरा-देवरहा तक एवं कनाईडीह से दर्री नवापारा तक मार्ग की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद भी वित्त विभाग से अनुमति नही मिली है? यदि हां, तो क्यों और कब तक अनुमति दी जावेगी ?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जिला सक्ती के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक वित्तीय स्वीकृति प्रदाय सड़क मार्गो की जानकारी **"संलग्न प्रपत्र अनुसार"** है। **(ख)** प्रश्नांश "क" की जानकारी में उल्लेखित समस्त कार्यो को वित्त विभाग द्वारा वित्तीय स्वीकृति दी गई है। **(ग)** सड़क मार्ग सिंघीतराई-कथर्रापाली-बेनीपाली-ओडेकेरा-देवरहा तक एवं कनाईडीह से दर्री नवापारा तक मार्ग की वित्त विभाग द्वारा अनुमति विचाराधीन है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

बिलासपुर के बहतराई और खामतराई में निर्मित अटल आवास निर्माण

[आवास एवं पर्यावरण]

54. (क्र. 919) श्री देवेन्द्र यादव : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर के बहतराई और खामतराई में निर्मित अटल आवास निर्माण की अनुज्ञा किन शर्तों के तहत, कब और कितने आवास की दी गयी है? **(ख)** अटल आवास निर्माण के बाद क्या विभाग द्वारा मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चितता को लेकर कोई निरीक्षण किया गया? यदि हां, तो कब किया गया, निरिक्षण उपरांत क्या पाया गया, इस पर क्या कार्यवाही की गयी?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) बिलासपुर के बहतराई और खमतराई में अटल आवास का निर्माण नहीं किया गया है।**(ख)** प्रश्नांश 'क' के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है।

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में मण्डी बोर्ड से स्वीकृत कार्य

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

55. (क्र. 945) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-24 से जून, 2024 प्रश्नावधि तक मण्डी बोर्ड से विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा में कौन-कौन से कार्य एवं कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किये गये है, जानकारी देवें ? **(ख)** उक्त स्वीकृत कार्यो की वर्तमान स्थिति क्या है ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2023-24 से जून, 2024 प्रश्नावधि तक मण्डी बोर्ड से विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा में स्वीकृत किये गये कार्यो एवं राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** उक्त स्वीकृत कार्यो की वर्तमान स्थिति **संलग्न प्रपत्र** में उल्लेखित है। **[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]**

जिला-बिलासुपर में तखत पलंग, तकिया, चादर, आलमारी समग्री के खरीदी

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

56. (क्र. 951) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-22 से जून 2024, तक बिलासपुर जिले में छात्रावास,प्रयास एवं पीटीसी हेतु कितने नग तखत, पलंग, तकिया, चादर एवं अन्य किस किस समाग्री की खरीदी कितनी राशि से की गई है? खरीदी के लिये अनुमति कब कब किस स्तर से ली गई है? केन्द्र एवं वर्षवार जानकारी क्या है? **(ख)** खरीदी के लिये निविदा कब कब आमंत्रित की गयी तथा निविदा के प्रसार का माध्यम क्या था? कौन-कौन से फर्म के द्वारा निविदा के लिए आवेदन किया गया था? आवेदित फर्म द्वारा उक्त सामग्री की अपूर्ति हेतु क्या क्या दर प्रस्तावित की गयी थी ? सप्लाई हेतु किस फर्म को, किस दर से आर्डर जारी किया गया? वर्षवार एवं समाग्रीवार जानकारी क्या है? **(ग)** किस-किस केन्द्र में कब-कब, तखत, पलंग, तकिया, चादर, आलमारी एवं अन्य सामग्री की सप्लाई ? कितनी मात्रा में की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2021-22 से जून 2024 तक बिलासपुर जिले में छात्रावास, प्रयास विद्यालय एवं पीईटीसी हेतु खरीदी गयी सामग्री का नाम, मात्रा एवं राशि की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। खरीदी के लिए वर्ष 2021-22 में दिनांक 23.10.2021 एवं 07.02.2022, वर्ष 2022-23 में दिनांक 02.06.2023 एवं 31.01.2023, वर्ष 2023-24 में 26.06.2023 एवं 21.12.2023 एवं वर्ष 2024-25 में दिनांक 04.07.2024 को जिला कलेक्टर बिलासपुर से अनुमति ली गई है। **(ख)** खरीदी के लिए निविदा आमंत्रित नहीं की गयी थी बल्कि छत्तीसगढ़ स्टेट इन्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कार्पोरेशन (CSIDC) के ऑनलाईन पोर्टल से तथा खादी ग्रामोद्योग विभाग के अनुमोदित दर से सामग्री का क्रय किया गया है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर की जानकारी

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

57. (क्र. 952) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर में वर्ष 2020-2021 से जून, 2024 तक किस-किस कार्य हेतु कौन कौन से मद एवं योजना से कुल कितना राशि का आबंटन प्राप्त हुआ है ? प्राप्त राशि के विरूध्द कौन-कौन से कार्य में कितनी राशि का खर्च किया गया है? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर में वर्ष 2020-21 से जून 2024 तक कुल कितने परीक्षार्थी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है? कितने प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता द्वारा कौन कौन से प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त की गई है? वर्षवार जानकारी क्या है? **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में कौन-कौन सी संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है? संस्था को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है? संस्थावार जानकारी क्या है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''स''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अंतर्गत कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के वेतन विषयक

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

58. (क्र. 957) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अंतर्गत आदिम जाति विकास विभाग में कितने चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को छात्रावासों एवं आश्रमों में कार्य कराये जाने पश्चात वेतन नहीे देने की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो उन पर क्या कार्यवाही की गई है? तथा उन्हें वेतन कब तक दिया जावेगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अंतर्गत आदिम जाति विकास विभाग में कुल 09 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं होने संबंधी शिकायत प्राप्त हुआ, जिसमें 08 कर्मचारियों का जून 2024 तक भुगतान किया जा चुका है। शेष 01 कर्मचारी के वेतन भुगतान के संबंध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

राजस्व भू-अभिलेख में दोरला जाति त्रुटि सुधार संबंधी

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

1. (क्र. 117) श्री विनायक गोयल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ककनार, चंदेला, काटाबांस, करेकोट, सतसपुर, पालम में दोरला जाति वर्ष 1944 से निवासरत है परन्तु उच्चारण त्रुटिवश होने के कारण राजस्व भू-अभिलेखों में दोरला को दोरा अभिलिखित होने से उक्त जाति शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित है? **(ख)** क्या उन्हें सरकार द्वारा संज्ञान में लेकर प्राथमिकता के आधार पर उच्चारण संबंधी त्रुटि सुधार किये जाने का प्रावधान है? **(ग)** यदि प्रावधान है तो क्या बस्तर जिले में निवासरत दोरला जाति को अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित किया जाएगा?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु जारी अनुसूचित जनजाति की सूची में अनुक्रमांक 16 पर Gond के साथ Dorla शामिल है। किंतु दोरा शामिल नहीं है। अतः राजस्व अभिलेखों में पूर्वजों की जाति दोरा अंकित व्यक्तियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ प्राप्त नहीं हो रहे है। स्वतंत्रतापूर्व के प्रकाशित संदर्भ साहित्यों में दोरला को दोरा के समनामी (Synonyms) के रूप में Dora or Dorla उल्लेखित किया गया है। अतः उक्त प्रकाशित संदर्भ साहित्यों के आधार पर अभिलेखों में दोरा जातिनाम को उच्चारण त्रुटि माना जाना सही नहीं है। **(ख)** प्रकरण मात्रात्मक त्रुटि का नहीं है। अनुसूचित जनजाति की सूची में संशोधन का अधिकार भारत सरकार का है अतः दोरा जाति को दोरला जनजाति के साथ शामिल कराने हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।**(ग)** Dorla जाति छत्तीसगढ़ राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में अनुक्रमांक 16 पर शामिल है। दोरा जाति को Dorla के साथ सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

राखड़ परिवहन के गाईड लाईन का पालन न होने पर कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

2. (क्र. 182) श्री ब्यास कश्यप : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या राखड़ परिवहन हेतु केन्द्र सरकार के वन पर्यावरण विभाग द्वारा बनाए गए गाईड लाईन अनुसार खुली वाहनों से राखड़ परिवहन न हो इस हेतु सरकार द्वारा ने गाईड लाईन का पालन कराने हेतु कोई कदम उठाया गया है? **(ख)** क्या यह सत्य है कि केन्द्र सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की गाईड लाईन में वनभूमि एवं कृषि भूमि पर राखड़ डालने हेतु प्रतिबंधित किया गया है? क्या कोरबा एवं जांजगीर-चांपा जिले के वनभूमि (बड़े झाड़ का जंगल) एवं कृषि भूमि पर बड़ी संख्या में राखड़ डालने की अनुमति प्रदान की गई है? यदि हां तो दोषियों के खिलाफ क्या जांच/कार्यवाही की गई है? **(ग)** क्या यह सत्य है कि कोरबा जिला के ग्राम बरीडीह एवं जांजगीर चांपा जिले के ग्राम नकटीडीह एवं कल्याणपुर में मनरेगा योजना के अंतर्गत खुदाई किए गए तालाब को राखड़ से पाट दिया गया है? यदि हां तो जांच कर क्या कार्यवाही की गई है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) ताप विद्युत संयंत्रो से उत्पन्न फ्लाई ऐश का परिवहन खुले ट्रक से न किया जाकर तारपोलिन से ढके हुये ट्रकों द्वारा किया जाता है। फ्लाई ऐश परिवहन बिना ढके ट्रकों से किया जाना पाये जाने पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा क्षतिपूर्ति एवं परिवहन विभाग द्वारा जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जाती है। कार्यालय परिवहन उड़नदस्ता कोरबा से प्राप्त जानकारी अनुसार 01-02-2024

से 04-07-2024 तक की अवधि में कोरबा एवं जांजगीर-चांपा जिले में बिना तिरपाल ढके परिवहन करने वाले वाहनों से कुल 535200 रूपये जुर्माना वसूल किया गया है। इसी अवधि में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कोरबा जिले में उपयुक्त तरीके से तिरपाल ढके बिना परिवहन करना पाए जाने पर 3,57,000 रूपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गयी है।**(ख)** जी हां, केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी मार्गदर्शिका में कृषि भूमि एवं पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की आवश्यक अनुमति के बिना वन भूमि पर राखड डालना प्रतिबंधित है। कोरबा एवं जांजगीर-चांपा जिले में वनभूमि (बड़े झाड़ के जंगल) पर राखड डालने की अनुमति प्रदान नहीं की गयी है। उक्त दोनों जिलो में भू-भराव हेतु भू-स्वामी के आवेदन एवं सहमति के आधार पर राखड भराव की अनुमति दी गयी है। अतः कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(ग)**कोरबा जिला के ग्राम बरीडीह में खसरा क्रमांक 325/1, रकबा 2.73 एकड में ग्राम सभा से पारित प्रस्ताव एवं अनुभागीय अधिकारी (राजस्व), कोरबा द्वारा अनुमति दिए जाने के उपरान्त क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल कोरबा द्वारा फ्लाई ऐश भराव हेतु अनुमति दी गयी। जांजगीर-चाम्पा जिले में ग्राम नकटीडीह में मनरेगा योजना के अंतर्गत खुदाई किये गये तालाब को राखड से नहीं पाटा गया है। ग्राम कल्याणपुर में खसरा नंबर 779/1, रकबा 17.5 हेक्टेयर में स्थित गड्ढे को ग्राम पंचायत की सहमति के आधार पर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर द्वारा फ्लाई ऐश भराव हेतु अनुमति दी गयी। चूंकि उक्त स्थलों को ग्राम पंचायत की सहमति से पाटा गया है। अतः छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

<u>प्रदेश में सी. ई. आर. (कॉर्पोरेट एनवायरमेंटल रिस्पांसिबिलिटी) हेतु जारी निर्देश</u>

[आवास एवं पर्यावरण]

3. (क्र. 238) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विभाग द्वारा सी. ई. आर. (कॉर्पोरेट एनवायरमेंटल रिस्पांसिबिलिटी) के संबंध में क्या कोई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ? **(ख)** दुर्ग संभाग में कितनी संस्थाओं, उद्योग व प्रोजेक्ट इत्यादि को CER का प्रावधान विगत 2 वर्षों में करना था ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' अनुसार जिस संस्था/उद्योग/प्रोजेक्ट द्वारा CER का प्रावधान व व्यय नहीं किया गया है ? उन पर क्या कार्यवाही की गई है? **(घ)** क्या CER से संबंधित जानकारी संस्था/उद्योग/प्रोजेक्टवार ऑनलाइन उपलब्ध है ? यदि नहीं तो कब तक पब्लिक डोमेन में जानकारी उपलब्ध कराई जावेगी ? CER के पर्यवेक्षण की क्या व्यवस्था है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी नहीं। सी.ई.आर. (कॉर्पोरेट एनवायरमेंटल रिस्पांसिबिलिटी) के संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा कोई भी दिशा निर्देश जारी नहीं किये गये हैं। तथापि भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के इम्पैक्ट असेसमेंट डिवीजन, नई दिल्ली द्वारा सी.ई.आर. के संबंध में कार्यालय आदेश (ओ. एम.) दिनांक 30/09/2020 एवं 20/10/2020 को जारी किये गये हैं।**(ख)** दुर्ग संभाग में भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आँकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ (एसईआईएए, छत्तीसगढ़) द्वारा विगत 02 वर्षों में कुल 58 संस्थानों/उद्योगों / प्रोजेक्ट इत्यादि को पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है, जिनमे सी.ई.आर. संबंधी शर्त दी गई है।**(ग)** प्रश्नधीन अवधि मे कुल 58 संस्थानों/उद्योगों / प्रोजेक्ट इत्यादि को प्राप्त पर्यावरण स्वीकृति एवं तत्पश्चात परियोजना के संचालन/उत्पादन प्रारंभ होने उपरांत 15 परियोजना प्रस्तावकों द्वारा सी. ई. आर. के तहत प्रावधानित कार्य/व्यय पूर्ण रूप से नहीं किये जाने के कारण छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा कार्यों/व्यय को पूर्ण करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।**(घ)** भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा विकसित एवं संचालित एकीकृत पोर्टल परिवेश 2.0 (ऑनलाइन पब्लिक डोमेन में उपलब्ध) में संस्था/ उद्योग/प्रोजेक्टवार जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति अपलोड रहती है। जिनमें सी.ई.आर. संबंधित कार्यों का विवरण शर्त के रूप में अंकित रहता है। पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र मे उल्लेखित सी.ई.आर. सहित अन्य शर्तों की मॉनीटरिंग एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय/राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा किया जाता है।

खाद बीज एवं उर्वरक की आपूर्ति

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

4. (क्र. 424) श्री अजय चंद्राकर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-22 से 2024-25 (30 जून, 2024) तक कौन-कौन से, कितनी-कितनी मात्रा में रासायनिक खाद/उर्वरक एवं बीज की मांग थी? मांग के विरूद्ध कितनी-कितनी मात्रा केन्द्र व राज्य सरकार से प्राप्त हुई? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' सहकारी/निजी क्षेत्रों को खाद-बीज देने हेतु शासन की नीति क्या है? क्या दर निर्धारित की गयी है? किस अनुपात में कितनी-कितनी मात्रा में दिये गये तथा किन-किन निजी संस्थाओं को दिये गये? संस्था का नाम सहित बतायें, जानकारी वर्षवार बतायें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) एवं **(ख)** की **जानकारी संकलित की जा रही है।**

विभागों में लगे उपकरों या शुल्कों से प्राप्त एवं व्यय राशि

[वित्त]

5. (क्र. 425) श्री अजय चंद्राकर : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दिनांक 1 जनवरी, 2024 से 30 जून, 2024 तक कौन-कौन से उपकर या शुल्क, किन-किन उद्देश्यों से, किन-किन चीजों पर, कितनी-कितनी प्रतिशत/दर पर, कब से अधिरोपित किये गए तथा उसकी समायवधि कितनी है और 30 जून, 2024 की स्थिति में कौन-कौन सा प्रभावशील है तथा उससे कितनी राशि प्राप्त हुयी? **(ख)** क्या उक्त अधिरोपित उपकरों/शुल्कों से प्राप्त राशि का उपयोग उनके उद्देश्यों के अनुरूप किया गया है? यदि हां, तो किन-किन कार्यो में, कितनी राशि व्यय की गयी? यदि उनके उद्देश्यों के अनुरूप व्यय नही किया गया है तो क्या यह नियम विरूद्ध है? यदि हां, तो उनके खिलाफ क्या कार्यवाही अब तक की गयी?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : उपरोक्त जानकारी शासन के विभिन्न विभागों से **संकलित की जा रही है। संकलन उपरांत जानकारी प्रेषित की जावेगी।**

सरगुजा विकास प्राधिकरण के द्वारा स्वीकृत कार्यों की स्थिति

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

6. (क्र. 432) श्रीमती गोमती साय : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक सरगुजा विकास प्राधिकरण अंतर्गत कुल कितने कार्य व राशि स्वीकृत की गई? विकासखंडवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के स्वीकृत कार्यों में से कितने पूर्ण, अपूर्ण, अप्रारंभ अथवा अधूरे स्थिति में हैं? विवरण सहित जानकारी देवें? **(ग)** उक्त वर्षों में विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव में कौन-कौन से निर्माण कार्य स्वीकृत हुए? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

जिला जशपुर में किसानों के लिए संचालित योजनाएं

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

7. (क्र. 433) श्रीमती गोमती साय : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जशपुर में किसानों के हित में कौन-कौन सी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है? क्या उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन सही रूप से हो रहा है, यदि नहीं तो क्या कारण है? विवरण सहित जानकारी देवें? **(ख)** क्या यह सत्य है कि जिला जशपुर के किसानों को कम मात्रा में खाद, बीज दिया जाता है? यदि हॉ, तो इसके क्या कारण हैं? उक्त समस्या के निवारण हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला जशपुर में संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी द्वारा किसानों के हित में संचालित राज्य पोषित योजना एवं केन्द्र पोषित योजनाओं की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। जी हां ,योजनाओं का क्रियान्वयन नियमानुसार किया जा रहा है। **(ख)** जी नहीं ।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण में शामिल ग्राम

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

8. (क्र. 436) श्री दिलीप लहरिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत कौन-कौन से ग्राम शामिल हैं? ग्रामवार बतावें? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार शामिल ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक क्या-क्या कार्य स्वीकृत हुये हैं? स्वीकृत कार्यों की भौतिक स्थिति क्या है? कार्यवार विवरण देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

महासमुंद जिलान्तर्गत उद्योगों द्वारा वृक्षारोपण

[आवास एवं पर्यावरण]

9. (क्र. 448) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में वृक्षारोपण एवं ग्रीन बेल्ट के सम्बन्ध में क्या नीति नियम निर्धारित हैं? **(ख)** महासमुंद जिले में कितने उद्योगों द्वारा वृक्षारोपण किया गया और कितने उद्योगों ने अपेक्षित वृक्षारोपण नहीं किया? **(ग)** वृक्षारोपण नहीं करने वाले उद्योगों पर क्या नियमानुसार कार्यवाही की जानी थी?क्या-क्या कार्यवाही की गयी?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)प्रदेश में वृहद/मध्यम श्रेणी के उद्योगों को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत् जारी सम्मति में उद्योग के कुल क्षेत्र के न्यूनतम 33 प्रतिशत क्षेत्र (एक-तिहाई क्षेत्रफल) में वृक्षारोपण/ग्रीन बेल्ट विकसित किये जाने की शर्त अधिरोपित की जाती है।**(ख)** महासमुंद जिले में संचालित सभी 08 वृहद/मध्यम श्रेणी के उद्योगों द्वारा अपेक्षित वृक्षारोपण किया गया है। अतः शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(ग)** सम्मति पत्र में उल्लेखित शर्तानुसार वृक्षारोपण नहीं करने वाले उद्योगों पर सम्मति शर्तो के उल्लंघन के आधार पर उद्योग का संचालन सम्मति/सम्मति नवीनीकरण आवेदन निरस्त किया जा सकता है। महासमुंद जिले में संचालित सभी 08 वृहद/मध्यम श्रेणी के उद्योगों द्वारा अपेक्षित वृक्षारोपण किया गया है। अतः शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

रायपुर जिले में छ.ग.राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा स्वीकृत कार्य

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

10. (क्र. 492) श्री अनुज शर्मा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**रायपुर जिले अंतर्गत वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक छ.ग.राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा जिले में कृषि विकास अंतर्गत कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किये गये हैं तथा कितने कार्यो को पूर्ण करा लिया गया? वर्षवार एवं राशि एवं श्रेणीवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** वर्तमान वित्तीय वर्ष में निगम अंतर्गत रायपुर जिले में कृषि यंत्रों, मिनी राईस मिल, ट्रैक्टर हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुये एवं कितने आवेदनों का निराकरण किया गया?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) रायपुर जिले अंतर्गत वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, रायपुर द्वारा कोई भी कार्य स्वीकृत नहीं किये गये है। **(ख)** वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 30.06.2024 तक छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, रायपुर (चैम्प्स प्रकोष्ठ) अंतर्गत रायपुर जिले में कृषि यंत्रों, मिनी राईस मिल, ट्रैक्टर हेतु किसानों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदन एवं निराकृत आवेदनों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छ.ग. गृह निर्माण मंडल की परियोजनाओं की जानकारी

[आवास एवं पर्यावरण]

11. (क्र. 522) श्री ब्यास कश्यप : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छ.ग. गृह निर्माण मंडल की वर्तमान में कितनी परियोजनाएं किन-किन स्थानों में संचालित हैं? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार छ.ग. गृह निर्माण मंडल द्वारा आगामी वर्षो में जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कहां-कहां, कितनी भूमि पर भवन निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है? इन स्थानों पर किस-किस श्रेणी के भवन निर्माण कराया जाना है? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के संदर्भ में वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार विभिन्न श्रेणी के भवनों के लिए क्या मूल्य निर्धारित किये गये हैं? क्या रिक्त भूमियों की नीलामी की जाएगी? **(घ)** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र में कितने न्यायालयीन प्रकरण छ.ग. गृह निर्माण मंडल से संबंधित लंबित हैं तथा इन प्रकरणों के निराकरण के लिए शासन द्वारा क्या कदम उठाया जा रहा है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)जानकारी निरंक है।**(ख)** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा आगामी वर्षो में जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अटल विहार योजना कुलीपोटा में 3.50 एकड़, निर्मित कालोनी हसदेव विहार जांजगीर में आरक्षित भूमि 0.31 एकड़ एवं अटल विहार योजना हेतु ग्राम पेण्ड्री में 4 एकड़ तथा घुटिया में 31.37 एकड़ भूमि पर भवन निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है, इन स्थानों पर सीनियर एम.आई.जी., एल.आई.जी., ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के भवन एवं दुकान तथा 2 बीएचके फ्लैट का निर्माण प्रस्तावित है।**(ग)** प्रश्नांश 'क' के संदर्भ में वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार विभिन्न श्रेणी के भवनों के लिए किये गये मूल्य निर्धारण निम्नानुसार है:-(1) सीनियर एम.आई.जी. टाईप-I - रू. 37.18 लाख, (2) सीनियर एम.आई.जी. टाईप-II- रू. 37.39 लाख, (3) सीनियर एम.आई.जी. टाईप-III- रू. 46.83 लाख, (4) एल.आई.जी. टाईप-I- रू. 20.97 लाख, (5) एल.आई.जी. टाईप -II - रू. 21.14 लाख, (6) एल.आई.जी. टाईप -III - रू. 22.46 लाख, (7) ई.डब्ल्यू.एस. टाईप-I - रू. 9.51 लाख, (8) ई.डब्ल्यू.एस. टाईप -II - रू. 9.57 लाख, (9) ई.डब्ल्यू.एस. टाईप -III - रू. 10.09 लाख। कॉलोनियों में उपलब्ध बिखरे भूखण्ड अंतर्गत रिक्त भूमियों की नीलामी/विक्रय नियमानुसार की जाएगी।**(घ)** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल से संबंधित 01 न्यायालयीन प्रकरण लंबित है तथा इन प्रकरणों के निराकरण के लिए जवाब प्रस्तुत किया जा चुका है।

जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आश्रम छात्रावासों की जानकारी

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

12. (क्र. 523) श्री ब्यास कश्यप : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा अंतर्गत कितने आश्रम, छात्रावास संचालित हैं? उन आश्रम, छात्रावासों में कितने विद्यार्थी वर्तमान में निवासरत हैं? **(ख)** कितने आश्रम छात्रावास भवन विहीन, अहातावि‍हीन है तथा कितने भवन जर्जर हैं? जर्जर भवनों की मरम्मत में वर्ष 2021-22 से 2023-2024 तक कितनी राशि व्यय की गई? आश्रम/छात्रावास वार, व्यय राशि की वर्षवार जानकारी प्रदान करें? **(ग)** आश्रम/छात्रावासों में प्रवेश देने के क्या नियम हैं? वर्ष 2023-24 में जांजगीर-चांपा अंतर्गत आश्रम/छात्रावासों में प्रवेश के लिए कितने विद्यार्थियों ने आवेदन किया था तथा कितनों को प्रवेश दिया गया? कितने छात्र प्रवेश से वंचित रह गए? जानकारी प्रदान करें? **(घ)** आश्रम/छात्रावासों में प्रदान किये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता के संबंध में वर्ष 2023-24 में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई तथा उन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं तो क्यों?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विधानसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा अंतर्गत 12 छात्रावास संचालित हैं। उक्त छात्रावासों में वर्तमान में 345 विद्यार्थी निवासरत् है। उक्त विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आश्रम संचालित नहीं हैं। **(ख)** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के 02 छात्रावास भवन विहीन हैं। कोई भी छात्रावास अहाताविहीन नहीं है तथा भवन जर्जर नहीं है। अतः प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** आश्रम/छात्रावास में प्रवेश हेतु छात्रावास/ आश्रम नियमावली 2010-11 के ''प्रवेश के मापदण्ड'' की कंड़िका 12, 13, एवं 14 के प्रावधानों के अनुसार छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाता है। वर्ष 2023-24 में आश्रम/छात्रावासों में प्रवेश के लिए 777 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से 749 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया तथा आवेदन अपूर्ण होने के कारण 28 विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह गए। **(घ)** कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। अतः प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

आदिवासियों की संस्कृति की संरक्षण हेतु आबंटित राशि

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

13. (क्र. 552) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार अंतर्गत आदिवासियों की संस्कृति (देवगुडी) को संरक्षित किये जाने हेतु कुल कितनी राशि वर्ष 2023-24 से जून, 2024 तक आबंटित की गयी है? जनपद पंचायतवार जानकारी उपलब्ध करावें? यदि नहीं की तो क्यों जानकारी उपलब्ध करावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : वर्ष 2023-24 से जून, 2024 तक जनपद पंचायत पाली को **रूपये 7.50 लाख** एवं पोड़ी उपरोड़ा को **रूपये 106.50 लाख**, इस प्रकार कुल **रूपये 114.00 लाख** आबंटित किये गये है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

महासमुन्द जिले में वन अधिकार पत्र का प्रदाय

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

14. (क्र. 558) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** महासमुन्द जिले में कितने हितग्राहियों का वन ग्राम समिति के माध्यम से वन अधिकार पत्र के लिए आवेदन प्राप्त हुआ? कितने को वन अधिकार पत्र प्रदाय किया गया? कितने आवेदन निरस्त किए गए? **(ख)** क्या यह सही है कि सामुदायिक वन अधिकार पत्र के दावे को लेकर महासमुन्द जिले के अनेक गांवों में सीमा विवाद की स्थिति निर्मित हुई है? **(ग)** यदि **(ख)** सही है तो गाँववार विवरण, शिकायतों की जानकारी और निवारण का ब्यौरा देंगे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) महासमुंद जिले में 17,393 हितग्राहियों का ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति के माध्यम से व्यक्तिगत वन अधिकार के लिए तथा 337 आवेदन सामुदायिक वन अधिकार हेतु प्राप्त हुआ है। जिसमें से 9,421 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं 311 सामुदायिक वन अधिकार पत्र प्रदाय किए गए हैं। पात्रता की शर्तों को पूर्ण नहीं करने के कारण व्यक्तिगत वन अधिकार के 7,972 आवेदन एवं सामुदायिक वन अधिकार के 15 आवेदन निरस्त हुए हैं। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

वायु एवं जल प्रदूषण अधिनियम के तहत उद्योगों का निरीक्षण

[आवास एवं पर्यावरण]

15. (क्र. 559) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुन्द जिले में संचालित किन- किन प्रतिष्ठानों/उद्योगों में वर्ष 2023 और 2024 में जून, 2024 तक कब-कब वायु एवं जल प्रदूषण से संबंधित शिकायतें अथवा स्व संज्ञान से किन-किन विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच की कार्यवाही की गई? **(ख)** किन-किन उद्योगों में जल एवं वायु प्रदूषण अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं करना पाया गया? तथा संबंधित प्रतिष्ठानों /उद्योगों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई विवरण देंगे?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) महासमुंद जिले में दिनांक 01.01.2023 से दिनांक 30.06.2024 तक की अवधि में वायु एवं जल प्रदूषण संबंधित शिकायतों तथा स्व संज्ञान से प्रतिष्ठानों/उद्योगो का छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियो द्वारा किये गये निरीक्षण की विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र के कालम 03, 04, 05 एवं 06 अनुसार** है।**(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र के कालम 07 एवं 08 अनुसार** है। **[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]**

आकांक्षी, जिला महासमुन्द के लिए विशेष वित्तीय सहायता

[योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी]

16. (क्र. 560) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या आकांक्षी, जिला महासमुन्द के समन्वित विकास के लिए विशेष वित्तीय सहायता का प्रावधान है? **(ख)** क्या महासमुन्द जिला में कम्पोजिट बिल्डिंग निर्माण के लिए वित्तीय सहायता की मांग लंबित है? यदि हाँ तो कितनी राशि अपेक्षित है? **(ग)** क्या संयुक्त जिला कार्यालय भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने पर विचार किया जा रहा है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी नहीं। **(ख)** जिला कार्यालय में कम्पोजिट बिल्डिंग हेतु प्राक्कलन तैयार करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। राषि की गणना प्राक्कलन तैयार करने उपरांत ही निष्चित हो पायेगा। **(ग)** जी नहीं।

प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से अधिकारी/कर्मचारी की नियुक्ति

[वित्त]

17. (क्र. 574) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सही है कि प्रदेश में प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से अधिकारी/कर्मचारी रखे जाने के नियम/निर्देश हैं? यदि हॉ तो क्या हैं? क्या प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से अधिकारी/कर्मचारियों को रखने हेतु वित्त विभाग की स्वीकृति जरूरी है तथा इस हेतु क्या नियम हैं? **(ख)** प्रदेश में वर्ष 2022 व 2023 में किन-किन विभागों में प्लेसमेंट के माध्यम से कितने अधिकारी/कर्मचारी रखे गए थें तथा इन में कितने अधिकारी/कर्मचारियों को रखने के लिये वित्त विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदाय की गई थी और कितने कर्मचारी वित्त विभाग की बिना स्वीकृति प्राप्त किये रखे गए थे? विभागवार, पदवार जानकारी देवें।

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हां, प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से अधिकारी/कर्मचारी रखे जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक 672/254/परा./2015/1-3, दिनांक 29.05.2015 एवं पत्र क्रमांक 719/275/परा./2017/1-3, दिनांक 30.05.2017 द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। विभागों द्वारा समय-समय पर की गई मांग के अनुसार व्यावसायिक सेवाओं हेतु भी विभागीय बजट में प्रावधान किया जाता है। **(ख)** प्रश्नांश "ख" की **जानकारी विभागों से संकलित की जा रही है।**

कृषि विभाग अंतर्गत क्रय किये गए बीज, कीटनाशक, उर्वरक की जांच

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

18. (क्र. 575) श्री धरमलाल कौशिक : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या यह सही है कि पंचम विधानसभा अवधि में कृषि विभाग अंतर्गत क्रय किये गए बीज, कीटनाशक, उर्वरक आदि से संबंधित जांच हेतु विभागीय समिति का गठन किया गया था? यदि हॉ तो समिति की जांच में क्या निष्कर्ष पाए गए, कौन दोषी पाया गया और उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई? समितिवार जानकारी देवें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : पंचम विधान सभा अवधि में कृषि विभाग अंतर्गत

क्रय किये गये बीज, कीटनाशक उर्वरक आदि से संबंधित जांच हेतु कोई विभागीय समिति का गठन नहीं किया गया है। अतः शेष जानकारी निरंक है।

कृषि विभाग में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी पद के संबंध में

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

19. (क्र. 576) श्री धरमलाल कौशिक : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रश्न दिनांक की स्थिति में प्रदेश में कृषि विभाग में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के कौन-कौन से पद स्वीकृत, रिक्त व भरें हुए हैं? राज्य/जिलेवार जानकारी देवें। **(ख)** वर्ष 2021 से उपरोक्त अधिकारियों के विरूद्ध कब, किसने, किसको एवं क्या शिकायत की तथा इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? क्या जांच अधिकारी/समिति बनाई गई तो उनके निष्कर्ष क्या थे? वर्षवार, शिकायतवार जानकारी देवें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : प्रश्नांश **(क)** एवं **(ख)** की **जानकारी संकलित की जा रही है।**

जांजगीर-चांपा जिले में स्थापित बारूद फैक्ट्री/बारूद संग्रहण केन्द्र की जांच

[आवास एवं पर्यावरण]

20. (क्र. 583) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर-चाम्पा जिले में कितने बारूद फैक्ट्री/बारूद संग्रहण केन्द्र स्थापित हैं, जिन्हें पर्यावरण सरंक्षण मण्डल द्वारा अनुमति प्रदान की गई है? संस्थानों के नामवार, विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** पर्यावरण संरक्षण मण्डल या विभागीय सक्षम अधिकारीयों द्वारा प्रश्नांश **(क)** में पूछे गए स्थापित फैक्ट्री/संग्रहण केन्द्रों का विगत तीन वर्षों 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं प्रश्नांश जून, 2024 तक में कब-कब निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में पर्यावरण संरक्षण मण्डल के किन-किन बिन्दुओं का उल्लंघन पाया गया एवं उस पर क्या कार्यवाही की गई? संस्थानवार, वर्षवार की गई कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध करावें।

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल में उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार जांजगीर-चांपा जिले में किसी बारूद फैक्ट्री/बारूद संग्रहण केन्द्र को जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के तहत् सम्मति जारी नहीं की गई है। अतः शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के परिपेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में स्थापित राईस मील, क्रेशर एवं अन्य उद्योग

[आवास एवं पर्यावरण]

21. (क्र. 584) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में कितने राईस मील, क्रेशर एवं अन्य उद्योग स्थापित हैं, जिन्हें पर्यावरण सरंक्षण मण्डल द्वारा अनुमति प्रदान की गई है? संस्थानों के नामवार, विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रश्नांश (क) में पूछे गए स्थापित क्रेशर, राईस मील व अन्य उद्योगों के बसाहट/आबादी से न्यूनतम कितनी दूरी पर स्थापित होने संबंधित पर्यावरण संरक्षण मण्डल के दिशा निर्देश हैं एवं वर्तमान में वह कितनी दूरी पर स्थित हैं? संस्थानवार जानकारी उपलब्ध करावें।

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम,1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत सम्मति प्राप्त 26 राईस मिल, 68 क्रेशर एवं 50 अन्य उद्योग स्थापित है। संस्थानों के नामवार, विकासखंडवार, **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** उद्योगों के स्थापना हेतु बसाहट/आबादी से न्यूनतम दूरी के संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा दिशा निर्देश निर्धारित नहीं किया गया है। क्रेशर,

राईस मिल व् अन्य उद्योगों के बसाहट/आबादी से दूरी संबंधी **जानकारी संलग्न प्रपत्र के कालम-4 अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

मोहला-मानपुर विधान सभा क्षेत्र में किसानों की दी जा रही सुविधाएं

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

22. (क्र. 640) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-दिसंबर, 2023 पश्चात से छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए क्या-क्या नई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इन योजनाओं के तहत दिसबंर, 2023 से जून, 2024 तक मोहला-मानपुर विधान सभा क्षेत्र के कितने किसानों को क्या-क्या लाभ दिया गया है? वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर अंतर्गत कितने किसान पंजीकृत है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : छत्तीसगढ़ में किसानों के लिये दिसम्बर, 2023 के पश्चात से नई योजना ''कृषक उन्नति योजना'' संचालित की जा रही है। दिसबंर, 2023 से जून, 2024 तक विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर से संबंधित विकासखण्ड मोहला, मानपुर एवं चौकी के कुल 30,214 पंजीकृत किसानों को योजना के प्रावधानुसार खाद्य विभाग द्वारा उपार्जित धान पर रूपये 19,257/- प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदाय की गई है। प्रश्नाधीन अवधी में विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर अंतर्गत कुल 32,662 किसान पंजीकृत है। विकासखंडवार पंजीकृत कृषकों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण के पूर्व पार्किंग व्यवस्था निरीक्षण

[आवास एवं पर्यावरण]

23. (क्र. 675) श्री राजेश मूणत : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कैलेण्डर वर्ष 2020 से 2021,2022 तथा 2023 एवं इस कैलेण्डर वर्ष 2024 में 30 जून 2024 तक की अवधि में कितने प्रकरणों का अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण किया गया वर्षवार, बताएं? **(ख)** क्या नियमितीकरण से पूर्व यह सुनिश्चित किया गया कि भवन में पार्किंग की समुचित व्यवस्था थी या नहीं? यदि पार्किंग की व्यवस्था नहीं थी तो नियमितीकरण किस आधार पर किया गया तथा क्या आज की स्थिति में ये नियमितीकरण निरस्त कर पहले भवन स्वामियों को पार्किंग की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए जा सकते हैं? **(ग)** यदि किसी प्लाट के दोनों ओर मार्ग है तो उसके भूमि स्वामी को दोनों ओर सड़क के मध्य से भुखंड रेखा छोड़कर निर्माण करने के नियम है यदि नहीं तो तद्संबंधी नियमो में प्रवाधन कब तक किया जावेगा?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) कैलेण्डर वर्ष 2020 में 1440, वर्ष 2021 में 1265, वर्ष 2022 में 788, वर्ष 2023 में 20514 तथा इस कैलेण्डर वर्ष 2024 में 30 जून 2024 तक की अवधि में 2281 प्रकरणों का अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण किया गया।**(ख)** जी, हां। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने पर छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) अधिनियम 2022 की धारा 6 की उपधारा (1) के खण्ड (चार)(ख) के तहत् अतिरिक्त शास्ति निर्धारित कर नियमितिकरण किया गया है तथा आज की स्थिति में ये नियमितीकरण निरस्त कर पहले भवन स्वामियों को पार्किंग की समुचित व्यवस्था के निर्देश भूतलक्षीय प्रभाव से वर्तमान अधिनियम/नियम के अंतर्गत नहीं दिये जा सकते है। **(ग)** छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 एवं विकास योजना नियमन के अंतर्गत मार्ग की चौड़ाई एवं भूखण्ड के आकार के अनुसार प्रावधान है। शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

धमतरी जिले में डी.एम.एफ. मद से बोरवेल खनन्

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

24. (क्र. 684) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-धमतरी जिले में किन-किन हितग्राहियों की भूमि पर विगत 3 वर्षो में विभाग द्वारा विभिन्न

योजनाओं के तहत सिंचाई हेतु बोरवेल खनन किए गए ? उक्त बोरवेल के लिए कौन-कौन सी एजेंसी को कितनी राशि प्रदान की गई ? क्या डीएमएफ राशि से बोर खनन का कार्य किया गया ? यदि हां, तो कितना बोर सफल रहा है ? कृपया विकासखण्डवार जानकारी प्रदाय करें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : धमतरी जिले में विगत 03 वर्षों (वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक) में कृषक द्वारा सिंचाई हेतु स्वयं की भूमि पर विभाग द्वारा संचालित राज्य पोषित किसान समृद्धि योजना अंतर्गत 393 नलकूप खनन एवं केन्द्र प्रवर्तित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत 1237 उथला नलकूप खनन कुल 1630 खनन कराये गये। वर्षवार, कृषकवार, विकासखंडवार जानकारी क्रमशः **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब** अनुसार है। उक्त नलकूप/उथला नलकूप खनन हेतु विभिन्न एजेंसी को राशि रू. 119.55 लाख भुगतान की गई। एजेंसीवार, योजनावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स अनुसार** है। प्रश्नाधीन अवधि में डी.एम.एफ. मद से बोर खनन कार्य नहीं किया गया है।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में वितरित वन अधिकार पत्र एवं सामुदायिक वन अधिकार पत्र

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

25. (क्र. 685) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में पिछले 3 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में जून, 2024 तक कुल कितने हितग्रहियों को व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं ? हितग्राहियों की संख्या सहित जानकारी बताएं? **(ख)** प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित समयावधि दौरान कितने हितग्राहियों में प्रकरण लंबित हैं ? हितग्राहियों की संस्था ग्राम पंचायतवार बताएं ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) सिहावा विधानसभा क्षेत्र में प्रश्नाधीन अवधि में 131 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं 519 सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं। **(ख)** ग्राम पंचायत बेलरबाहरा में 21 एवं करही में 15 इस प्रकार कुल 36 हितग्राहियों के व्यक्तिगत वन अधिकार के प्रकरण ग्रामसभा स्तर पर लंबित हैं। सामुदायिक वन अधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है।

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वितरित वन अधिकार पत्र का वितरण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

26. (क्र. 692) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष, 2022 से जून,2024 तक कुल कितने हितग्राहियों को व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार पत्र का वितरण किया गया हैं, हितग्राहियों की संख्या सहित जानकारी उपलब्ध कराएं? **(ख)** उक्त अवधि के कितने प्रकरण लंबित हैं, हितग्राहियों संख्या, पंचायतवार बताएं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नाधीन अवधि में 1615 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं 08 सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं।**(ख)** प्रश्नाधीन अवधि के व्यक्तिगत वन अधिकार के 424 प्रकरण लंबित हैं एवं सामुदायिक वन अधिकार के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं हैं। पंचायतवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

जिला रायगढ़ अंतर्गत कृषक समृद्धि योजना के लाभान्वित हितग्राही

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

27. (क्र. 693) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत कृषक समृद्धि योजना अंतर्गत वर्ष 2022 से जून, 2024 तक कितने

किसानों को ट्यूबवेल का वितरण किया गया है, विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं, कितने किसान पात्र हैं, कितने अपात्र हैं, ट्यूबवेल के लिए पात्रता हेतु क्या क्या नियम है ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) अविभाजित जिला रायगढ़ अंतर्गत राज्य पोषित किसान समृद्धि योजना अंतर्गत वर्ष 2022 से जून 2024 तक 120 किसानों को अनुदान पर नलकूप प्रतिस्थापन से लाभान्वित किया गया है, वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	विकासखंड	जनवरी 2022 से मार्च 2022 तक	2022-23	2023-24	2024-25 (जून 2024 तक)	योग
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
1	रायगढ़	13	4	24	0	41
2	खरसिया	1	4	0	0	5
3	तमनार	0	16	2	0	18
4	पुसौर	8	5	2	0	15
5	धरमजयगढ़	0	7	2	0	9
6	घरघोडा	0	0	0	0	0
7	लैलुगा	27	0	0	0	27
	योग	**49**	**36**	**30**	**0**	**115**
8	सारंगढ़	2	3	पृथक जिला निर्मित		5
9	बरमकेला	0	0			0
	योग	**2**	**3**			5
	महायोग	**51**	**39**	**30**	**0**	**120**

(ख) प्रश्नाधीन अवधि में योजनान्तर्गत कुल 240 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें समस्त कृषक पात्र हैं। ''किसान समृद्धि योजना'' में नलकूप खनन/पंप प्रतिस्थापन हेतु पात्रता निम्नानुसार हैः- 1. योजनांतर्गत समस्त वर्ग के कृषक पात्र है, लघु एवं सीमांत वर्ग के कृषकों को प्राथमिकता दी जावेगी। 2. अनुदान की पात्रता उन सभी कृषक व उनके समूह को होगी, जिन्होंने सहकारी अथवा व्यवसायिक बैंक से ऋण लिया हो अथवा ऐसे कृषक या उनके समूह जो स्वयं के व्यय से नलकूप खनन के इच्छुक हो। 3. कृषक अथवा कृषक समूह में जोत का आकार न्यूनतम 1 हेक्टेयर हो। 4. एक नलकूप से दूसरे नलकूप की दूरी कम से कम 300 मीटर होना अनिवार्य है। 300 मीटर की परिधि में पूर्व निर्मित नलकूप हैण्ड पंप नही होना चाहिये। 5. योजनांतर्गत सहकारी संस्था, ट्रस्ट इत्यादि को अनुदान की पात्रता नही होगी। 6. विभाग द्वारा संचालित अन्य योजना अथवा किसान समृद्धि योजनांतर्गत पूर्व में नलकूप खनन अनुदान का लाभ प्राप्त किये कृषक पात्र नही होंगें।

<u>जिला राजनांदगांव व खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में इन्वर्टर की खरीदी</u>

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

28. (क्र. 706) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत इन्वर्टर की खरीदी की गई है? यदि हां, तो कब-कब और किस-किस एजेंसी/फर्म से कितनी मात्रा में की गई? क्या इन्वर्टर खरीदी के लिए किसी प्रकार की निविदा आमंत्रित की गई थी? यदि हां तो चयनित एजेंसी/फर्म का नाम, चयन प्रक्रिया की जानकारी देवें? इन्वर्टर कहां-कहां और कब-कब स्थापित किया गया? क्या एजेंसी द्वारा उसका मेंटनेंस किया जा रहा हैं? यदि नहीं तो क्यों तथा एजेंसी पर क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

छात्रावास में सामग्री क्रय से संबंधित जानकारी

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

29. (क्र. 707) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-22 से जून,2024 तक जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत कौन-कौन से मद में कौन-कौन सी सामग्रियॉ क्रय की गई? सामग्रियों का क्रय किस-किस एजेंसी/फर्म/दुकान से किया गया? फर्म का चयन किस आधार पर किया गया? फर्म का नाम, खरीदी गई सामग्री का नाम, मात्रा, वर्षवार बताएं? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की सामग्री किस-किस छात्रावास में कितनी-कितनी मात्रा में उपलब्ध कराई? वर्षवार,विकासखंडवार, जिलावार जानकारी देवें? **(ग)** क्या खरीदी मे अनियमितता पाई गई? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक जिला राजनांदगांव अतंर्गत विभिन्न मदों में क्रय की गई सामग्रियों का नाम, मात्रा एवं फर्मो की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। उक्त अवधि में राजनांदगॉव से नवगठित जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा कोई सामग्री का क्रय नहीं किया गया है। **(ख)** वर्षवार, विकासखण्डवार, जिलावार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं। अतः प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

नवा रायपुर अटल नगर के प्रभावित भूस्वामियों को वार्षिक राशि का भुगतान

[आवास एवं पर्यावरण]

30. (क्र. 714) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या नवा रायपुर अटल नगर के प्रभावित भूस्वामियों को वार्षिक राशि के भुगतान का कोई अनुबंध है? **(ख)** यदि हां, तो कितने भू स्वामियों से कितनी-कितनी वार्षिक राशि भुगतान किये जाने का अनुबंध किया गया है? ग्रामवार जानकारी देवें। **(ग)** जनवरी, 2022 से जून, 2024 तक कितने भू स्वामियों को वार्षिकी राशि का भुगतान नहीं किया गया है? में कितने भू स्वामियों को राशि नहीं प्राप्त होने की शिकायत प्राप्त हुई हैं तथा उक्त के संबंध में क्या कार्यवाही की गयी है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) नवा रायपुर अटल नगर के प्रभावित भूमिस्वामियों से वार्षिकी राशि के भुगतान का कोई अनुबंध नहीं किया गया है।**(ख)** प्रश्नांश 'क' के परिपेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता।**(ग)** जनवरी, 2022 से जून, 2024 तक कुल 672 भूमिस्वामियों को वार्षिकी राशि का भुगतान नहीं किया गया था। जिसमें से 333 भूमिस्वामियों के प्राप्त आवेदनों में संलग्न दस्तावेजों का परीक्षण कर वार्षिकी राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष 339 भू-स्वामियों का प्रकरण-ऑडिट आपत्तियों, न्यायालयीन प्रकरणों, भूमिस्वामियों के मृत्यु पश्चात उत्तराधिकारियों का नाम दर्ज किए जाने, आपसी पारिवारिक विवाद एवं बैंक खाता की त्रुटियों आदि के कारण लंबित है। उक्त के अतिरिक्त कोई शिकायत आवेदन प्राप्त नहीं है। लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार या आर्थिक अनियमितता की शिकायतें

[वित्त]

31. (क्र. 723) श्री दीपेश साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-पिछले 03 वर्षों में कितने आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार या आर्थिक अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई? इनमें कितनों की जाँच कब पूर्ण हुई अगर जाँच लंबित है तो क्यों और कब तक पूरी हो जायेगी? जिनकी जाँच पूरी हुई है उसमें शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? वर्षवार जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : पिछले 03 वर्षो में वित्त विभाग के अधीनस्थ आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार या आर्थिक अनियमितता की कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

जिला मुंगेली अंतर्गत जैविक कृषि से लाभान्वित कृषक

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

32. (क्र. 724) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मुंगेली अंतर्गत जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिये कौन-कौन सी योजनायें संचालित हैं? वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक जैविक कृषि हेतु कितने किसानों को लाभ प्रदान करते हुये क्या-क्या सुविधाएं दी गयी हैं? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अवधि में कितने किसानों को कितनी राशि सब्सिडी के रुप में दी गयी है, विकासखण्ड वार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला-मुंगेली में जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिये केन्द्र प्रवर्तित परम्परागत कृषि विकास योजना तथा राज्य पोषित जैविक खेती मिशन संचालित है। वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक इन योजनाओ के तहत जैविक कृषि हेतु 1,391 किसानों को लाभ प्रदान करते हुए जैविक क्षेत्र बनाने हेतु पी.जी.एस. प्रमाणीकरण, ऑनफार्म जैविक कम्पोस्ट उत्पादन एवं कीटनाशी अवशेष परीक्षण, उन्नत तकनीकी हस्तांतरण अंतर्गत जैविक फसल प्रदर्शन आयोजन हेतु आदान सामग्री यथा सुगन्धित धान बीज, जैव उर्वरक, जैव कीटनाशक, हस्त चलित उपकरण तथा क्षमता विकास हेतु कृषक प्रशिक्षण, शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम एवं जैविक उत्पादों के विपणन व प्रचार-प्रसार हेतु जैविक किसान मेला के दौरान जीवंत प्रदर्शनी आयोजन की सुविधा दी गई है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' की अवधि में विकासखंड-पथरिया के 1,391 किसानो को रू. 238.73 लाख अनुदान के रूप में सामग्री दी गई। प्रश्नाधीन अवधि में जिला-मुंगेली के विकासखण्ड मुंगेली एवं लोरमी में योजना का क्रियान्वयन नही किया गया।

जिला-मुंगेली में संचालित प्री.मैट्रिक/पोस्ट मैट्रिक कन्या एवं बालक छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

33. (क्र. 725) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली जिला में जून 2024 की स्थिति में कितने अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के कुल कितने प्री.एवं पोस्ट कन्या एवं बालक छात्रावास संचालित हैं? **(ख)** उक्त छात्रावास में कितनी-कितनी सीट स्वीकृत हैं? इन सीटों के विरुध्द कितने छात्र-छात्राएं निवासरत हैं? कितने छात्रावास स्वयं के भवन में संचालित हैं एवं कितने भवन-विहिन हैं? यदि भवन-विहिन हैं,तो कहां कहां? छात्रावास भवनों के निर्माण हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है एवं कब तक भवन उपलब्ध करा दिया जावेगा? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) 05 अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास, 08 अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक बालक छात्रावास, 03 अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास, 03 अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास, 03 अनुसूचित जनजाति प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास, 04 अनुसूचित जनजाति प्री मैट्रिक बालक छात्रावास, 01 अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास संचालित है। अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रावास संचालित नहीं है। **(ख)** अनुसूचित जाति वर्ग के प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में स्वीकृत 470 सीट के विरूद्ध 332 छात्र, प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास में 250 सीट के विरूद्ध 220 छात्राएं, पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में स्वीकृत 250 सीट के विरूद्ध 129 छात्र एवं पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में स्वीकृत 250 सीट के विरूद्ध 130 छात्राएं निवासरत है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में स्वीकृत 200 सीट के विरूद्ध 200 छात्र, प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास में 150 सीट के विरूद्ध 142 छात्राएं, एवं पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में स्वीकृत 50 सीट के विरूद्ध 12 छात्राएं निवासरत है। 22 छात्रावास स्वयं के भवन में संचालित हैं एवं 05 छात्रावास भवन विहीन हैं। पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक एवं कन्या छात्रावास लोरमी, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास लोरमी, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास लोरमी तथा प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास बरमपुर भवन विहीन हैं। उक्त भवन विहीन छात्रावासों के भवन निर्माण कार्य स्वीकृत हैं जिनका निर्माण कार्य प्रगति पर है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

सरगुजा जिले में माइक्रो वाटर शेड योजना अंतर्गत कार्यों में अनियमितता

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

34. (क्र. 726) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सरगुजा जिले में माइक्रो वाटर शेड योजना अंतर्गत जनवरी 2021-22 से जून, 2024 तक किन-किन स्थानों में कितनी-कितनी लागत से कौन-कौन सी एजेंसी तथा एन.जी.ओ. के माध्यम से कितनी-कितनी लागत से कार्य कराये गए? विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी देवें। **(ख)** प्रशानांक 'क' अनुसार योजना के क्रियान्वयन के लिए स्थल चयन के क्या मापदण्ड हैं? उक्त निर्माण से कितने किसानों के कितनी हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई तथा फसल के उत्पादन में कितनी प्रतिशत की वृद्धि हुई? लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या, वर्षवार दें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) सरगुजा जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण क्षेत्र विकास घटक अंतर्गत जनवरी 2021-22 से जून, 2024 तक जलग्रहण समितियों के माध्यम से कुल रू. 521.14 लाख की लागत से 108 कार्य कराये गये। एन.जी.ओ. के माध्यम से कोई कार्य नहीं कराये गये है। विधानसभा क्षेत्रवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण क्षेत्र विकास घटक अंतर्गत परियोजना क्रियान्वयन के लिए स्थल चयन हेतु वाटरशेड क्षेत्रों में भूमि के कटाव रोकने, वर्षा जल के प्रवाह की गति कम करने, वर्षा जल को वाटरशेड क्षेत्र में ही रोकने, भूमि एवं जल संरक्षण सिद्धांतों के तहत ''शिखर से घाटी'' की अवधारणा को आधार मानकर मृदा प्रोफाईल, ढलान का प्रतिशत, जियोमार्फोलॉजी, लिथोलॉजी, वानस्पतिक आच्छादन, नालों की चौड़ाई-गहराई, समीपस्थ खेती योग्य भूमि एवं ग्राम सभा के प्रस्ताव को मापदण्ड अनुसार स्थल चयन किया जाता है। प्रश्नांश ''क'' की अवधि में किये गये निर्माण कार्यो से वर्षवार सिंचित भूमि का रकबा, फसल उत्पादन में प्रतिशत वृद्धि एवं लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

सीतापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित प्री./पोस्ट मैट्रिक कन्या एवं बालक छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

35. (क्र. 727) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में जून 2024, की स्थिति में अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के कुल कितने प्री. एवं पोस्ट मैट्रिक कन्या एवं बालक छात्रावास संचालित हैं? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार उक्त छात्रावास में कितनी-कितनी सीट स्वीकृत हैं? इन सीटों के विरुद्ध कितने छात्र-छात्राएं निवासरत हैं? क्या सभी छात्रावास स्वयं के भवन में संचालित हैं? यदि नहीं तो कहाँ-कहाँ? और कब तक इनका छात्रावास निर्माण किया जावेगा? जानकारी प्रदान करें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में जून 2024 की स्थिति में अनुसूचित जनजाति वर्ग के 14 प्री मैट्रिक बालक छात्रावास, 08 प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास, 03 पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास एवं 03 पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास संचालित है। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रावास सीतापुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत संचालित नहीं हैं। **(ख)** अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में स्वीकृत 660 सीट के विरूद्ध 395 छात्र निवासरत, प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास में 420 सीट के विरूद्ध 208 छात्राएं, पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में स्वीकृत 150 सीट के विरूद्ध 70 छात्र एवं पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में स्वीकृत 150 सीट के विरूद्ध 70 छात्राएं निवासरत है। स्वयं के भवनों में संचालित एवं अन्यत्र संचालित छात्रावासों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। भवन विहीन छात्रावासों के भवन निर्माण की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नही है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

जिला-रायगढ़ अंतर्गत अवैध फ्लाईएश डंपिंग की प्राप्त शिकायतों पर कृत कार्यवाही

[आवास एवं पर्यावरण]

36. (क्र. 733) श्री उमेश पटेल : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या दिसंबर, 2023 से जून,2024 तक रायगढ़ जिला के विभिन्न मार्गों में अवैध फ्लाई एश डंपिंग की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो कहां, कब-कब हुई है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है ? **(ख)** यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जिले में प्रश्नांकित दिनांक तक कहां-कहां कितने डंपयार्ड हैं और कहां किन-किन उद्योगों का फ्लाई एश डंप होता है? **(ग)** यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अवैध फ्लाई एश डंपिंग को रोकने के लिए क्या उपाय किये जा रहें हैं और कब तक कर लिए जायेंगे?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हाँ। प्रश्नाधीन अवधि में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को ग्राम-महापल्ली मार्ग से लगे भूमि पर फ्लाई एश डंपिंग की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है।**(ख)** जिला रायगढ़ में ताप विद्युत संयंत्रो से जनित ऐश के भण्डारण हेतु स्थापित एश डाईक की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से फ्लाई ऐश से भू-भराव हेतु अनुमति/अनापत्ति प्राप्त स्थलों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार** है।**(ग)** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा अवैध फ्लाई ऐश अपवहन के रोकथाम हेतु निम्नानुसार उपाय किये गये है :– (1) जी.पी.एस. युक्त वाहनों से फ्लाई ऐश का परिवहन।(2) फ्लाई ऐश अवैध अपवहन के शिकायत हेतु व्हाट्अप हेल्प लाईन नंबर। (3) मुख्य मार्गो का समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण। (4) फ्लाई ऐश अपवहन नियमों का उल्लंघन की स्थिति पाये जाने पर नियमानुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित कर राशि वसूली।
[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

रायगढ़ जिला में कोल साइडिंग की प्राप्त शिकायतें

[आवास एवं पर्यावरण]

37. (क्र. 736) श्री उमेश पटेल : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायगढ़ जिला अंतर्गत कितने औद्योगिक कोल साइडिंग कहां-कहां पर संचालित हैं? पर्यावरण विभाग द्वारा किन शर्तों के अधीन अनुमति दी जाती है? क्या शर्तों का पालन किया जाता है? क्या इन साइडिंगों में पर्यावरण को प्रदूषित करने की शिकायत प्राप्त हुई है? **(ख)** क्या इन उद्योगों द्वारा उद्योग लगाने के पूर्व जनसुनवाई हेतु पर्यावरण विभाग से अनुमति लिया जाता है तो कौन से मापदण्ड के आधार पर अनुमति दी जाती है? उल्लंघन करने पर क्या कार्यवाही का नियम है? **(ग)** पर्यावरण प्रदूषित न हो इसके लिए सरकार द्वार क्या कार्ययोजना बनाई गयी है और इसके क्रियान्यवयन के लिए क्या उपाय किये गये हैं?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। विभाग द्वारा जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 25 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के तहत् साइडिंग में पर्याप्त मात्रा में जल छिडकाव हेतु फिक्स्ड वाटर स्प्रिंकलर की स्थापना करने, कोल साइडिंग के दोनों तरफ विंड शील्ड की स्थापना करने, कोल साइडिंग के प्रवेश व निकासी द्वार में रेनबाथ की व्यवस्था करने, ढके ट्रकों के माध्यम से उत्पाद व रॉ मटेरियल का परिवहन करने, पर्याप्त संख्या में वृक्षारोपण करने, उच्चकोटि की हाउसकीपिंग की व्यवस्था करने आदि शर्तों के साथ सम्मति जारी की जाती है। सभी कोल साइडिंग द्वारा शर्तो का पालन किया जा रहा है। कोल साइडिंग से पर्यावरण को प्रदूषित करने की विगत 01 वर्ष में विभाग को कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।**(ख)**कोल साईडिंग, ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 (यथा संशोधित) की परिधि से परे है। अत: कोल साईडिंग की स्थापना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति एवं लोकसुनवाई की आवश्यकता नहीं है। अत: शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**(ग)**केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कोल साईडिंग से प्रदूषण नियंत्रण हेतु माह मार्च 2015 में गाईडलाईन जारी की गई है। सभी कोल साईडिंग द्वारा इसका पालन किया जाना अनिवार्य है। विभाग द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाकर प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्थाओं का संचालन सुनिश्चित कराया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत ग्राम बकरकट्टा व साल्हेवारा में आदिवासी छात्रावास निर्माण

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

38. (क्र. 739) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम बकरकट्टा व साल्हेवारा में निर्माणाधीन आदिवासी छात्रावास भवन का निर्माण कब तक पूर्ण किया जाना अनुबंध में उल्लेखित है? **(ख)** ग्राम बकरकट्टा व साल्हेवारा में निर्माणाधीन भवन के कार्य के एस्टीमेट व मेजरमेंट बुक की जानकारी देवें। **(ग)** क्या उक्त निर्माण कार्य में संलग्न एजेंसी/ठेकेदार के विरुद्ध पूर्व में निर्माण कार्य में लापरवाही या गुणवत्ताहीन कार्य के संबंध में विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है? जानकारी प्रदान करे।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम बकरकट्टा में निर्माणाधीन प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास भवन का निर्माण दिनांक 30.01.2024 तक एवं साल्हेवारा में निर्माणाधीन प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास भवन का निर्माण दिनांक 03.11.2023 तक पूर्ण किया जाना अनुबंध में उल्लेखित है। **(ख)** ग्राम बकरकट्टा में निमार्णाधीन प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास भवन के एस्टीमेंट की लागत राशि रूपये 152.97 लाख एवं मेजरमेंट बुक की मूल्यांकन राशि रूपये 86.28 लाख व साल्हेवारा में निर्माणाधीन प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास भवन के कार्य के एस्टीमेट की लागत राशि रूपये 152.97 लाख एवं मेजरमेंट बुक की मूल्यांकन राशि रूपये 103.91 लाख है। **(ग)** जी नहीं।

जिला- बालोद अंतर्गत पर्यावरण सुधार हेतु कराए गए कार्य

[आवास एवं पर्यावरण]

39. (क्र. 747) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या केंद्र/राज्य प्रवर्तित अनेक योजनाओं के माध्यम से विभाग द्वारा बालोद जिला अंतर्गत पर्यावरण सुधार हेतु विभिन्न प्रकार के अनेक कार्य किये जा रहे हैं? **(ख)** यदि हाँ तो नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2021-22 से लेकर वर्ष 2023-24 तक बड़े एवं छोटे उद्योगों से होने वाली प्रदूषण, अत्यंत दूषित अपशिष्ट, संग्रहण स्थलों के माध्यम से होने वाले प्रदूषण, खनिज खदानों, ईट भट्टों इत्यादि अन्य अनेक प्रकार के स्थलों के सम्बन्ध में किस कार्य योजना के माध्यम से क्या क्या किया गया? वर्षवार जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्नांश "ख" उल्लेखित विभिन्न स्थलों के साथ ही अन्य स्थलों पर भी प्रदूषित वातावरण को स्वच्छ एवं नियंत्रित किये जाने हेतु क्या क्या कार्यवाही की गई? वर्षवार जानकारी देवें? **(घ)** प्रश्नांश "ख" में उल्लेखित पर्यावरण विरुद्ध कार्य किये स्थलों का निरीक्षण, जाँच, कब-कब किया गया? क्या कार्यवाही की गई जानकारी देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जिला-बालोद अंतर्गत वन विभाग द्वारा केंद्र/राज्य प्रवर्तित निम्नलिखित योजनाओं के माध्यम से वन क्षेत्रो में वन संवर्धन एवं संरक्षण की दृष्टि से कार्य किए जाते है :- (1) बिगड़े वनों का सुधार योजना, (2) बिगड़े बांस वनों का सुधार योजना, (3) सहायक प्राकृतिक पुनरोत्पादन कार्य योजना, (4) भू-जल संरक्षण कार्य योजना, (5) पर्यावरण वानिकी, (6) क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, बांस रोपण, मिश्रित प्रजाति रोपण, (7) डिपोजिट रोपण।**(ख)** नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी वृहद्, मध्यम एवं लघु श्रेणी के उद्योगों को जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 25/26 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के तहत् जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु समुचित व्यवस्था करने, शून्य निस्सारण की स्थिति रखने, उचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था करने, सघन वृक्षारोपण करने आदि प्रमुख शर्तों के साथ छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा सम्मति जारी की गई है। वर्तमान में उद्योगों द्वारा जल एवं वायु सम्मति में निहित शर्तों का पालन किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में महामाया माइंस के विरूद्ध वन कक्ष क्रमांक-280 आर.एफ. रकबा 8.00 हेक्टे. क्षेत्र में कैम्पा -सेफ्टीजोन वृक्षारोपण के तहत 7279 पौधों का रोपण कार्य किया गया। वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में सेफ्टीजोन वृक्षारोपण कार्य नहीं किया गया तथा छ.ग. राज्य वन विकास निगम द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई राजहरा माईन्स अंतर्गत डिपोजिट रोपण के तहत वर्ष 2021-22 में 37500 पौधे, वर्ष 2023-24 में 25000 पौधों का रोपण कार्य किया गया है।**(ग)** वन विभाग द्वारा अन्य स्थलों पर भी प्रदूषित वातावरण को स्वच्छ एवं

नियंत्रित किये जाने हेतु की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है।**(घ)**बालोद जिला के अंतर्गत दिनांक 01/04/2021से 31/03/2024 के मध्य किये गये निरीक्षण में जिन उद्योगों/खदानों में अनियमितता पाई गई एवं की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

अमानक रासायनिक खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयों की गुणवत्ता की जाँच

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

40. (क्र. 748) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या जिला-बालोद में वर्ष 2023-24 में खाद, दवाई एवं बीज विक्रेताओं के संस्थानों में अमानक रासायनिक खाद बीज एवं कीटनाशक दवाइयों के गुणवत्ता की जाँच करायी गई? किस किस स्थानों में किन किन संस्थानों के खाद बीज एवं दवाई अमानक स्तर में पाए गए तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जी हां । जिला-बालोद में वर्ष 2023-24 में खाद, दवाई एवं बीज विक्रेताओं के संस्थानों में रासायनिक खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयों के गुणवत्ता की जाँच करायी गई है। पंजीकृत विक्रय संस्थानों से लिए गए रासायनिक खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयों के नमूनों में से परीक्षण उपरांत अमानक पाए गए नमूनों एवं उन पर की गई कार्यवाही की संस्थावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

प्रदेश के जिलो में जिलास्तरीय नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय खोला जाना

[आवास एवं पर्यावरण]

41. (क्र. 751) श्री दीपेश साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश के सभी जिलों में नगर तथा ग्राम निवेश का कार्यालय संचालित है? यदि नहीं तो क्या कार्यालय खोलने संबंधी सरकार की कोई कार्ययोजना है? यदि हाँ, तो कब तक नगर निवेश का कार्यालय खोला जावेगा? **(ख)** नगर तथा ग्राम निवेश विभाग में कुल कितने पद स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत पद के विरूद्ध कितने अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं? एवं रिक्त पद कब तक भरे जायेंगे ? जिलेवार जानकारी प्रदाय करे?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी, नहीं। प्रदेश के कुल 33 जिलों में से 18 जिलों में नगर तथा ग्राम निवेश के कार्यालय संचालित है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 09 जिलों सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ति, मोहला-मानुपर-अंबागढ़ चौकी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बेमेतरा, सूरजपुर, मुंगेली एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में नगर तथा ग्राम निवेश के नवीन कार्यालय खोले जाने हेतु 108 पदों की स्वीकृति एवं अन्य कार्यालय स्थापना व्यय हेतु नवीन मद में शामिल किया गया है। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।**(ख)** नगर तथा ग्राम निवेश विभाग में कुल 398 पद स्वीकृत है तथा स्वीकृत पद के विरूद्ध 168 पदों पर अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत है एवं शेष 230 पद रिक्त है। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। जिलेवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गतअवैध विकास के नियमितीकरण हेतु स्वीकृत आवेदन

[आवास एवं पर्यावरण]

42. (क्र. 752) श्री दीपेश साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में अवैध विकास के नियमितीकरण हेतु वर्ष 2022 में कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं? कितने प्रकरण स्वीकृत किये गये हैं? कितने प्रकरण अस्वीकृत किये गये हैं? कितना शास्ति राशि अधिरोपित की गयी है तथा कितने प्रकरणों में पार्किंग शुल्क लिया गया है, आवासीय एवं गैर आवासीय प्रकरणों में

जिलेवार जानकारी देवें?**(ख)** अस्वीकृत किये गये आवेदनों/प्रकरणों के क्या कारण हैं एवं उन पर क्या कार्यवाही की जावेगी?**(ग)** भवन अनुज्ञा से अधिक निर्माण की स्थिति में नियमितीकरण हेतु आवेदन नहीं किये जाने की स्थिति में अधिक निर्माण पर सरकार द्वारा कार्यवाही किये जाने क्या कार्ययोजना है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में अवैध विकास के नियमितीकरण हेतु वर्ष 2022 में कुल 15 प्रकरण दर्ज किये गये है, जिसमें से 12 प्रकरण स्वीकृत किए गए है। अस्वीकृत प्रकरणों की संख्या निरंक है। कुल 35,28,763.00 रू. शास्ति की राशि अधिरोपित की गई है तथा 01 प्रकरण में पार्किंग शुल्क की राशि अधिरोपित की गई है, राशि प्राप्त नहीं हुई है। बेमेतरा जिला में आवासीय के कुल 11 प्रकरण तथा गैर आवासीय के 04 प्रकरण दर्ज किए गए है**(ख)** जानकारी निरंक है।**(ग)** भवन अनुज्ञा से अधिक निर्माण की स्थिति में नियमितीकरण हेतु आवेदन नहीं किये जाने की स्थिति में अधिक निर्माण पर शासन द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा-307, छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा-36/37, छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा-187 तथा छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 के नियम 2(5) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाती है।

जिला-महासमुंद में संचालित शहरी एवं ग्रामीण आवास योजना

[आवास एवं पर्यावरण]

43. (क्र. 757) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-महासमुंद में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में आवास निर्माण हेतु कौन-कौन सी योजना संचालित हैं तथा वर्तमान में इन योजनाओ में स्वीकृत, निर्मित एवं अपूर्ण कार्यो की जानकारी विकासखण्डवार, शहरी/ग्रामीण, योजनावार बतावें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के आवास योजनाओ में निर्माण कार्य पूर्ण, परन्तु अनआबंटित, आवासों की संख्या योजनावार, विकासखण्डवार बतायें ? कब तक आबंटित कर दी जायेंगी?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम (2),(3),(4),(5),(6) एवं (7) अनुसार है।**(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम (8) एवं (9) अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

जिला-बलोद में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए संचालित छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

44. (क्र. 764) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दिनांक 30 जून, 2024 की स्थिति में जिला-बालोद में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए किस-किस स्तर के कितने बालक व बालिका छात्रावास संचालित है तथा इन छात्रावासों में सीटों की संख्या कितनी-कितनी है? विकासखण्डवार बतावें. **(ख)** दिनांक 30 जून, 2024 की स्थिति में कण्डिका 'क' के छात्रावासों में दर्ज बच्चों की संख्या कितनी है? विकासखण्डवार बतावें। **(ग)** कण्डिका 'क' के कितने छात्रावास भवनविहीन तथा कितने अहातावि‍हीन हैं? **(घ)** विगत 03 वर्षों में उक्त छात्रावासों को किन-किन मदों में कुल कितनी राशि प्रदान की गई है तथा उनके द्वारा प्राप्त राशि को किन-किन कार्यों में कितना-कितना खर्च किया गया है? जानकारी देवें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** कण्डिका 'क' के 01 छात्रावास भवनविहीन तथा 03 छात्रावास अहातावि‍हीन है। **(घ)** विगत 03 वर्षो में उक्त छात्रावासों को विभिन्न मदों में प्रदान की गई राशि तथा कार्यो में किए गये व्यय की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''स''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

जिला-बालोद में अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए संचालित छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

45. (क्र. 765) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दिनांक 30 जून, 2024 की स्थिति में जिला-बालोद में अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए किस-किस स्तर के कितने बालक व बालिका छात्रावास संचालित है तथा इन छात्रावासों में सीटों की संख्या कितनी-कितनी है? विकासखण्डवार बतावें। **(ख)** कण्डिका 'क' के छात्रावासों में बच्चों की दर्ज संख्या कितनी है? विकासखण्डवार बतावें। **(ग)** कण्डिका 'क' के कितने छात्रावास भवनविहीन तथा कितने अहाताविहीन हैं? **(घ)** विगत 03 वर्षों में उक्त छात्रावासों को किन-किन मदों में कुल कितनी राशि प्रदान की गई है तथा उनके द्वारा प्राप्त राशि को किन-किन कार्यों में कितना-कितना खर्च किया गया है? जानकारी देवें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) दिनांक 30 जून, 2024 की स्थिति में जिला-बालोद अतंर्गत विकासखंड बालोद में अन्य पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास बालोद तथा पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास बालोद संचालित है तथा इन छात्रावासों में सीटों की संख्या 50-50 है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के छात्रावासों में बच्चों की दर्ज संख्या क्रमशः 50 एवं 25 है। **(ग)** जानकारी निरंक है। **(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

बस्तर सभांगान्तर्गत ''परधान समुदाय'' को सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण-पत्र हेतु मात्रा-त्रुटि

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

46. (क्र. 768) श्री विक्रम मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या बस्तर संभाग अंतर्गत "परधान" समुदाय को सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र जारी करने में जाति की मात्रा त्रुटि सम्बंधी कोई समस्या है? यदि हां तो क्या त्रुटि सुधार या सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु सरकार की क्या योजना है? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के अनुसार "परधान" समुदाय की प्रदेश में कुल कितनी जनसंख्या है? जिलेवार बतावें ।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हॉ, बस्तर संभाग अंतर्गत 'परधान' समुदाय को सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है क्योंकि, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु जारी अनुसूचित जनजाति की सूची में अनुक्रमांक 35 पर परधान जाति शामिल है किंतु कतिपय लोगों के प्रारंभिक राजस्व अभिलेखों में पूर्वजों की जाति प्रधान (Pradhan) भी उल्लेखित है, जो कि छत्तीसगढ राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल नहीं है। विभाग द्वारा प्रधान जातिनाम को राज्य की अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किये जाने संबंधी प्रस्ताव भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय को प्रेषित किया गया जिसे भारत सरकार द्वारा भारत के महापंजीयक कार्यालय की टिप्पणी के आधार पर अमान्य किया गया। **(ख)** स्वतंत्र रूप से परधान समुदाय की जनसंख्या, जनगणना प्रतिवेदनों में उपलब्ध नहीं है।

बीजापुर जिले में संचालित आश्रम/छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

47. (क्र. 769) श्री विक्रम मंडावी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बीजापुर जिले में कितने आदिवासी आश्रम/ छात्रावास हैं? कितने आश्रम/छात्रावास भवन-विहीन हैं? कितने आश्रम /छात्रावास स्वयं के शासकीय भवन में संचालित हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें। **(ख)** कितने आश्रम/छात्रावास शासन के अभिलेख के अनुसार अपने मूल स्थान पर संचालित हैं? यदि नहीं संचालित या अन्यत्र संचालित हैं, तो क्यों ? विकासखण्डवार जानकारी देवें। **(ग)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार आश्रम/छात्रावास मूल स्वीकृत स्थान पर कब से संचालित किए जायेंगे? विकासखण्वार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) 137 आश्रम एवं 44 छात्रावास संचालित हैं।

भवन विहीन एवं स्वयं के भवन में संचालित आश्रम/छात्रावासों की विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'ब'** अनुसार है। **(ग)** चूंकि नक्सल समस्या वर्तमान में भी विद्यमान है, अतः आश्रम/छात्रावासां को मूल स्वीकृत स्थान पर संचालित किए जाने की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ"]

बिलासपुर जिला अंतर्गत लघु सिंचाई, तालाब निर्माण एवं नलकूप खनन योजना के प्राप्त आवेदन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

48. (क्र. 773) श्री धर्मजीत सिंह : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- (क) बिलासपुर जिला अंतर्गत वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में लघु सिंचाई तथा तालाब निर्माण योजना, नलकूप खनन योजना के तहत कितने-कितने किसानों से आवेदन प्राप्त हुए? विकासखण्डवार विस्तृत विवरण देवें? (ख) कंडिका "क" के कितने किसानों को, योजना के तहत किन-किन कार्यों के लिए, कितना-कितना अनुदान दिया गया हैं? विस्तृत विवरण देवें? (ग) कंडिका "क" के कितने आवेदनों पर कार्यवाही की गई हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) संचालनालय कृषि द्वारा संचालित लघुत्तम सिंचाई (तालाब) योजना हितग्राही मूलक नहीं होने के कारण सिंचाई तालाब निर्माण हेतु कृषकों से आवेदन प्राप्त नहीं किये जाते है, अपितु योजनांतर्गत ग्राम पंचायत से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार शत-प्रतिशत शासकीय व्यय पर शासकीय भूमि में सिंचाई तालाब निर्मित किये जाते हैं। बिलासपुर जिले में वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में किसान समृद्धि योजना अंतर्गत कृषकों से नलकूप खनन हेतु 29 आवेदन तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में कृषकों से उथला नलकूप खनन हेतु 102 आवेदन प्राप्त हुए। वर्षवार, विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। संचालनालय उद्यानिकी द्वारा संचालित ''राष्ट्रीय बागवानी मिशन'' के घटक जल संसाधन का विकास अंतर्गत व्यक्तिगत तालाब निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2021-22 में 10 किसानों से आवेदन प्राप्त हुए तथा वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में किसानो से आवेदन प्राप्त नही हुए है। वर्षवार, विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है। **(ख)** कंडिका ''क'' की अवधि संचालनालय कृषि द्वारा संचालित योजनाओ में 131 किसानों को नलकूप एवं उथले नलकूप खनन कार्यों के लिए अनुदान रू. 9.26 लाख तथा पंप प्रतिष्ठापन हेतु 119 कृषकों को रू. 18.73 लाख अनुदान दिया गया है। विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। संचालनालय उद्यानिकी द्वारा 10 किसानो को व्यक्तिगत तालाब निर्माण कार्य हेतु रू. 7.50 लाख का अनुदान प्रदाय किया गया है। विस्तृत **जानकारी निर्धारित प्रपत्र-ब में संलग्न** है। **(ग)** कंडिका ''क'' अनुसार संचालनालय कृषि द्वारा 131 एवं संचालनालय उद्यानिकी द्वारा 10 आवेदनों पर कार्यवाही की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ"]

गौठान निर्माण में व्यय राशि

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

49. (क्र. 781) श्री सुशांत शुक्ला : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में वर्ष 2019 से 2023 तक कितने गौठान स्वीकृत किये गये? उक्त गौठानों के निर्माण में कितनी-कितनी राशि किन-किन मदों से व्यय की गई ? कितने गौठान पूर्ण, कितने अपूर्ण एवं कितने अप्रारम्भ हैं ? क्या गौठानों हेतु गौठान समिति का गठन किया गया था ? यदि हाँ तो किसके अनुमोदन से ? प्रश्नांकित अवधि में कितनी मात्रा में गोबर की खरीदी की गई एवं कितनी राशि का भुगतान किया गया ? वर्षवार, जिलावार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश "क" की खरीदी गई गोबर से क्या-क्या उत्पाद कितनी-कितनी मात्रा में बनाया एवं बेचा गया? प्राप्त राशि किस मद में जमा की गई? **(ग)** प्रश्नांश "क" एवं "ख" में अनियमितता की कितनी-कितनी शिकायतें प्राप्त हुई? प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में वर्ष 2019 से 2023 (दिनांक 01.04.2019 से 31.03.2024) तक कुल 9384 गोठान स्वीकृत किये गये। उक्त गोठानों के निर्माण में मदवार व्यय राशि की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ" अनुसार** है। स्वीकृत गोठानों में से कुल 9319 गोठान पूर्ण, 39 अपूर्ण एवं 38 अप्रारंभ हैं। जी हाँ, जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से गोठानों हेतु गोठान समिति का गठन किया गया था। प्रश्नांकित अवधि में कुल 1,46,54,936.48 क्विंटल गोबर की खरीदी किया जाकर कुल राशि रू. 280,60.95 लाख का भुगतान किया गया। वर्षवार, जिलावार भुगतान की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "ब" अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश "क" की खरीदी गई गोबर से निर्मित एवं बेचे गए उत्पाद की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "ब" अनुसार** है। प्राप्त राशि किसी मद में जमा करने संबंधी जानकारी निरंक है। **(ग)** प्रश्नांश "क" एवं "ख" में प्राप्त अनियमितता की शिकायतों तथा उन पर की गई कार्यवाही की जिलेवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "स" अनुसार** है।

बेलतरा वि.स. क्षेत्रांतर्गत कृषि उपकरण एवं अन्य सामग्रियों की खरीदी

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

50. (क्र. 782) श्री सुशांत शुक्ला : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से 30.6.2024 तक कृषि विभाग द्वारा किन-किन योजनाओं के तहत कितनी लागत के, कितने कार्य कराये गये एवं कौन-कौन से कृषि उपकरण एवं अन्य सामग्री की खरीदी की गई ? वर्षवार , विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** प्रश्नांश "क" के खरीदे गये कृषि उपकरण एवं अन्य सामग्रियों का वितरण कितने कृषकों को किया गया ? योजनावार लाभांवित कृषकों की संख्या विकासखण्डवार बतायें ? **(ग)** क्या प्रश्नांश "क" की खरीदी गई सामग्री/उपकरण, हितग्राहियों के चयन, वितरण में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई? यदि हाँ, तो प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विधानसभा क्षेत्र बेलतरा में सम्मिलित विकासखण्ड कोटा एवं बिल्हा में वर्ष 2021-22 से वर्ष 2024-25 में 30.06.2024 तक संचालनालय कृषि अंतर्गत कराये गये योजनावार कार्य, क्रय कृषि उपकरण एवं सामग्री की वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ'** एवं **प्रपत्र 'ब' अनुसार** है। प्रश्नांकित अवधि में संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत योजनावार क्रय कृषि उपकरण एवं सामग्री की वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'स' अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत कृषकों को प्रदाय सामग्री एवं कृषि उपकरण की योजनावार, विकासखण्डवार लाभान्वित कृषकों की जानकारी क्रमशः **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'ब'** एवं **प्रपत्र 'स' अनुसार** है। **(ग)** प्रश्नांश ''क'' की खरीदी गई सामग्री/उपकरण, हितग्राहियों के चयन, वितरण में अनियमितता संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में संचालित आश्रम, पोस्ट मैट्रिक एवं प्री मैट्रिक छात्रावास

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

51. (क्र. 794) श्री बालेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में कितने आश्रम, पोस्ट मैट्रिक एवं प्री-मैट्रिक छात्रावास संचालित हैं? विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** कितने आश्रम ,पोस्ट मैट्रिक एवं प्री-मैट्रिक छात्रावासों का स्वयं का भवन है तथा कितने भवन-विहीन हैं? कृपया अवगत करावें? भवन- विहीन छात्रावासों हेतु स्वयं के भवन की कब तक स्वीकृती प्रदान कर दी जाएगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** 08 आश्रम, 09 पोस्ट मैट्रिक छात्रावास एवं 18 प्री मैट्रिक छात्रावास स्वयं के भवन में संचालित है। कोई भी संस्था भवन विहीन नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ"]

नवा रायपुर अटल नगर में सेवाग्राम के निर्माण हेतु स्वीकृत राशी

[आवास एवं पर्यावरण]

52. (क्र. 797) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नवा रायपुर अटल नगर में निर्माणाधीन "सेवा ग्राम" हेतु कुल कितनी राशि स्वीकृत हुई? कितने क्षेत्रफल में क्या-क्या निर्माण कार्य, कितनी-कितनी राशि में किया जाना प्रस्तावित है? **(ख)** "सेवा ग्राम" निर्माण की कार्य पूर्णता तिथि अनुबंध के अनुसार क्या नियत की गई है ? वर्तमान में कार्य की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति बतावें? कितनी राशि व्यय की गई है? कितनी राशि व्यय किया जाना शेष है? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के कार्य में विलम्ब का कारण क्या है तथा निर्माण एजेंसी को कब-कब, समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु नोटिस जारी किया गया है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) कुल 129.03 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ के कॉलम (2), (3), (4) अनुसार है।(ख)** अनुबंध अनुसार प्रथम चरण निर्माण कार्य पूर्णता तिथि 30.06.2024 तथा द्वितीय चरण निर्माण कार्य पूर्णता तिथि 31.08.2024 है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ के कॉलम (5), (6), (7), (8) अनुसार है।(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - उनहत्तर"]

कृषि विभाग की योजनाओं से लाभान्वित किसान

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

53. (क्र. 805) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-सरायपाली विधानभा क्षेत्र के अंतर्गत पिछले 3 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 30/06/2024 तक किन-किन योजनाओं से कितने किसानों को लाभान्वित किया गया है? योजनावार, वर्षवार, जानकारी दें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखण्ड सरायपाली एवं बसना में प्रश्नाधीन अवधि में संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित कृषकों की वर्षवार योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तर"]

नवीन उद्योगों की लंबित पर्यावरण स्वीकृति

[आवास एवं पर्यावरण]

54. (क्र. 806) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में स्थापित होने वाले कितने नवीन उद्योगों की पर्यावरण स्वीकृति किस कारण से कब से लंबित है ? संयंत्र का नाम, स्थान की जानकारी जिलावार बताएं? **(ख)** क्या नए उद्योगों के द्वारा बिना पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त किए ही उद्योग का संचालन शुरू कर दिया गया है? यदि हां तो क्या क्या कार्रवाई की गई है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना, 2006 (यथा संशोधित) की अनुसूची के प्रवर्ग 'क' में उल्लेखित क्षमता के लिये भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की जाती है। अत: भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के समक्ष पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लंबित प्रकरणों का अभिलेख संधारित नहीं किया जाता है। उक्त अनुसूची के प्रवर्ग 'ख' में उल्लेखित क्षमता के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की जाती है। वर्तमान में प्राधिकरण के समक्ष नवीन उद्योगों के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु कुल 03 प्रकरण लंबित है, जिनकी जिलेवार विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** नए उद्योगों द्वारा बिना पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किये संचालन शुरू नहीं किया गया है। अतः शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकहत्तर"]

जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में अमानक बीज/दवा/खाद सप्लाई पर कार्यवाही

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

55. (क्र. 808) श्री इंद्र साव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2021-22. 2022-23 एवं 2023-2024 में 30 जून, 2024 तक छ.ग. राज्य एवं छत्तीसगढ़ से बाहर के किन-किन संस्थानों/फर्मों से बीज/दवा की खरीदी की गई है? खरीदी हेतु कौन सी प्रक्रिया का पालन किया गया? कौन-कौन से बीज/खाद की खरीदी की गई? क्या गुणवत्ता जांच की गई? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अवधि में किन-किन संस्थानों/फर्मों द्वारा अमानक बीज की सप्लाई की गई? इस संबंध में क्या विभाग को किसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई? शिकायतों पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** क्या विभागीय सक्षम अधिकारियों द्वारा खाद एवं बीज सप्लाई करने वाले संस्थानों/फर्मों का विगत 3 वर्षों में निरीक्षण किया गया? क्या सेंपल जांच की गई? किन-किन कंपनियों द्वारा सप्लाई की गई दवा/बीज की गुणवत्ता अमानक पाये गए? किन-किन संस्थानों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत विगत तीन वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में 30 जून 2024 तक क्रय बीज/दवा एवं खाद की वर्षवार, संस्थावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब, प्रपत्र-स, प्रपत्र-द, प्रपत्र-इ एवं प्रपत्र-ई अनुसार है।** इन सामग्रियों का क्रय राज्य शासन द्वारा आदान सामग्रियों की आपूर्ति हेतु अधिकृत संस्थाओं को प्रदायगी आदेश जारी कर किया गया है। छ.ग. राज्य के बाहर की किसी भी संस्था/फर्म से सामग्रियों का क्रय नहीं किया गया है। संचालनालय कृषि द्वारा आपूर्ति किए गए बीज, कीटनाशी रसायन, बायोफर्टिलाईजर, माईक्रोन्यूट्रियेंट एवं तरल रासायनिक उर्वरक की गुणवत्ता परीक्षण की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब, प्रपत्र-स, प्रपत्र-द एवं प्रपत्र-इ अनुसार है।** संचालनालय उद्यानिकी द्वारा आदान सामग्रियों की गुणवत्ता जांच नहीं कराई गई है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' की अवधि में वर्ष 2024-25 (30 जून 2024 तक) संचालनालय कृषि को छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम से आपूर्ति किये गये धान फसल के बीजों में से एक नमूना प्रयोगशाला में परीक्षण उपरांत अमानक स्तर का पाया गया, जिसके भण्डारण एवं वितरण पर प्रतिबंध लगाए जाने की कार्यवाही की गई। इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। संचालनालय उद्यानिकी को किसी भी संस्थान/फर्म द्वारा अमानक बीज की आपूर्ति नहीं की गई है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। **(ग)** जी हाँ। प्रश्नांश 'क की अवधि में संचालनालय कृषि अंतर्गत कीटनाशक/उर्वरक/बीज निरीक्षकों द्वारा आपूर्तिकर्ता संस्थाओं का निरीक्षण कर नमूने लेकर प्रयोगशालाओं को परीक्षण हेतु प्रेषित किए गए हैं। प्रयोगशालाओं से प्राप्त परीक्षण परिणाम के अनुसार अमानक पाए गए नमूनों एवं उनके विरूद्ध की गई कार्यवाही की वर्षवार, संस्थावार, सामग्रीवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब, प्रपत्र-स, प्रपत्र-द एवं प्रपत्र-इ अनुसार है।** संचालनालय उद्यानिकी के बीज निरीक्षकों द्वारा बीज आपूर्ति करने वाली संस्थानों/फर्मों का निरीक्षण कर नमूने लेकर प्रयोगशालाओं को परीक्षण हेतु भेजे गये नमूनों में से कोई भी नमूने अमानक स्तर के नहीं पाये गये हैं।

धमतरी जिले में संचालित रासायनिक/जैविक उर्वरक, खाद, बीज की दुकानें

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

56. (क्र. 820) श्री ओंकार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धमतरी जिले में कितने रासायनिक/जैविक उर्वरक, खाद, बीज के दुकान, कृषि यंत्र, बीज पैकेजिंग, बीज भंडारण के दुकान/उद्योग संचालित हैं? **(ख)** कृषि विभाग, धमतरी द्वारा विगत 02 वित्तीय वर्षों में जिले में अमानक रासायनिक खाद, उर्वरक, बीज, एवं कीटनाशक के कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं? उक्त प्रकरणों पर क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** जिले में कौन-कौन सी कंपनियों के कीटनाशक/ बीज/ उर्वरक पर प्रतिबंध लगाया गया है? कारण समेत जानकारी उपलब्ध करावें? **(घ)** वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक जिले

में बिना अनुमति/लाइसेंस के संचालित कीटनाशक/कृषि यंत्र/बीज दुकानों के कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं? वर्षवार, स्थानवार, कार्यवाही विवरण की जानकारी दें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) जिला धमतरी में रासायनिक उर्वरक /जैविक उर्वरक एवं खाद की 386, बीज की 291, बीज पैकेजिंग बीज भण्डारण की 4 एवं कृषि यंत्र 12 की दुकानें संचालित है। उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत जिला धमतरी में उद्यानिकी फसलों के बीजों के विक्रय हेतु 24 दुकान संचालित है। **(ख)** कृषि विभाग, जिला धमतरी द्वारा वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में लिये गये नमूनों में प्रयोगशाला से विश्लेषण पश्चात् रासायनिक खाद के 20, बीज के 10, कीटनाशक के 19 नमूने अमानक पाये गये है। उर्वरक के अमानक नमूनों पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, बीज के अमानक नमूनों पर बीज अधिनियम 1966, कीटनाशक के अमानक नमूनों पर कीटनाशी अधिनियम 1968 के प्रावधानो के अंतर्गत विक्रय प्रतिबंध की कार्यवाही किया गया है। अमानक पाये गये उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र- अ अनुसार** एवं की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब, प्रपत्र-स एवं प्रपत्र- द अनुसार है।(ग)** जिला धमतरी में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में अनियमितता पाये जाने पर कंपनियों के विरूद्ध लगाये गये प्रतिबंध की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब, प्रपत्र-स एवं प्रपत्र- द अनुसार है। (घ)** वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक जिले में बिना अनुमति/लाइसेंस के संचालित कीटनाशक/कृषि यंत्र/बीज दुकानों के प्रकरण की वर्षवार, स्थानवार एवं की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र- ई अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - बहत्तर"]

जिला-धमतरी अंतर्गत पर्यावरणीय अनुमति हेतु लंबित प्रकरण

[आवास एवं पर्यावरण]

57. (क्र. 822) श्री ओंकार साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पर्यावरण विभाग को धमतरी जिले में स्थापित उद्योगों / संस्थानों से वर्ष 2020 से जून, 2024 तक अनुमति हेतु कितने प्रकरण प्राप्त हुए हैं? उक्त प्रकरणों का क्या प्रकार है एवं अनुमति किस आधार पर प्रदान की गई? जानकारी वर्ष वार प्रदान करें। **(ख)** प्रश्न "क" अनुसार पर्यावरण विभाग में धमतरी जिले के कितने प्रकरण लंबित हैं? उन प्रकरणों का प्रकार क्या है, एवं लंबित होने के क्या कारण हैं? लंबित प्रकरणों को अनुमति कब तक प्रदान की जाएगी? जानकारी दे।

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़ एवं राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ में वर्ष 2020 से जून, 2024 तक टी.ओ.आर./पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु कुल 62 प्रकरण प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रकरणों के प्रकार, एवं जारी की गई टी.ओ.आर./पर्यावरणीय स्वीकृति के आधार की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र के कालम (3) एवं (5) अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नाश 'क' अनुसार राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़ एवं राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ में धमतरी जिले के टी.ओ.आर./पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु कुल 15 प्रकरण लंबित है। लंबित प्रकरणों के प्रकार तथा लंबित होने के कारण की **जानकारी संलग्न प्रपत्र के कालम (3) एवं (6) अनुसार** है। राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़ एवं राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ द्वारा गुण-दोषों के आधार पर लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। अतः निराकरण की तिथि बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिहत्तर"]

केन्द्र प्रवर्तित, केन्द्र क्षेत्रीय, विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत कृषकोन्मुखी योजनाओं का संचालन

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

58. (क्र. 825) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या वर्ष 2021-2022 से 30/06/2024 तक कृषि विभाग द्वारा केन्द्र प्रवर्तित, केन्द्र क्षेत्रीय, विशेष केन्द्रीय

सहायता के तहत कृषकोन्मुखी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है? यदि हां, तो इनके तहत राजनांदगांव जिला में कौन-कौन से कार्यक्रम/योजना संचालित किये जा रहे हैं? उक्त कार्यक्रमों या गतिविधियो में कितनी राशि का व्यय किया गया है, विकासखण्डवार, योजनावार, जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : जी हॉ। प्रश्नाधीन अवधि में जिला राजनांदगांव में संचालित विभिन्न योजनाओं में गतिविधिवार व्यय की गई राशि की वर्षवार विकासखण्डवार योजनावार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब अनुसार** है।

छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड (बीज निगम) में केंद्र एवं राज्य की योजनाऐं

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

59. (क्र. 826) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड (बीज निगम) में राज्य एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का संचालन किया जा रहा है? **(ख)** यदि हॉ, तो वर्ष 2022-2023 से 30/06/2024 तक राजनांदगांव जिला में बीज निगम द्वारा कौन-कौन सी योजनाओं के तहत कितने कृषकों को लाभान्वित किया गया है? **(ग)** क्या किसानों को निःशुल्क बीज एवं किसान औजार या यंत्र वितरण करने का प्रावधान है? यदि हां, तो राजनांदगांव जिला के कितने कृषकों या हितग्राहियों को कौन-कौन सी फसलों के बीज एवं किसान औजारों का वितरण किया गया है? विकासखण्डवार, वर्षवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां, छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड अंतर्गत चैम्प्स प्रणाली के माध्यम से शक्ति चलित कृषि यंत्र एवं सूक्ष्म सिंचाई से सबंधित हितग्राही मूलक राज्य एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। **(ख)** वर्ष 2022-23 से दिनांक 30.06.2024 तक राजनांदगांव जिले में चैम्प्स प्रणाली के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं के तहत अनुदान पर कुल 4157 कृषकों को लाभान्वित किये गये हैं, विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ**अनुसार है **(ग)** विभाग अंतर्गत संचालनालय कृषि द्वारा क्रियान्वयन की जा रही विभिन्न राज्य पोषित एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के प्रदर्शन घटक तथा मिनिकिट के तहत किसानों को निःशुल्क बीज वितरण का प्रावधान है। राज्य पोषित एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत निःशुल्क औजार या यंत्र वितरण का प्रावधान नहीं है। जिला राजनांदगांव में वर्ष 2022-2023 से 30.06.2024 तक निःशुल्क वितरित बीज से लाभांवित किसानों की वर्षवार, विकासखण्डवार, योजनावार, फसलवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र- ब अनुसार है।**उद्यान विभाग अंतर्गत क्रियान्वयन की जा रही योजनाओं में किसानों को बीज एवं कृषि/यंत्र विभागीय योजनाओ में निहित प्रावधानों के अनुसार अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। जिला खनिज न्यास निधि एवं नीती आयोग मद से प्राप्त राशि से उद्यानिकी विभाग जिला राजनांदगांव द्वारा किसानो को औजार/यंत्र का निःशुल्क वितरण किया गया है। प्रश्नावधि में छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड(बीज निगम)के माध्यम से क्रय कर वितरित बीज की विकासखंडवार, योजनावार, वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र- स अनुसार** एवं वितरित कृषि यंत्र की **जानकारी संलग्न प्रपत्र- द अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौहत्तर"]

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा क्रय सामग्री/उपकरण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

60. (क्र. 833) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से 30/06/2024 तक कृषि विभाग द्वारा किन-किन योजनाओं के तहत कितनी लागत के कितने कार्य कराये गये एवं कौन-कौन से कृषि उपकरण एवं अन्य सामग्री की खरीदी की गई, वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' की खरीदी गई सामग्री/उपकरण का वितरण कितने किसानों को किया गया? लाभान्वित कृषकों की संख्या विकासखंडवार बतावें? **(ग)** क्या प्रश्नांक 'क' की खरीदी गयी सामग्री/उपकरण, हितग्राहियों के चयन, वितरण में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विधानसभा क्षेत्र पंडरिया में सम्मिलित विकासखण्ड पंडरिया, सहसपुर लोहारा एवं कवर्धा में वित्तीय वर्ष 2021-22 से वर्ष 2024-25 में 30.06.2024 तक संचालनालय कृषि अंतर्गत कराये गये योजनावार कार्य, क्रय कृषि उपकरण एवं सामग्री की वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ'** एवं **प्रपत्र 'ब' अनुसार** है। प्रश्नांकित अवधि में संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत योजनावार क्रय कृषि उपकरण एवं सामग्री की वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'स', प्रपत्र 'द'** एवं **प्रपत्र 'इ' अनुसार**है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत कृषकों को प्रदाय सामग्री एवं कृषि उपकरण की योजनावार, विकासखण्डवार लाभान्वित कृषकों की जानकारी क्रमशः **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'ब'** एवं **प्रपत्र 'क', प्रपत्र 'ख' अनुसार** है। **(ग)** जी हॉ। शिकायत की जांच करवाई गई है, कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

पंडरिया वि.स. क्षेत्र अंतर्गत संचालित प्री-मैट्रिक अनु जनजाति बालक एवं बालिका छात्रावास/आश्रम

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

61. (क्र. 834) श्रीमती भावना बोहरा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक एवं बालिका छात्रावास/आश्रम कहाँ-कहाँ संचालित हैं? विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांक (क) के उपरोक्त छात्रावासों हेतु वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में दिनांक 2 जुलाई, 2024 तक कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई है? स्वीकृत राशि किन-किन कार्यों में खर्च की गई? कार्य एजेंसी के नाम सहित वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांक (क) के संचालित छात्रावास/आश्रम में कितने-कितने छात्र /छात्राएं निवासरत हैं? प्रतिमाह कितनी राशि प्रति छात्र/छात्रा पर खर्च की जाती है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'अ'** अनुसार है। **(ख)** स्वीकृत राशि, कार्य का विवरण एवं कार्य एजेंसी की वर्ष वार जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'ब'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'स'** अनुसार है। प्रतिमाह राशि रूपये 1500/- प्रति छात्र/छात्रा पर खर्च की जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचहत्तर"]

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत कराये गये कार्य

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

62. (क्र. 841) श्री किरण देव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से 30.06.2024 तक कृषि विभाग द्वारा किन-किन योजनाओं के तहत, कितनी लागत के, कितने से कार्य कराये गये एवं कौन-कौन से कृषि उपकरण एवं अन्य सामग्री की खरीदी की गई? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की खरीदी गई सामग्री/उपकरण का वितरण कितने किसानों को किया गया ? योजनावार लाभान्वित कृषकों की संख्या विकासखंडवार बतावें? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'क' की खरीदी गयी सामग्री/उपकरण, हितग्राहियों के चयन, वितरण में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर में सम्मिलित विकासखण्ड जगदलपुर एवं दरभा में वर्ष 2021-22 से वर्ष 2024-25 में 30.06.2024 तक संचालनालय कृषि अंतर्गत कराये गये योजनावार कार्य, क्रय कृषि उपकरण एवं सामग्री की वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ' एवं प्रपत्र 'ब'अनुसार** है। प्रश्नांकित अवधि में संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत योजनावार क्रय कृषि उपकरण एवं सामग्री की वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'स'अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार संचालनालय कृषि एवं संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत कृषकों को प्रदाय सामग्री एवं कृषि उपकरण की योजनावार, विकासखण्डवार लाभान्वित कृषकों की जानकारी क्रमशः **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'द'**

एवं प्रपत्र 'इ'अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश ''क" की खरीदी गई सामग्री/उपकरण, हितग्राहियों के चयन, वितरण में अनियमितता संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

जगदलपुर वि.स. क्षेत्र में संचालिजत प्री-मैट्रिक अनु. जनजाति बालक एवं बालिका छात्रावास/आश्रम

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

63. (क्र. 842) श्री किरण देव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक एवं बालिका छात्रावास/आश्रम कहां-कहां संचालित हैं? विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के उपरोक्त छात्रावासों हेतु वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में दिनांक 30 जून, 2024 तक कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई है? स्वीकृत राशि किन-किन कार्यो में खर्च की गई? कार्य एजेंसी के नाम सहित वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के संचालित छात्रावास/आश्रम में कितने-कितने छात्र/छात्रायें निवासरत हैं? प्रतिमाह कितनी राशि प्रति छात्र/छात्रा पर खर्च की जाती है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** विकासखंड जगदलपुर में प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में 455 छात्र 365 छात्राएं एवं आश्रमों में 210 छात्र 50 छात्राएं, विकासखंड दरभा में प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में 165 छात्र 195 छात्राएं एवं आश्रमों में 291 छात्र 278 छात्राएं निवासरत है। प्रतिमाह रुपये 1500/- प्रति छात्र/छात्रा पर खर्च की जाती है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छिहत्तर"]

प्रदेश में निवासरत अति विशेष पिछड़ी जनजातियों की जनगणना

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

64. (क्र. 843) श्री किरण देव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ राज्य में कौन-कौन सी अति विशेष पिछड़ी जनजाति निवासरत हैं ? इनकी जिलेवार आबादी कितनी-कितनी है? अंतिम बार इनकी जनगणना कब हुई थी? पुनः जनगणना कब की जावेगी? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अंतर्गत पिछले तीन वित्तीय वर्षो एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 30 जून, 2024 तक कितनी-कितनी राशि केन्द्र सरकार से किस-किस योजना के तहत प्राप्त हुई? प्राप्त राशि का उपयोग किन-किन कार्यो में किया गया? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 05 विशेष रूप से कमजोर जनजातियां अबूझमाड़िया, बैगा, बिरहोर, कमार, पहाड़ी कोरवा तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य हेतु घोषित 02 विशेष रूप से कमजोर जनजातियां भुजिया और पंडो निवासरत है। इनकी जिलेवार आबादी की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। भारत सरकार द्वारा अधिसूचित विशेष रूप से कमजोर जनजाति हेतु आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा वर्ष 2015-16 में अंतिम बार आधारभूत सर्वेक्षण कराया गया है। राज्य द्वारा मान्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति के अभिकरण क्षेत्र अंतर्गत निवासरत परिवारों का वर्ष 2005-06 में स्थानीय सर्वेक्षण किया गया है। अभिकरण क्षेत्र के बाहर निवासरत भुंजिया परिवारों का आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा वर्ष 2016-17 में सर्वेक्षण कराया गया है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार से निर्देश प्राप्त होने पर पुनः इनका सर्वेक्षण कराया जावेगा। **(ख)** पिछले 03 वित्तीय वर्षो एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष दिनांक 30 जून 2024 तक केन्द्र सरकार से योजनावार प्राप्त राशि एवं कार्यो की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुंसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सतत्तर"]

जिला सुकमा में कृषि विभाग द्वारा कराए गए कार्य एवं सामग्री क्रय

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

65. (क्र. 850) श्री कवासी लखमा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-22 से 2024-25 में जून, 2024 तक जिला सुकमा में कृषि विभाग को भारत सरकार, राज्य शासन एवं अन्य मदों से कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुयी ? **(ख)** प्राप्त राशि से कौन-कौन से कार्य कराए गए? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ग)** उक्त वित्तीय वर्ष में कौन-कौन सी सामग्रियाँ क्रय की गयी? वर्षवार लागत सहित अलग-अलग जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) संचालनालय कृषि अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 2024-25 में जून, 2024 तक जिला-सुकमा में भारत सरकार, राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं तथा अन्य मद अंतर्गत प्राप्त राशि का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ', प्रपत्र 'ब', प्रपत्र 'स' एवं प्रपत्र 'द'** अनुसार है। प्रश्नांकित अवधि में संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत जिला-सुकमा में भारत सरकार, राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं तथा अन्य मद अंतर्गत प्राप्त राशि का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ' इ '** अनुसार है। (ख) प्रश्नांकित अवधि में संचालनालय कृषि अंतर्गत जिला-सुकमा में प्राप्त राशि से अधोसंरचना विकास तथा विस्तार कार्य कराये गये, सम्पादित कार्य का वर्षवार, विकासखण्डवार, योजनावार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ', प्रपत्र 'ब', प्रपत्र 'स' एवं प्रपत्र 'द'** अनुसार है। प्रश्नांकित अवधि में संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत जिला-सुकमा में कार्य कराये गये, सम्पादित कार्य का वर्षवार, विकासखण्डवार, योजनावार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ' क '** अनुसार है। (ग) प्रश्नाधीन अवधि में संचालनालय कृषि अंतर्गत जिला-सुकमा में क्रय सामग्री हेतु किये गये व्यय का वर्षवार-योजनावार-विकासखंडवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ', प्रपत्र 'ब', प्रपत्र 'स' एवं प्रपत्र 'द'** अनुसार है। प्रश्नांकित अवधि में संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत जिला-सुकमा में क्रय सामग्री हेतु किये गये व्यय का वर्षवार-योजनावार- विकासखंडवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'ख' अनुसार है।**

जिला सुकमा में बीज विकास निगम द्वारा की गयी सामग्री

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

66. (क्र. 851) श्री कवासी लखमा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2022 से जून, 2024 तक जिला सुकमा के लिए शासन द्वारा कृषि विभागांतर्गत किन-किन योजनाओं के तहत सामग्री क्रय के लिए कितनी-कितनी राशि प्रदान की गयी? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** प्राप्त राशि से कौन-कौन सी सामग्रियां क्रय की गयी? प्राप्त बजट अनुसार वर्षवार व्यय की जानकारी देंवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) :(क) वर्ष 2022 से जून 2024 तक जिला-सुकमा के लिए विभाग में संचालित राज्य पोषित योजनाओं तथा केन्द्र प्रवर्तित/पोषित योजना अंतर्गत सामग्री क्रय हेतु पृथक से राशि आबंटित नहीं की जाती अपितु योजनांतर्गत प्राप्त राशि से बीज, सिंचाई पाईप एवं कृषि यंत्र वितरण तथा फसल प्रदर्शन अंतर्गत कृषि आदान सामग्री की व्यवस्था की जाती है। कृषि विभाग में संचालित योजनाओं में प्राप्त राशि से क्रय की गई सामग्री की राशि का वर्षवार-योजनावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ अनुसार** है। प्रश्नाधीन अवधि में उद्यानिकी विभाग में संचालित योजनाओं में प्राप्त राशि से क्रय की गई सामग्री की राशि का वर्षवार-योजनावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- ब अनुसार** है। छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड चैम्प्स प्रणाली के माध्यम से संचालित योजनाओं के प्रावधान अनुरूप अनुदान पर उपकरण/सामग्री क्रय की राशि का वर्षवार- योजनावार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- स अनुसार** है। **(ख)** प्राप्त राशि से क्रय सामग्रियों एवं प्राप्त बजट अनुसार वर्षवार व्यय की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब, प्रपत्र स, एवं, प्रपत्र-द अनुसार** है।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में उद्योगों द्वारा प्रदूषण उत्सर्जन की जाँच

[आवास एवं पर्यावरण]

67. (क्र. 856) श्री संदीप साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बलौदाबाजार -भाटापारा जिले में 2023-24 में कितने उद्योगों के खिलाफ प्रदूषण संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है? वह उन पर क्या कार्रवाई की गई है? जानकारी देवें? **(ख)** किन-किन उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रक यंत्र स्थापित हैं व किन-किन उद्योगों में नियंत्रण यंत्र स्थापित नहीं होने पर क्या-क्या कार्रवाई की गई है? विवरण सहित बतावें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क)बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 31.03.2024 तक की अवधि में कुल 04 उद्योगों के विरुद्ध प्रदूषण संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई है। प्राप्त शिकायतों के संबंध में की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार** है।**(ख)**प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित उद्योगों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण हेतु आवश्यक व्यवस्थाये की गई है, जिसकी **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार** है। अतः शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अठहत्तर"]

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के चिन्हाँकित औद्योगिक क्षेत्र के विरुद्ध वृक्षारोपण

[आवास एवं पर्यावरण]

68. (क्र. 857) श्री संदीप साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र हेतु कितना क्षेत्र चिन्हाँकित है तथा इन चिन्हाँकित औद्योगिक क्षेत्र के विरुद्ध कितने क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाना था तथा कितने क्षेत्र में वृक्षारोपण नवंबर, 2023 से जून, 2024 तक की स्थिति में किया गया एवं कितने क्षेत्र में शेष है? **(ख)** क्या यह सही है कि उक्त क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट के मापदंड अनुसार वृक्षारोपण नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसके लिए दोषी कौन है?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसआईडीसी) से प्राप्त जानकारी अनुसार औद्योगिक क्षेत्र औरेठी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (रकबा 7.747 हेक्टेयर) में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत अभिन्यास के अनुसार वृक्षारोपण हेतु 1.174 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है। वन विभाग के माध्यम से वृक्षारोपण का कार्य कराये जाने हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।**(ख)**छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसआईडीसी) से प्राप्त जानकारी अनुसार औद्योगिक क्षेत्र औरेठी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में ग्रीन बेल्ट के मापदंडों के अनुसार ही वृक्षारोपण करने की कार्यवाही प्रस्तावित है। अतः शेषांश प्रश्न उपस्थित नहीं होता हैं।

उद्यानिकी विभाग अंतर्गत योजनाओं व मदों से प्राप्त राशि व स्वीकृत कार्य

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

69. (क्र. 858) श्री संदीप साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बलौदाबाजार - भाटापारा जिले में उद्यानिकी विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं? संचालित योजनाओं में वर्ष 2023-24 से जून,2024 तक कौन-कौन से मुद्दों से राशि प्राप्त हुई है? जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका 'क' अनुसार प्राप्त मदों से कौन-कौन से कार्य स्वीकृत हुए हैं, स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2023-24 से जून, 2024 तक कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा संचालित योजनाओं तथा इनमें मांग संख्यावार प्राप्त राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** कंडिका 'क' अनुसार संचालित योजनाओं में स्वीकृत किये गये कार्य एवं 30 जून 2024 तक कार्य की स्थिति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्यासी"]

कसडोल विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत स्वीकृत राशि एवं कार्य

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

70. (क्र. 859) श्री संदीप साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र कसडोल के अंतर्गत किन-किन ग्रामों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चिन्हित किया गया है, ग्रामवार जानकारी देवें? **(ख)** उक्त योजनाओं से वित्तीय वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक किस-किस कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई है? **(ग)** स्वीकृत कार्य एवं राशि के विरुद्ध कितने कार्य, किस एजेंसी से, कितनी लागत से, प्रश्ननांक 'क' के ग्रामों में कराए गए हैं? क्या किसी निजी एजेंसी को कार्य दिया गया है? ग्राम पंचायत के अनुमोदन पश्चात कितने कार्य दिए गए पूर्ण विवरण देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में विधान सभा क्षेत्र कसडोल के अंतर्गत चिन्हांकित 10 ग्रामों हेतु भारत सरकार से राशि अप्राप्त होने के कारण कार्यों के क्रियान्वयन हेतु राशि प्रदान नहीं की गई है। वर्ष 2023-24 एवं अप्रेल 2024 से जून 2024 तक किसी गांव को योजना अंतर्गत चिन्हित नहीं किया गया है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। किसी निजी एजेंसी को कार्य नहीं दिया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अस्सी"]

खुज्जी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत किसान समृद्धि योजना के लाभान्वित हितग्राही

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

71. (क्र. 863) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत तीन वर्षों में कितने कृषक को किसान समृद्धि योजना का क्या-क्या लाभ दिया गया? वर्ष वार, विकास खंड वार, जानकारी देवें? **(ख)** उक्त किसान समृद्धि योजना के तहत कितने किसानों के वर्तमान में आवेदन लंबित हैं ? लंबित होने का पूर्ण विवरण सहित विकास खंड वार जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखंड छुरिया एवं अंबागढ़ चौकी अंतर्गत विगत तीन वर्षों में किसान समृद्धि योजनान्तर्गत अनुदान पर नलकूप खनन से 48 एवं पम्प प्रतिस्थापन से 37 कृषकों को लाभान्वित किया गया हैं। वर्षवार एवं विकासखंडवार विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	विकासखंड छुरिया		विकासखंड अंबागढ़ चौकी		योग	
	खनन में अनुदान	पम्प प्रतिस्थापन में अनुदान	खनन में अनुदान	पम्प प्रतिस्थापन में अनुदान	खनन में अनुदान	पम्प प्रतिस्थापन में अनुदान
2021-22	10	6	6	6	16	12
2022-23	9	8	4	2	13	10
2023-24	16	13	3	2	19	15
योग	35	27	13	10	48	37

(ख) वर्तमान में योजनान्तर्गत किसानों से प्राप्त आवेदन पंजीयन हेतु लंबित नहीं हैं।

अविभाजित राजनंदगांव जिले में संचालित छात्रा वास/आश्रम

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

72. (क्र. 865) श्री भोलाराम साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अभिभाजित राजनांदगांव जिले अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 1 जुलाई, 2024 तक छात्रावास एवं आश्रमों में किन-किन कार्य हेतु कितनी -कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? वर्ष वार, जिलेवार, विकास खंडवार छात्रावास,

आश्रमवार, मदवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या कंडिका"क" में स्वीकृत राशि का व्यय उसी मदवार किया गया है ?यदि हाँ तो किस-किस मद में कितनी-कितनी राशि व्यय की गई है? वर्ष वार, जिले वार,विकास खंड वार, छात्रा वास, आश्रम वार एवं मदवार जानकारी देवें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हाँ। जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है।

रायपुर जिला अंतर्गत कृषि उपज मण्डियों में जमा स्थानीय निधि

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

73. (क्र. 880) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर जिला अंतर्गत किन-किन कृषि उपज मण्डियों में कितनी-कितनी राशि स्थानीय निधि के रूप में जमा है? **(ख)** आरंग, गोबरा नवापारा तथा अभनपुर कृषि उपज मंडी में उपलब्ध स्थानीय निधि के द्वारा जनवरी 2021 से जून 2024 के मध्य कितनी-कितनी राशि के कौन-कौन से निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) रायपुर जिला अंतर्गत कृषि उपज मण्डियों में स्थायी निधि के रूप में जमा राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)** आरंग, गोबरा नवापारा तथा अभनपुर कृषि उपज मंडी में उपलब्ध स्थायी निधि के द्वारा जनवरी 2021 से जून 2024 के मध्य स्वीकृत निर्माण कार्यो की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्यासी "]

जनजातियों के व्यक्यिों की संख्या तथा योजनांतर्गत लाभ

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

74. (क्र. 890) डॉ. चरण दास महंत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में बैगा, बिरहोर, कमार, पहाड़ी कोरवा, अबुझमाड़िया एवं पंडो आदि किस-किस विशेष पिछड़ी जनजाति के कितने-कितने परिवार निवासरत हैं? जिलेवार विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या योजनाएं संचालित हैं? कितने परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ दिया जाना है तथा कितनों को दिया जा चुका है? **(ग)** विशेष पिछड़ी जनजाति के कितने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, योजना का नाम सहित जिलेवार जानकारी देवें? योजनाओं के लाभ से वंचितों की संख्या कितनी है?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुंसार है। **(ख)** भारत सरकार द्वारा अधिसूचित विशेष रूप से कमजोर जनजातियों के लिये वर्तमान में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) संचालित है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य हेतु मान्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह पंडो एवं भुंजिया के लिये पंडों एवं भुंजिया विकास अभिकरण तथा मुख्यमंत्री 11 सूत्रीय कार्यक्रम संचालित है। विशेष रूप से कमजोर जनजाति के 48950 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को लाभ दिया जाना है। जिसमें से 36298 परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुंसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयासी"]

अति विशेष पिछड़ी जनजाति के विकास पर व्यय राशि

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

75. (क्र. 891) डॉ. चरण दास महंत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश मे अति विशेष पिछड़ी जनजाति (आदिम जन-जातियों) के विकास एवं उत्थान हेतु वर्ष

2020-21 से वर्ष 2024-25 में 30 जून 2024 की स्थिती में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से कितनी - कितनी राशि प्राप्त हुई? वर्षवार, जानकारी बतावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार केन्द्रांश एवं राज्यांश के रूप में प्राप्त राशि किन-किन कार्यो में कितनी-कितनी खर्च हुई वर्षवार, जिलेवार सम्पूर्ण जानकारी बतावें? कितनी राशि शेष है तथा क्यों शेष है, कारण सहित बतावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।

नगर पंचायत पाटन स्थित गौठान में हुई घटना के संबंध में

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

76. (क्र. 894) श्री मोतीलाल साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सही है कि प्रश्न क्रमांक 701 के उत्तर दिनांक 12.02.2024 में पूरे प्रदेश में एकमात्र गौठान ग्राम-फुण्डहर में हाथ फ्रेक्चर की घटना दिनांक 06.01.2021 को नवीन गोकाष्ठ मशीन पर कार्य करने के दौरान हुई असावधानी के कारण श्रीमती एलिना रिबेलो के दाहिने हाथ के अंगुली में चोट लगने की जानकारी दी गई थी?**(ख)** यदि हां, तो क्या यह सही है कि नगर पंचायत, पाटन के गौठान में दिनांक 26 अप्रैल, 2022 को देवेन्द्र मारकण्डे पिता सतउ मारकण्डे, जहां वे प्लेसमेंट कर्मचारी थे, जिसकी गौठान में कार्य के दौरान दोपहर लगभग 03.00 बजे गौठान में ही करंट लगने से मौत हो गयी थी? **(ग)** यदि हां, तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पंचायत,पाटन के द्वारा जानकारी को छुपाया गया ? क्या उक्त घटना विभाग के लापरवाही के चलते हुई? क्या उक्त श्री देवेन्द्र मारकण्डे के परिवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 04 लाख रूपये का सहयोग प्रदान किया गया। यदि हां, तो उत्तर में उपरोक्त घटना की जानकारी क्यों छुपाया गया? जानकारी छुपाने हेतु कौन जिम्मेदार है तथा उस पर क्या कार्यवाही की जावेगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हाँ । **(ख)** नगर पंचायत पाटन, जिला दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार "नगर पंचायत, पाटन अंतर्गत गोठान तथा कम्पोस्टिंग शेड पृथक-पृथक स्थान पर स्थित है । संबंधित श्री देवेन्द्र मारकण्डे पिता सतउ मारकण्डे की दिनांक 26 अप्रैल, 2022 को दोपहर लगभग 03:00 बजे कम्पोस्टिंग शेड के कार्य के दौरान मोटर में शार्ट सर्किट के कारण इलेक्ट्रिक करेंट लगने से मृत्यु हुई, ना कि गौठान के कार्य के दौरान। श्री देवेन्द्र मारकण्डे पिता सतउ मारकण्डे जुलाई 2019 से अप्रैल 2022 तक प्लेसमेंट कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। **(ग)** नगर पंचायत पाटन, जिला दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार "चूँकि मृत्यु गोठान में न होकर कम्पोस्टिंग शेड में हुई है, इस हेतु प्रश्न क्र. 701 के उत्तर में जानकारी निरंक प्रेषित की गई थी। श्री देवेन्द्र मारकण्डे के परिवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि रु. 4.00 लाख का सहयोग दिनांक 06.05.2022 को चेक क्र. 752505 के माध्यम से प्रदान किया गया है।" थाना प्रभारी, थाना पाटन, जिला दुर्ग से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार "मृतक श्री देवेन्द्र मारकंडे की मृत्यु मोटर में शार्ट शर्किट से के कारण जल जाने के कारण दुर्घटनावश इलेक्ट्रिक करेंट लगने के कारण मृत्यु हुई है । पंचान चश्मदीद गवाहन एवं परिजनों ने मृतक के मृत्यु में अन्य कोई शंका जाहिर नहीं किये हैं ।"

गृह निर्माण मंडल के द्वारा जिला-रायपुर अंतर्गत मकान निर्माण

[आवास एवं पर्यावरण]

77. (क्र. 896) श्री मोतीलाल साहू : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छ.ग. गृह निर्माण मंडल के द्वारा जिला रायपुर में कुल कितने मकान का निर्माण करवाया गया और कितने मकान हितग्राहियों को प्रदान किये गये? **(ख)** कितने मकान वर्तमान में विभाग के पास हैं और उनके आबंटन के लिए विभाग क्या प्रयास या कार्ययोजना बना रही है? **(ग)** कितने निर्माण कार्य निर्धारित समय समाप्त होने पर भी अपूर्ण है और कितने कार्य अपूर्ण स्थिति में बंद हैं?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के द्वारा जिला रायपुर में कुल 46268 मकान का निर्माण करवाया गया और 41267 मकान हितग्राहियों को प्रदान किये गये।**(ख)** वर्तमान में विभाग

के पास 5001 मकान है तथा इनके आबंटन के लिए विभाग द्वारा भवनों के मूल्य में छूट प्रदान कर, विशेष शिविर, होर्डिंग्स, रेडियों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर प्रयास किया जा रहा है।**(ग)** निर्माण कार्य की निर्धारित समय समाप्त होने पर भी 20 कार्य (4282 भवन) अपूर्ण (प्रगतिरत्) है तथा कोई भी कार्य अपूर्ण स्थिति में बंद नहीं है।

जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में विभाग द्वारा स्वीकृत किए गए विभिन्न कार्य

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

78. (क्र. 927) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में वित्तीय वर्ष 2024-25 में जून, 2024 तक आदिमजाति तथा अनुसूचितजाति विकास, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग द्वारा विभिन्न प्रयोजनों हेतु किन-किन कार्यों व सामग्री आपूर्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है? कार्यवार, राशिवार, आपूर्ति सामग्रीवार की विस्तृत जानकारी प्रदान करें। **(ख)** वित्तिय वर्ष 2024-25 में विभिन्न प्रयोजनों के संदर्भ में किन-किन सामग्री की आपूर्ति हेतु टेंडर किया जा चुका है?**(ग)** आदिमजाति तथा अनुसूचितजाति विकास, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग द्वारा प्रश्नांश (क) अंतर्गत जिला स्तर पर किन-किन योजनाओं व प्रयोजनों हेतु निर्माण व सामग्री आपूर्ति की प्रक्रिया की गई है या की जा रही है। कार्यवार, राशिवार, आपूर्ति सामग्रीवार विस्तृत जानकारी प्रदान करें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में वित्तीय वर्ष 2024-25 जून, 2024 तक आदिमजाति तथा अनुसूचितजाति विकास, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग द्वारा सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग/ट्रीटमेन्ट के प्रयोजन हेतु राशि रूपये 1.95 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। **(ख)** वित्तीय वर्ष 2024-25 में किसी प्रयोजन के संदर्भ में सामग्री की आपूर्ति हेतु टेंडर जारी नहीं किया गया है। **(ग)** प्रश्नांश ''क'' के अंतर्गत जिला स्तर पर योजनाओं व प्रयोजनों हेतु निर्माण व सामग्री आपूर्ति की प्रक्रिया नहीं की गयी है।

कृषि विकास एवं कल्याण विभाग द्वारा जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में स्वीकृत किए विभिन्न कार्य

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

79. (क्र. 928) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में वित्तीय वर्ष 2024-25 में जून, 2024 तक कृषि विकास एवं कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न प्रयोजनों हेतु किन-किन कार्यों व सामग्री आपूर्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है? कार्यवार, राशिवार, आपूर्ति सामग्रीवार की विस्तृत जानकारी प्रदान करें। **(ख)** वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न प्रयोजनों के संदर्भ में किन-किन सामग्री की आपूर्ति हेतु टेंडर किया जा चुका है? **(ग)** कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्रश्नांश-(क) अंतर्गत जिला स्तर पर किन-किन योजनाओं व प्रयोजनों हेतु निर्माण व सामग्री आपूर्ति की प्रक्रिया की गई है या की जा रही है? कार्यवार, राशिवार, आपूर्ति सामग्रीवार विस्तृत जानकारी प्रदान करें।

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : (क) जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में वित्तीय वर्ष 2024-25 में जून, 2024 तक कृषि विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत खण्ड प्रदर्शन, बीज उत्पादन एवं वितरण, सिंचाई पम्प वितरण, नलकूप प्रतिस्थापन तथा उथला नलकूप प्रतिस्थापन की स्वीकृति प्रदान की गई। योजनावार स्वीकृति के विरूद्ध आदान सामग्री की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** विभिन्न योजनाओं के प्रावधानों के अनुसार सामग्री आपूर्ति या अन्य कार्यो हेतु छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. एवं अन्य शासकीय संस्थाओं द्वारा प्रसारित दरों पर नियमानुसार प्रदायगी आदेश दिया जाता है अथवा कार्य कराया जाता है। इस हेतु विभाग द्वारा पृथक से निविदा आमंत्रित नहीं की गयी है। **(ग)** प्रश्नांश (क) अनुसार विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरासी"]

छत्तीसगढ़ सरकार पर कर्ज, ब्याज भुगतान की जानकारी

[वित्त]

80. (क्र. 929) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 30 जून, 2024 की स्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार पर कितना कर्ज है व प्रत्येक माह उक्त कर्ज पर कितना ब्याज चुकाया जा रहा है? इस भुगतान हेतु राशि की व्यवस्था किन किन माध्यमों से की जा रही है? **(ख)** दिसम्बर 2023 से जून, 2024 तक प्रदेश सरकार ने किस किस प्रयोजन हेतु किन-किन माध्यम से कितनी-कितनी राशि का कर्ज लिया है व इस भिन्न भिन्न कर्ज हेतु कितनी कितनी ब्याज की दर व रकम लौटने के लिए कितनी अवधि तय है? **(ग)** छत्तीसगढ़ सरकार की देनदारी को कम करने हेतु सरकार क़्या उपाय कर रही है।

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) 30 जून, 2024 की स्थिति में छत्तीसगढ सरकार पर 1,14,279 करोड़ का कर्ज है। वर्ष 2024-25 में ब्याज भुगतान हेतु बजट में 7,931 करोड़ प्रावधान है। देय ब्याज का भुगतान प्रतिमाह नहीं किया जाकर तिमाही अथवा छःमाही आधार पर किया जाता है। इस हेतु बजट में प्रावधान कर राशि की व्यवस्था की गई है। **(ख)** राज्य शासन द्वारा लिया गया ऋण, व्यय के लिए उपलब्ध कुल संसाधनों का भाग होता है। प्रश्नांकित अवधि में संस्थावार लिये गये ऋण की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र अनुसार''** हैं। **(ग)** देनदारी को कम करने हेतु सरकार द्वारा राज्य के संसाधनों से समुचित बजट प्रावधान प्रतिवर्ष किया जाता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौरासी"]

धरसींवा विधान सभा क्षेत्रांतर्गत स्टोन क्रेशर उद्योगों के द्वारा क्षेत्र में पर्यावरण उपयोगी कार्य

[आवास एवं पर्यावरण]

81. (क्र. 943) श्री अनुज शर्मा : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सही है कि धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रेशर उद्योगों के द्वारा क्षेत्र एवं आसपास पर्यावरण संतुलन एवं सौन्दर्यीकरण हेतु विभिन्न रकबों में वृक्षारोपण किया गया था? यदि हां तो इन वृक्षों की देखभाल की जवाबदारी किसकी है? **(ख)** क्या वर्तमान में इन स्टोन क्रेशर उद्योगों के द्वारा वर्ष 2023 से जून, 2024 तक अपने कार्य क्षेत्र के आस-पास के ग्रामों में किसी प्रकार का जन/पर्यावरण उपयोगी कार्य कराया गया है? यदि हां तो कार्य का ग्रामवार एवं उद्योगवार विवरण देवें। **(ग)** विभाग के निर्धारित मापदंडों के पालन हेतु इन उद्योगो की जांच वर्ष 2023 से जून, 2024 तक कब-कब की गई ? उद्योगवार एवं विवरण देवें?

वित्त मंत्री (श्री ओ. पी. चौधरी) : (क) जी हॉ। इन वृक्षों की देखभाल की जवाबदारी क्रेशर उद्योग एवं रायपुर क्रेशर संचालक एसोसिएशन की है।**(ख)** जी हॉ। **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है।**(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चासी"]

दंतेवाड़ा जिले में जैविक खेती हेतु प्रोत्साहन योजना

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

82. (क्र. 955) श्री चैतराम अटामी : क्या आदिम जाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या दंतेवाड़ा जिले को शासन के द्वारा जैविक जिला घोषित किया गया है? यदि हां, तो क्या जैविक फसल के उत्पादन को प्रोसाहित करने हेतु दर बढ़ाने की शासन की कोई योजना है? यदि हां, तो फसलों का समर्थन मूल्य क्या होगा ? क्या जैविक उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराए जायेंगे तथा क्या जैविक उत्पादों के लिए ब्रांडिंग और पैकेजिंग की कोई व्यवस्था की जावेगी?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : दंतेवाड़ा जिले को जैविक जिला घोषित नहीं किया गया है, अपितु दंतेवाड़ा जिला को जैविक जिला के रूप में विकसित किये जाने के समन्वित प्रयास किया जा रहा है। जैविक फसल के उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु दर बढ़ाने की शासन की कोई योजना नही है,

अपितु जैविक खेती के प्रोत्साहन हेतु केन्द्र प्रवर्तित परम्परागत कृषि विकास योजना, वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण कार्यक्रम एवं राज्य पोषित जैविक खेती मिशन संचालित है। वर्तमान में जैविक फसलों का समर्थन मूल्य निर्धारित नही है। जैविक उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने हेतु जैविक प्रमाणीकरण, जैविक उत्पादक कृषकों का कृषक उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) संगठित करना, जैविक उत्पादों का प्रसंस्करण एवं ''आदिम'' ब्राण्ड अंतर्गत ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग कर मार्केट लिंकेज हेतु व्यवस्था की जा रही है, साथ ही स्थानीय हाट बाजारों में ''जैविक जोन'' को चिन्हांकित कर जैविक सब्जी एवं अन्य उत्पादों के विक्रय के लिये व्यवस्था प्रदाय की जा रही है ताकि जैविक उत्पादो हेतु कृषको को अधिकतम मूल्य प्राप्त हो सके।

तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट - एक

तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 899) की जानकारी

प्रपत्र

छ.ग. वित्तीय अधिकारों की पुस्तक (भाग–2) 1995 कृषि विभाग अंतर्गत प्रदत्त वित्तीय अधिकार

क्र.	विवरण	प्राधिकारी सक्षम	वित्तीय अधिकार की सीमा	रिमार्क
1	2	3	4	5
*1.	अतिशेष भंडार (अनाज एवं बीज सहित) के निबटारे की स्वीकृति	1. अतिरिक्त संचालक	पूर्ण शक्तियाँ	–
		2. संयुक्त संचालक	रू. 30,000 तक	–
		3. उप संचालक	रू. 10,000 तक	–
		4. परियोजना कार्यपालन अधिकारी, रायपुर / कृषि यंत्री	रू. 10,000 तक	–
2.	फार्म / उद्यान की फसल की आम नीलामी की स्वीकृति	1. संचालक / अतिरिक्त संचालक	पूर्ण शक्तियाँ	–
		2. संयुक्त संचालक	प्रत्येक प्रकरण में रू. 60,000 तक	–
		3. उप संचालक / परियोजना कार्यपालन अधिकारी, रायपुर	प्रत्येक प्रकरण में रू. 20,000 तक	–
		4. अनुसंधान एवं विकास शाखा के प्रमुख	रू. 4,000 तक	–
		5. सहायक कृषि यंत्री / सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी / उप संभागीय कृषि अधिकारी / द्वितीय श्रेणी अधिकारी जो योजनाओं का स्वतंत्र प्रभार	प्रत्येक प्रकरण में अनुमानित मूल्य रू. एक हजार तक	–
3.	फार्म एवं उद्यानों में के अतिशेष पशुधन का निबटारा करने की स्वीकृति प्रदान करना	1. संचालक / अतिरिक्त संचालक	पूर्ण शक्तियाँ	–
		2. संयुक्त संचालक	पुस्तकीय मूल्य रू. 20,000 तक	–
		3. उप संचालक / परियोजना कार्यपालन अधिकारी, रायपुर	पुस्तकीय मूल्य रू. 10,000 तक	–
4.	बोली का अनुमोदन करने की शक्ति	1. संचालक / अतिरिक्त संचालक	पूर्ण शक्तियाँ	–
		2. संयुक्त संचालक	रू. 40,000 तक	–
		3. उप संचालक	रू. 20,000 तक	–
		4. कृषि यंत्री	रू. 20,000 तक	–
		5. अनुसंधान तथा विकास शाखा में प्रमुख	रू. 20,000 तक	–
5.	सुरक्षित स्टॉक की सीमा का निर्धारण	संचालक / अतिरिक्त संचालक	रू. 40,000 तक	–
6.	आकस्मिक खर्च की स्वीकृति निम्न क्रय हेतु– (क) उपकरण (ख) फार्म मशीनरी (ग) साधन (घ) फर्नीचर (ङ) अतिरिक्त पुर्जे (च) अन्य भण्डार	1. संचालक	पूर्ण शक्तियाँ	इसमें फर्नीचर, एयर कूलर्स, वाटर कूलर्स, एयर कंडीशनर्स, कम्प्यूटर तथा पेरीफेरल्स सम्मिलित नहीं है।
		2. अतिरिक्त संचालक	रू. 50,000 तक	
		3. संयुक्त संचालक / उप संचालक / परियोजना कार्यपालन अधिकारी, रायपुर / कृषि यंत्री / कृषि यंत्री (अनुसंधान)	20,000 तक	
		4. सहायक कृषि / सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी / उप संभागीय कृषि अधिकारी तथा अन्य द्वितीय श्रेणी अधिकारी जो योजना का स्वतंत्र प्रभार रखते हैं	5,000 तक	
7.	खाद्य एवं चारे का क्रय	1. फार्म / उद्यान के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के अधिकारी	पूर्ण शक्तियाँ	–
		2. सहायक कृषि यंत्री / सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी / उप संभागीय कृषि अधिकारी जो योजना का स्वतंत्र प्रभार रखते हैं।	प्रत्येक मद में रू. 2000 तक	–

क्र.	विवरण	प्राधिकारी सक्षम	वित्तीय अधिकार की सीमा	रिमार्क
1	2	3	4	5
8.	कार्यालयीन उपयोग हेतु भंडार के क्रय की मंजूरी जैसे गिलास, पानी के बर्तन इत्यादि	1. अतिरिक्त संचालक	पूर्ण शक्तियाँ	–
		2. संयुक्त संचालक	रू. एक हजार प्रति वर्ष	–
		3. उप संचालक	रू. आठ सौ प्रति वर्ष	–
		4. परियोजना कार्यपालन अधिकारी, रायपुर	रू. छह सौ प्रति वर्ष	–
		5. कृषि यंत्री	रू. छह सौ प्रति वर्ष	–
		6. सहायक यंत्री/सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी/उप–खण्डीय कृषि अधिकारी/द्वितीय श्रेणी अधिकारी जो योजना का स्वतंत्र प्रभार रखते हैं	रू. पांच सौ प्रति वर्ष	–
9.	भूमि संरक्षण कार्य के एस्टीमेट तथा प्रोजेक्ट की तकनीकी	1. सयुक्त संचालक	पूर्ण शक्तियाँ	–
		2. उप संचालक/संभागीय भूमि	रू. 3.5 लाख तक	–
		3. परियोजना कार्यपालन अधिकारी	रू. तीन लाख तक	–
		4. सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी	रू. पचास हजार तक	–
10.	भूमि संरक्षण कार्यों के एस्टीमेट्स तथा प्रस्तावों को प्रशासकीय मंजूरी देना (तकनीकी अनुमोदन के बाद)	1. संचालक/अतिरिक्त संचालक	पूर्ण शक्तियाँ	–
		2. संयुक्त संचालक	रू. 4 लाख तक प्रति कार्य	–
		3. उप संचालक/संभागीय भूमि संरक्षण अधिकारी/परियोजना कार्यपालन अधिकारी	रू. 3 लाख तक प्रति कार्य	–
11.	टूल्स एवं प्लांट्स के मरम्मत के एस्टीमेट्स की मंजूरी	संयुक्त संचालक/उप संचालक/कृषि यंत्री	रू. 6,000 तक	–
12.	कार्य के निष्पादन की मंजूरी देने की शक्ति	1. संचालक/अतिरिक्त संचालक	रू. 40,000 तक प्रति कार्य	–
		2. संयुक्त संचालक	रू. 20,000 तक प्रति कार्य	–
		3. उप संचालक/परियोजना कार्यपालन अधिकारी, रायपुर	रू. 10,000 तक प्रति कार्य	–
		4. नियंत्रण अधिकारी	रू. 10,000 तक प्रति कार्य	–

(विकास मिश्रा)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा
जैव प्रौद्योगिकी विभाग

डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) मद अंतर्गत व्यय की जानकारी

(राशि रू. लाख में)

क्र.	जिला का नाम	विकासखंड	डीपीआर हेतु प्रावधानित राशि	डीपीआर निर्माण हेतु जिलों को प्रदाय राशि	डीपीआर निर्माण की व्यय राशि				एजेंसी का नाम
					2021–22	2022–23	2023–24 (जून 2024 तक)	कुल व्यय	
1	बालोद	गुरूर	8.45	4.00	0.00	3.97	0.00	3.97	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
2	बेमेतरा	साजा	11.57	4.00	0.00	4.00	0.00	4.00	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
3	बेमेतरा	साजा	16.06	4.00	0.00	4.00	0.00	4.00	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
4	दुर्ग	पाटन	13.27	4.00	0.00	3.75	0.00	3.75	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
5	दुर्ग	दुर्ग	17.44	4.00	0.23	3.76	0.00	3.99	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
6	कबीरधाम	बोडला	9.07	4.00	0.61	3.36	0.00	3.97	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
7	कबीरधाम	पण्डरिया	14.06	4.00	0.12	3.81	0.00	3.93	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
8	राजनांदगांव	अंबागढ़ चौकी	11.43	4.00	0.00	4.00	0.00	4.00	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
9	राजनांदगांव	मानपुर	19.60	4.00	0.00	3.99	0.00	3.99	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
10	बिलासपुर	कोटा	14.90	4.00	0.00	3.99	0.00	3.99	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
11	जांजगीर–चांपा	सक्ति	7.86	4.00	0.00	3.99	0.00	3.99	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
12	कोरबा	पोड़ीउपरोड़ा	11.79	4.00	0.00	3.88	0.00	3.88	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
13	कोरबा	पाली	9.93	4.00	0.00	3.85	0.00	3.85	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
14	मुंगेली	मुंगेली	14.50	4.00	0.00	4.00	0.00	4.00	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
15	रायगढ़	घरघोड़ा	9.92	4.00	0.00	4.00	0.00	4.00	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
16	रायपुर	तिल्दा	15.22	4.00	0.00	4.00	0.00	4.00	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
17	बलौदाबाजार	कसडोल	11.34	4.00	0.00	4.00	0.00	4.00	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
18	धमतरी	मगरलोड	13.58	4.00	0.00	4.00	0.00	4.00	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
19	महासमुंद	महासमुंद	15.26	4.00	0.23	2.75	0.00	2.98	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
20	महासमुंद	पिथौरा	14.90	4.00	0.66	3.34	0.00	4.00	परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी
